3 राजधानी
शीघ्र होगी होमगार्ड जवानों की भर्ती

6 अभिमत
नाटो के सामने दोहरी रणनीतिक चुनौती

9 राष्ट्रीय
शांति और विकास के रस्ते पर आगे बढ़ रहा जम्मू कश्मीर

10 विदेश
जी-20 वार्ता में सुनाई देगी यूक्रेन युद्ध की गूंज

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 257
लखनऊ, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



चोटिल नडाल फ्रिट्ज को हरा सेमीफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# नई पीढ़ी के भविष्य की बुनियाद है नई शिक्षा नीतिः मोदी

● कहा, अंग्रेजों ने अपनी जरूरतों के लिए सेवक वर्ग तैयार करने को बनाई थी शिक्षा व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंग्रेज हुकूमत ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के मकसद से एक सेवक वर्ग तैयार करने के लिए शिक्षा व्यवस्था बनाई थी। आजादी के बाद उसमें बहुत सा बदलाव बाकी रह गया, जिसमें नई शिक्षा नीति के जरिए बदलाव लाकर नई पीढ़ी को आने वाले कल के लिए तैयार करने की जमीन बनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भी मौजूद थे। मोदी ने कहा पहले पढ़ाई की ऐसी व्यवस्था बनाई गई थी जिसमें शिक्षा का मकसद केवल और केवल नौकरी पाना ही था। अंग्रेजों ने अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए, अपने लिए सेवक वर्ग तैयार करने के लिए, वह शिक्षा व्यवस्था दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के बाद इसमें थोड़ेबहुत बदलाव हुए थे लेकिन बहुत सारा बदलाव रह गया। अंग्रेजों की बनाई हुई व्यवस्था कभी भी भारत के मूल स्वभाव का हिस्सा नहीं थी और न हो सकती है। उन्होंने कहा हमारे देश में शिक्षा में अलग-अलग कलाओं की धारणा थी। बनारस ज्ञान का केंद्र केवल इसलिए नहीं था कि यहां अच्छे गुरुकुल और शिक्षण संस्थान थे बल्कि इसलिए था क्योंकि यहां ज्ञान और शिक्षा बहुआयामी थी। शिक्षा में यही व्यवस्था हमारी शिक्षा व्यवस्था का प्रेरणास्रोत होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम केवल डिग्री धारक युवा तैयार न करें बल्कि देश को आगे बढ़ने के लिए जितने भी मानव संसाधनों की जरूरत है, वह शिक्षा व्यवस्था अपने देश को उपलब्ध कराएं। इस संकल्प का नेतृत्व हमारे शिक्षक और शिक्षण संस्थानों को करना है। प्रधानमंत्री ने शिक्षा में आधुनिकता के साथ कदमताल की जरूरत पर जोर देते हुए कहा हमें यह पता होना चाहिए कि दुनिया आगे किस तरफ जा रही है, कैसे जा रही है और उसमें हमारा देश और हमारे युवा कहां हैं। आने वाले 15-20 सालों में भारत उन बच्चों के हाथों में होगा। उन्हें हम कैसे तैयार कर रहे हैं। यह हमारा बहुत बड़ा ( शेष पेज 4 )



वाराणसी में परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## देश को नई दिशा देगा शिक्षा समागमः पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि शिक्षा और शोध का, विद्या और बोध का इतना बड़ा मंथन जब सर्व विद्या के प्रमुख केंद्र काशी में होगा तो इससे निकलने वाला अमृत अवश्य देश को नई दिशा देगा। इस तीन दिवसीय शिक्षा समागम में 300 से अधिक कुलपति, उच्च शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक एवं शिक्षाविद शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य पिछले दो वर्षों में कई पहलों के सफल कार्यान्वयन के बाद देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने की नीतियों पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सात से नौ जुलाई तक चलने वाले तीन दिनों के इस समागम के कई सत्रों में बहु-विषयक और समग्र शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, डिजिटल सशक्तिकरण तथा ऑनलाइन शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता, ( शेष पेज 4 )

## शॉर्टकट से देश का भला नहीं हो सकताः प्रधानमंत्री

**सुशील कुमार मिश्र।** वाराणसी

● वाराणसी में 1774 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को 1700 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की सौगात दी। सिगरा स्टेडियम से उन्होंने 43 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पहले अक्षय पात्र रसोई का उद्घाटन और नई शिक्षा नीति पर आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम का शुभारंभ किया।

सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनसभा की शुरुआत पीएम मोदी ने हर-हर महादेव के उद्घोष के बाद भोजपुरी में की। सात वार और नौ त्योहार का जिक्र कर काशी की जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि काशी की आत्मा अविनाशी है, लेकिन काया में निरंतर नवीनता लाने के लिए हम जी-जान से प्रयास कर रहे हैं। हमारा प्रयास काशी को और ज्यादा गतिशील, प्रगतिशील और संवेदनशील बनाने का है। पीएम मोदी ने कहा कि काशी के जागरूक नागरिकों ने जिस तरह देश को दिशा देने वाला काम किया है, उसे देखकर मैं आनंदित हूं। काशी के नागरिकों ने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि शॉर्टकट से देश का भला नहीं हो सकता।

हां कुछ नेताओं का हो सकता है लेकिन न जनता का भला होता है और न ही देश का भला होता है। आज हम देख रहे हैं कि जब दूरगामी प्लानिंग होती है तो किस तरह नतीजे भी निकलते हैं। पिछले 8 वर्षों में काशी का इंफ्रास्ट्रक्चर कहां से कहां पहुंच गया है। इससे किसान, मजदूर, व्यापारी सभी को लाभ हो रहा है। व्यापार बढ़ रहा है, कारोबार बढ़ रहा है, पर्यटन में विस्तार हो रहा है। इससे पहले संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ( शेष पेज 4 )

## मतदान अधिकारी को पीटने के मामले में राजबब्बर को दो साल की सजा



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एमपी-एमएलए** कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मतदान अधिकारी को मारने-पीटने आदि के मामले में मुल्जिम राजबब्बर को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर छह हजार 500 का जुर्माना भी ठोंका है। वर्ष 1996 में हुए इस घटना के दौरान राजबब्बर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार थे। हालांकि अदालत ने कानूनी प्राविधानों के तहत सजा के बाद मुल्जिम राजबब्बर को जमानत पर रिहा कर दिया है। गुरुवार को विशेष अदालत ने इस मामले में राजबब्बर को आईपीसी की धारा 143, 332, 353 व 323 में दोषी करार दिया। जबकि आईपीसी की धारा 188 व 504 तथा क्रिमिनल अमेंडमेंट एक्ट की धारा 7 में दोषमुक्त कर दिया। इस दौरान मुल्जिम राजबब्बर अदालत में मौजूद रहे। सात मार्च 2020 को राजबब्बर के खिलाफ आरोप तय हुआ था। दो मई 1996 को इस मामले की एफआईआर ( शेष पेज 4 )

## वीवो इंडिया ने कर से बचने के लिए 62,476 करोड़ विदेश भेजेः ईडी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीनी स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो की भारतीय इकाई ने यहां पर कर देनदारी से बचने के लिए अपने कुल कारोबार का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा यानी 62,476 करोड़ रुपए विदेशों में भेज दिए। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि वीवो इंडिया ने भारत में कर देने से बचने के लिए अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा चीन एवं कुछ अन्य देशों में भेज दिया। विदेशों में भेजी गई राशि 62,476 करोड़ रुपए है जो उसके कारोबार का लगभग आधा हिस्सा है। ईडी ने कहा कि वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं इसकी 23 संबद्ध कंपनियों के खिलाफ बुधवार को चलाए गए सघन तलाशी अभियान के बाद उनके बैंक खातों में जमा 465 करोड़ रुपए की राशि जब्त की गई है। इसके अलावा 73 लाख रुपए की नकदी और दो किलोग्राम सोने की छड़ें भी जब्त की गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि वीवो के पूर्व निदेशक बिन लाऊने भारत में कई कंपनियां ( शेष पेज 4 )

## चीनी विदेश मंत्री से मिले एस जयशंकर सीमा पर गतिरोध खत्म करने पर जोर

● भारत ने कहा- द्विपक्षीय संबंध आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित पर आधारित होने चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी** लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सभी लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान करने के लिए भारत ने गुरुवार को चीन फिर बात की है। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि द्विपक्षीय संबंध आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित पर आधारित होने चाहिए।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को बाली में अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ जी20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के मौके पर एक घंटे की बैठक में भारत के रुख से अवगत कराया। जयशंकर ने ट्वीट किया कि बाली में मेरे दिन की शुरुआत चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक से हुई। एक घंटे तक चली चर्चा में सीमा की स्थिति से संबंधित द्विपक्षीय संबंधों के साथ साथ विशिष्ट अन्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों मंत्रियों के बीच छात्रों और उड़ानों सहित अन्य मामलों के बारे में भी बात हुई। जयशंकर और वांग दोनों पक्षों के बीच सीमा मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए अगले दौर की सैन्य वार्ता होने का इंतजार कर रहे हैं। लद्दाख सीमा से जुड़े ( शेष पेज 4 )


चीन के अपने समकक्ष वांग यी से वाली में भेंट करते विदेश मंत्री एस जयशंकर

## जुबैर की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के लिए उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में दर्ज एक मामले के संबंध में, उनकी जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने गुरुवार को कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश की मंजूरी के बाद मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। जुबैर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोन्जाल्विस ने सुनवाई के दौरान कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि जुबैर ऑल्ट न्यूज़ के सह-संस्थापक हैं और उनका काम समाचारों के तथ्यों की जांच करना है और वह नफरत भरे भाषणों की पहचान करने ( शेष पेज 4 )

## पावरग्रिड के कार्यकारी निदेशक समेत छह गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के एवज में रिश्वत लेने के मामले में हुई कार्रवाई

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने टाटा प्रोजेक्ट्स से जुड़े रिश्वत मामले में पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बीएस झा सहित निजी कंपनी (टाटा प्रोजेक्ट्स) के पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए निजी कंपनी के अधिकारियों में उसके कार्यकारी उपाध्यक्ष देशराज पाठक और सहायक उपाध्यक्ष आरएन सिंह शामिल हैं।

यह मामला निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के एवज में कथित रिश्वत लेने से संबद्ध है। सीबीआई ने बुधवार को 11 स्थानों पर चलाए गए तलाशी अभियान के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह अभियान गुरुवार को भी जारी रहा और इस दौरान झा के गुरुग्राम परिसर से 93 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि झा वर्तमान में ईटानगर में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि सीबीआई झा पर नजर रख रही थी और इसी दौरान सूचना मिली कि झा विभिन्न कार्यों के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स और अन्य कंपनियों के अधिकारियों से रिश्वत ले रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने अवैध रकम के लेन-देन वाले स्थान पर छापेमारी कर बुधवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि टाटा प्रोजेक्ट्स को विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित पूर्वोत्तर क्षेत्र विद्युत प्रणाली सुधार परियोजना के तहत अनुबंध दिया गया था। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र के बिजली बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए एक व्यापक योजना है। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी इस योजना के तहत सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र में काम कर रही है। टाटा प्रोजेक्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा, हम अपने सभी व्यापारिक लेनदेन में ( शेष पेज 4 )

## मादक पदार्थों की तस्करी में भारतीय मूल के मलेशियाई व्यक्ति को दी गई फांसी

**भाषा।** सिंगापुर

**भारतीय** मूल के मलेशियाई व्यक्ति कलवंत सिंह को मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में अंतिम क्षणों में सिंगापुर की शीर्ष अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद बृहस्पतिवार को फांसी की सजा दे दी गई। सिंह (31) को 60.15 ग्राम डायामॉर्फिन रखने और 120.9 ग्राम मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में 2013 में गिरफ्तार किया गया था। उसे 2016 में अदालत ने दोषी करार दिया गया था। सिंगापुर के अधिकारियों ने सिंह को मृत्युदंड देने का नोटिस 30 जून को जारी किया था और सात जुलाई को सजा की तामील होनी थी, जिसे रुकवाने के लिए बुधवार को कुआलालंपुर में सिंगापुर उच्चायोग के सामने प्रदर्शन करने के लिए मानवाधिकार सक्रियतावादी एकत्र हुए थे। मलेशियाई अखबार द स्टार में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, मानवाधिकार कार्यकर्ता कर्स्टन हान ने सिंह को दी गई मौत की सजा की पुष्टि की। सिंगापुर के चांगी जेल में सिंह के अलावा नोराशारी गौस ( शेष पेज 4 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,178 | ↑ | 427 | |
| निफ्टी | 16,132 | ↑ | 143 | |
| सोना | 50,551 | ↓ | 436 | /10g |
| चांदी | 56,750 | ↑ | 233 | /kg |

### क्विक न्यूज

**इस साल मॉनसून पूर्व मौसम भारत में दूसरा सबसे गर्म मौसम रहा**

**नई दिल्ली।** इस साल गर्मी के मौसम ने देश में मॉनसून पूर्व दूसरे सर्वाधिक गर्म मौसम के तौर पर 2016 का रिकार्ड तोड़ दिया, जबकि सर्दियों का मौसम या मॉनसून बाद के मौसम में तेजी से तापमान बढ़ रहा है। सेंटर फॉर साइंस एंड इन्वायरमेंट (सीएसई) के अर्बन लैब के नवीनतम विश्लेषण में यह कहा गया है। किए गए अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली में भू-सतह का तापमान 2010 से सर्वाधिक रहा है और शहर में तापमान के सभी तीन मानदंडों पर उम्मीद से अधिक तापमान दर्ज किया गया। गर्मी बढ़ने की प्रवृत्ति को समझने की कोशिश के तहत सीएसई ने सतह वायु तापमान, भू-सतह तापमान और सापेक्षिक आर्द्रता (उष्मा सूचकांक) की तापमान प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया।

## बुलेट ट्रेन परियोजना के प्रभारी सतीश अग्निहोत्री बर्खास्त

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेलवे** ने नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के प्रबंधक निदेशक सतीश अग्निहोत्री की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। वह सरकार की महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना के प्रभारी थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अग्निहोत्री का प्रभार एनएचएसआरसीएल के परियोजना निदेशक राजेंद्र प्रसाद को तीन महीने के लिए सौंपा गया है।

एनएचएसआरसीएल, भारत सरकार और हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भागीदार राज्यों का एक संयुक्त उद्यम है। यह मुंबई और अहमदाबाद के बीच सरकार की महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि अग्निहोत्री के खिलाफ आधिकारिक पद के दुरूपयोग और अनधिकृत तरीके से धन को एक निजी कंपनी को भेजने सहित कई आरोप हैं।

उन्होंने बताया कि अग्निहोत्री की सेवाएं समाप्त करने का फैसला लोकपाल अदालत के दो जून के आदेश के बाद आया है, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को एनएचएसआरसीएल के पूर्व प्रबंध निदेशक द्वारा एक निजी कंपनी के साथ एक दूसरे को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए कथित करार के आरोपों की जांच का आदेश दिया गया था। उन्होंने बताया कि अग्निहोत्री ने रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के सीएमडी के तौर पर नौ साल के अपने कार्यकाल के दौरान इन गतिविधियों को कथित तौर पर अंजाम दिया था। लोकपाल अदालत ने सीबीआई को यह पता लगाने का ( शेष पेज 4 )

## अग्निवीरों की भर्ती के लिए रैलियों का आयोजन अगस्त से

**लखनऊ।** प्रदेश में अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए भर्ती रैलियों का आयोजन इस साल अगस्त से होगा। रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने कहा, बरेली में भर्ती रैली 19 अगस्त से 15 सितंबर के बीच होगी। यह रैली आसपास के 12 जिलों को कवर करेगी। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर और आगरा में भर्ती रैलियां 20 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच मेरठ क्षेत्र के 13 जिलों और आगरा क्षेत्र के 12 जिलों को कवर करते हुए होंगी। इसी तरह लखनऊ क्षेत्र की भर्ती रैलियां कानपुर में 22 अक्टूबर से 10 नवंबर के बीच होगी और इसमें 13 जिलों को कवर किया जाएगा। अयोध्या जिले के फैजाबाद में भर्ती रैली 16 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच होगी और यह 13 जिलों को कवर करेगी और वाराणसी में भर्ती रैली 16 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच 12 जिलों को कवर करेगी।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पद छोड़ेंगे


लंदन में पत्रकारों को संबोधित करते ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन

● नए नेता के चुनाव तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटिश** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कंजर्वेटिव पार्टी का नेता पद छोड़ने की घोषणा करते हुए उदास हैं। उनकी इस घोषणा के बाद पार्टी के नए नेता का चुनाव किया जाएगा जो देश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे। जॉनसन (58) ने कहा कि जब तक पार्टी का नया नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, वह 10 डाउनिंग स्ट्रीट के प्रभारी बने रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी का सम्मेलन अक्टूबर में होना है और उस समय तक नए नेता के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी। जॉनसन ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री के सरकारी आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पद को छोड़ कर मैं कितना उदास हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के सदस्यों ने अन्य नेताओं का अनुसरण करते हुए व्यवहार किया। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से संसदीय कंजर्वेटिव पार्टी की इच्छा है कि पार्टी का एक नया नेता हो और इसलिए एक नया प्रधानमंत्री होगा। जॉनसन ने कहा कि वह पार्टी सांसदों के इस विचार से सहमत हैं कि नए नेता को चुनने की प्रक्रिया अभी शुरू होनी चाहिए और अगले सप्ताह इसके लिए समय सारिणी की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा, ... मैंने काम करने के ( शेष पेज 4 )

### उत्तराधिकारी की दौड़ में भारतीय मूल के ऋषि सुनक, प्रीति पटेल और सुएला भी

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटिश** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा दिए जाने के साथ ही नए प्रधानमंत्री के लिए दौड़ शुरू हो गई और भारतीय मूल के तीन उम्मीदवार इस पद के लिए प्रतिस्पर्धा को तैयार हैं। गोवा मूल की सुएला ब्रेवरमैन अभी ब्रिटिश कैबिनेट में अटॉर्नी जनरल हैं। वह उन शुरुआती सांसदों में हैं जिन्होंने इस दौड़ में औपचारिक रूप से शामिल होने की घोषणा की है। हाल ही में इस्तीफा देने वाले कैबिनेट मंत्री ऋषि सुनक और गृह मंत्री प्रीति पटेल जैसे भारतीय मूल के अन्य नेताओं को भी शीर्ष पद के लिए संभावित दावेदारों के तौर पर देखा जा ( शेष पेज 4 )


सुएला ब्रेवरमैन


ऋषि सुनक


प्रीति पटेल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र के वाराणसी आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

# द्रौपदी मुर्मू आज लखनऊ में, मांगेंगी सहयोग

## भाजपा की नजर राजाभैया, राजभर की पार्टी पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रपति** चुनाव में राजग की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू शुक्रवार को लखनऊ पहुंचेंगी और राष्ट्रपति चुनाव के लिए सहयोग मांगेंगी। इधर इस चुनाव को भगवा खेमे की निगाहें सहयोगियों के अलावा गैर भाजपाई वोटों पर हैं। पार्टी की रणनीति यूपी कोटे के वोटों में सपा को अलग छोड़ने की है। ऐसे में विपक्ष खासतौर से सपा के सामने एनडीए के खिलाफ एकजुटता बरकरार रखने की है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू यूपी में चुनावी समर्थन जुटाने शुक्रवार को लखनऊ आएंगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि वे दोपहर तीन बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगी। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व



ब्रजेश पाठक, अपना दल एस के नेता आशीष पटेल व निषाद पार्टी के नेता डा संजय निषाद सहित अन्य वरिष्ठ नेता उनकी अगवानी करेंगे। एयरपोर्ट पर मुर्मू के जोरदार स्वागत की तैयारियां की गई हैं। शाम छह बजे से वे लोकभवन में विधायक-सांसदों से मिलकर समर्थन मांगेंगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल के अलावा भाजपा और सहयोगी दलों निषाद पार्टी व अपना दल ;एसद्ध के सांसद.विधायक भी शामिल हैं। उनके रात्रिभोज की व्यवस्था मुख्यमंत्री आवास में की गई है। उनके स्वागत में एयरपोर्ट से लेकर पूरे शहर को होर्डिंगों से पाट दिया गया है। वहीं भाजपा कार्यालय में तैयारी बैठक भी हुई। दरअसल में राष्ट्रपति चुनाव में एक विधायक के वोट का मूल्य 208 मत और सांसद के वोट का मूल्य 700 मत है। विधानसभा में एनडीए के पास 273 विधायक हैं। वहीं राज्यसभा की 11 सीटों के लिए हुए चुनाव में आठ सीट जीतकर पार्टी ने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। द्रौपदी मुर्मू को प्रत्याशी बनाए जाने से बीजेपी ने दलितों-पिछड़ों और महिला उत्थान के नाम पर राजनीति करने वाले सभी दलों को असहज कर दिया है। यही कारण है कि बसपा सुप्रीमो मायावती पहले उन्हें समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं। अब भाजपा की नजर सुभासपा, जनसत्तादल लोकतांत्रिक के विधायकों पर भी है। शुक्रवार को ही बीजेपी प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में पार्टी के आगामी अभियानों व कार्यक्रमों पर चर्चा होगी। बैठक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से पार्टी कार्यालय पर होगी। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी सम्मिलित रहेगें। प्रदेश महामंत्री अश्वनी त्यागी ने बताया कि भाजपा प्रदेश मुख्यालय में सुबह 10 बजे प्रारम्भ होने वाली कार्ययोजना बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, आगामी अभियानों व कार्यक्रमों को प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल से लेकर बूथ तक की प्रभावी कार्ययोजना को अन्तिम रूप देंगे।

## खेलो इंडिया की पांच योजनाएं पूरी

**लखनऊ।** प्रदेश में युवाओ के समग्र विकास के लिए वातावरण बनाने में योगी आदित्यनाथ सरकार की ओर से कई सफल व दूरगामी कदम उठाए गए हैं। इनमें खेल और शारीरिक सौष्ठव को प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाओं को सरकार के दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में पूरा किया गया है। युवाओं के जीवन व भविष्य में खेलों के महत्व को रेखांकित करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को राजपत्रित पदों पर नियुक्ति के लिए नियमावली प्रख्यापित की गई है। मेरठ में आकार ले रही मेजर ध्यानचंद खेल विवि के लिए कुलपति, कुलसचिव और वित्त अधिकारी के पद स्वीकृत कर दिये गए हैं।

## ऊर्जा मंत्री ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

# त्योहारों को देखते हुए क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, जर्जर तार ठीक किए जाएं



- 25 से 31 जुलाई तक बिजली महोत्सव, ऊर्जा दिवस के आयोजन की तैयारियां की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी डिस्कॉम के एमडी को निर्देशित किया है कि आने वाले दिनों में त्योहारों के दृष्टिगत गांव व शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न होए इसके लिए अभी से जरूरी तैयारी कर ली जाए। साथ ही जहां कहीं पर भी क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, जर्जर तार एवं पोल व लटकते तारों की स्थिति अभी भी बनी हुई हो उसे शीघ्र ही ठीक कर लिया जाए जिससे बकरीद, नागपंचमी, रक्षाबंधन व गणतंत्र दिवस आदि त्यौहार के दौरान लोगों को लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग, विद्युत आपूर्ति बाधित जैसी परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि 14 जुलाई से श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा शुरू होगी। इस दौरान कांवड़ यात्रा करने वालों को रास्ते में किसी भी प्रकार की परेशानी ना होए इसके लिए कांवड़ यात्रा के मार्ग पर लटकते तारों व जर्जर पोल को शीघ्र ठीक किया जाएए जिससे कोई दुर्घटना न होने पाए। ऊर्जा मंत्री शक्ति भवन में एकमुश्त समाधान योजना, बिजली आपूर्ति, बिजली व्यवस्था एवं राजस्व वसूली को लेकर सभी डिस्कॉम के एमडी एवं पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी एमडी यह सुनिश्चित कर लें कि एकमुश्त समाधान योजना को 15 जुलाई से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। उन्होंने ओटीएस योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि योजना के लिए अब मात्र 8 दिन शेष बचे हैं। इसके लिए उन्होंने 5 हजार प्रतिदिन प्रति सर्कल का लक्ष्य निर्धारित किया और कहा कि सर्कल स्तर पर निर्धारित लक्ष्य को पूरा न करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए उन्होंने सर्कल स्तर के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और निचले स्तर के अधिकारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ओटीएस योजना में गति लाने व लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मैन पावर बढ़ाने तथा ट्रांसफर अधिकारियों की नई तैनाती स्थल पर शीघ्र ज्वाईन कराने के भी निर्देश दिए। योजना की सूचना लोगों को देने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करने के साथ अन्य प्रचार सामग्री का भी प्रयोग किया जाए। लोगों को अभी योजना के बारे में जानकारी नहीं है। मेरे पास इसके फरियादी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को इसकी जानकारी देने के लिए सोशल मीडिया पर जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाइल नंबर के साथ नजदीकी केंद्रों की जानकारी भी दी जाए जिससे कि उन्हें आसानी से योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने संत कबीर नगर के बिजली अधिकारियों को अपने कार्यप्रणाली में सुधार करने की चेतावनी दी और कहा कि जो भी अधिकारी ओटीएस के निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं करेगा उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ता हित में शनिवार एवं रविवार को भी कार्य करने के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं को चिन्हित कर सूची बना लें।

## 100 दिनों में कई सिंचाई योजनाएं पूरी हुईं

**लखनऊ।** उप्र में किसानों के जीवन में खुशहाली लाने की दिशा में पूरे प्रदेश में सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। इसके फलस्वरूप, प्रदेश में कुल कृषि योग्य क्षेत्रफल 188.40 लाख हेक्टेयर में कुल सिंचित क्षेत्रफल 143.32 लाख हेक्टेयर पहुँच गया है। सरकार के दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में बाढ़ से बचाव के लिए विभिन्न जनपदों में 591 करोड़ की 62 परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं। झांसीके बबीना ब्लॉक के 15 ग्रामों में 247 करोड़ की सिंचाई परियोजना पूर्ण हुई व 4400 हेक्टेयर सिंचन क्षमता से लगभग 5240 किसान लाभान्वित हुए हैं। 150 करोड़ की लागत से कानपुर देहात की उमरहट पंप नहर परियोजना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इससे 19.630 हेक्टेयर सिंचन क्षमता का सृजन हुआ है और लगभग 2 लाख कृषक लाभान्वित हुए हैं। गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या और देवीपाटन मंडलों के 135 नलकूपों तथा कानपुर, झांसी और बांदा मंडलों के 104 नलकूपों का आधुनिकीकरण किया गया है।

# देश को खामोश रहने वाला राष्ट्रपति नहीं चाहिए

## यशवंत सिन्हा ने सपा व रालोद के विधायकों से मिलकर मांगा समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रपति** पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा बृहस्पतिवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने सपा मुख्यालय में सपा और रालोद के विधायकों से मुलाकात की और समर्थन की अपील की। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी मौजूद रहे लेकिन सपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और उनकी पार्टी के विधायक इस बैठक में शामिल नहीं हुए। राजभर का कहना है कि उन्हें इस बैठक में बुलाया नहीं गया था।

उन्होंने इसे लेकर नाराजगी भी जतायी है। वर्तमान हालात को देखते हुए यह माना जा रहा है कि ओपी राजभर बगावती तेवर दिखा सकते हैं। सपा मुख्यालय में यशवंत सिन्हा के आगमन पर एक साझा प्रेस कांफ्रेंस का भी आयोजन किया गया। इस दौरान यशवंत सिन्हा ने अपना एजेंडा साफ किया कि उन्हें मतदाता वोट क्यों करें। उन्होंने राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से खुद को असंतुष्ट बताया। सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मेरा जिन दो चीजों को लेकर विरोध है उनमें एक तो कार्य करने की शैली और दूसरा उनकी नीतियां। उन्होंने कहा कि नोटबंदी इस सदी का सबसे बड़ा घोटाला है। सिन्हा ने कहा कि इस बार का राष्ट्रपति चुनाव असाधारण किस्म का है। वह इसलिए क्योंकि देश में जो हालात हैं उससे समाज कई हिस्सों में बंट गया है। बड़ी घटनाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप हो जाते हैं। देश में अशांत और असाधारण स्थिति है। संविधान के मूल्य खत्म किए जा रहे हैं। अगर ऐसे ही चलता रहा तो एक दिन संविधान अर्थहीन हो जाएगा। संविधान का कोई महत्व नहीं रहा। कहीं भी किसी भी फोरम पर जा सकते हैं। ऐसा लगता है कि आज कहीं पर भी इंसाफ नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि मैं पूरी जिम्मेदारी से यह कह सकता हूं कि अनुच्छेद 370 का मामला 2019 में सुप्रीम कोर्ट में आया है, उसकी सुनवाई कब होगी, यह पता नहीं है। सीएए का कानून आया। उसके खिलाफ भी लोग कोर्ट में गए। उसकी कब सुनवाई होगी, इसका भी कुछ पता नहीं हैं। बहुत सारे मामलों में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर लेता है। बहुत से मामलों में अप्रत्याशित विलंब होता है। तो समाज को इंसाफ कैसे मिलेगा? ऐसा लगता है कि हुकूमत में बैठे लोग चाहते हैं कि समाज बंटे।

वोट की राजनीति हम लोग कहां तक ले जाना चाहते हैं। किस हद तक ले जाना चाहते हैं? सिन्हा ने कहा कि जो भी राष्ट्रपति बनेगा उसे संविधान मानना पड़ेगा। उसके अनुकूल काम करना पड़ेगा। उस पद की गरिमा के अनुकूल काम करना होगा। अगर मैं राष्ट्रपति बनूंगा तो संविधान के प्रति जवाबदेह रहूंगा। इसका यह मतलब नहीं हुआ कि प्रधानमंत्री के साथ चलेंगे। हां, प्रधानमंत्री के साथ बैठकर रास्ता निकाला जा सकता है।

# मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक व ट्रांसपोर्ट हब के लिए 1143 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपेक्स** मानीटरिंग अथारिटी फार नेशनल इंडस्ट्रियल कारिडोर डेवलपमेंट इम्प्लीमेंटेशन ट्रस्ट की पहली बैठक में यूपी की तरफ से औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारण ने की। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही 6 राज्यों के मुख्यमंत्री और 7 राज्यों के उद्योग मंत्रीगण प्रत्यक्ष व वर्चुअल शामिल हुए। बैठक के दौरान ही उत्तर प्रदेश में बढ़ रही औद्योगिक संभावनाओं, तेजी से बन रहे एक्सप्रेसवे और विकास परियोजनाओं को लेकर वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यों की तारीफ की। बैठक में देश में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोजेक्ट्स की प्रगति, रुकावटों व समस्याओं के समाधान पर व्यापक विमर्श हुआ। इससे सम्बन्धित अत्यंत महत्वपूर्ण सुझाव आए। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिभाग करते हुए औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि नोएडा में इंडस्ट्रियल टाउनशिप का कार्य तेजी से चल रहा है। छह कम्पनियों को भूमि का आवंटन किया जा चुका है। साथ ही साथ हमारे मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब दादरी नोएडा में ही आ रहा है। मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए नोएडा व दादरी में 1143 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। अगले महीने 205 एकड़ और भूमि पर अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

# जनहित में हो वक्फ सम्पत्तियों का उपयोग



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में विधान सभा के मुख्य भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निगम लिमिटेड लखनऊ के निदेशक मण्डल की 56 वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री ने वक्फसंपत्तियों के संरक्षण एवं उपयोगी बनाये जाने के निर्देश दिए और कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजनाओं का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि वक्फ संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और वक्फ संपत्तियों को बेहतर तरीके से उपयोग में लाया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए और कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार्य नहीं की जायेगी। परियोजना में मितव्यिता का भी ध्यान रखा जाए और धन का अपव्यय किसी भी दशा में न होने पाये। कार्यों को ससमय विधिवत पूरा किया जाए। वक्फ संपत्तियों का उपयोग जनहित में किया जाना आवश्यक है। बैठक में मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय कार्यदायी संस्था के रूप में निगम को आवंटित विभिन्न परियोजनाओं की कुल निर्माण लागत 15898.35 लाख के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि 5425.184 लाख का उपभोग कर लिये जाने के उपरान्त शेष धनराशि को यथाशीघ्र निर्गत किये जाने के निर्देश दिए गये।

## 13 एक्सप्रेसवे वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

# दुनिया के कई देशों से अधिक एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी देगा यूपी

- 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पित करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे नेटवर्क की आधारशिला रखी है। आने वाले समय में दुनिया के कई देशों से अधिक एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी प्रदेश में होगी। प्रदेश 13 एक्सप्रेसवे वाला देश का पहला राज्य बना है। 32 सौ किमी के कुल 13 एक्सप्रेसवे में से सात पर काम चल रहा है जबकि छह एक्सप्रेस वे संचालित हैं। 296 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकार्पित करेंगे। इसके माध्यम से बुंदेलखंड दिल्ली से सीधे जुड़ेगा। सीएम योगी ने पिछले पांच वर्षों में प्रदेश के



इंफ्रास्ट्रक्चर में आमूलचूल परिवर्तन किया है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन होते हैं और सड़कें तरक्की का आईना होती हैं। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सड़कों के कायाकल्प को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया है। गांव की गलियों से लेकर, ब्लॉक मुख्यालय, जिला मुख्यालय, दूसरे राज्यों और दूसरे देशों को जोड़ने वाले सड़कों का संजाल निर्मित किया गया है। 70 साल में केवल डेढ़ एक्सप्रेस वे बने थे। एनसीआर और पश्चिमी यूपी के लोगों की दशकों पुरानी मांग को डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे इसका उदाहरण है। साथ ही 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस वे का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा चुका है। यह एक्सप्रेसव वे न केवल पूरब और पश्चिम की दूरी को कम करेगा, बल्कि दिलों को भी जोड़ने का कार्य करेगा। इसके अलावा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे, गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट एक्सप्रेस वे और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है इसका लाभ सभी प्रदेशवासियों को मिलेगा। हाईवेज और एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक गलियारे भी बनाए जा रहे हैं। ये गलियारे तीव्र संतुलित और समावेशी विकास के साथ.साथ रोजगार की अपार संभावनाओं को गति देंगे। इसके लिए जमीनें चिह्नित की गई हैं। आपातकाल में वायु सेना के विमानों की लैंडिंग और टेक ऑफ के लिए हवाई पट्टियां भी बनाई जा रही हैं।

### पिछड़ेपन के दाग से बुंदेलखंड होगा मुक्त

**दशकों** से पिछड़ा बुंदेलखंड अब सीधे दिल्ली से जुड़ने वाला है। डीएनडी फ्लाईवे नौ किमी, नोएड-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे 24 किमी, यमुना एक्सप्रेस वे 165 किमी, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे 135 किमी और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे 296 किमी कुल 630 किमी की यात्रा दिल्ली से चित्रकूट तक निर्बाध गति से की जा सकेगी। बुंदलेखंड एक्सप्रेस वे लोगों को दिल्ली सहित अन्य राज्यों से भी जोड़ेगा। इससे चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया और इटावा आदि जिलों के लोग लाभान्वित होंगे। बुंदेलखंड के सीधा दिल्ली से जुड़ने का लाभ लोगों को मिलेगा और पिछड़ेपन के दाग से बुंदेलखंड मुक्त हो सकेगा।

## किन्नर वृद्धों को मिल रही नि:शुल्क आवासीय सुविधा

**लखनऊ।** प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्ध आश्रमों का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में निदेशक समाज कल्याण राकेश कुमार ने बताया कि पिछले 100 दिनों में समस्त 75 जनपदों के वृद्ध आश्रमों में किन्नर वृद्धों को भी नि:शुल्क आवासीय सुविधा अनुमन्य की गई है। उन्होंने बताया कि सभी जनपदों में वृद्ध आश्रमों में 150 वृद्धों के निवास हेतु नि:शुल्क आवासीयए भोजन एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम राखी श्रीवास्तव था। अब मैंने शादी के बाद समायरा शाह कर लिया हैं। मुझे अब से समायरा शाह के नाम से जाना पहचाना जाय। समायरा शाह पत्नी शोजब शाह नि0म0न0 385 सुल्तानपुर भावा, जी0टी0 नगर प्रयागराज

NOTICE

This is to inform that the spelling of my name is written Mohammad Ammar Ashfaqur Ansari S/o Ashafaque Ansari M/o Daraksha Ashpaque in ICSE Certificate which is incorrect. While Correct name is Mohammad Ammar Ashafaq Ansari S/o Ashafaq Ansari M/o Darakshan Ashafaq R/o H.N-300, Nai Basti Badarka, Sadar, Azamgarh for all purposes.

सूचना

मैं मेजर राजेश कुमार सेवा संख्या जे0सी0 – 413464 के सूब. दार 54 UP BN NCC कानपुर, मेरी पत्नी का नाम आर्मी डाकूमेंट में रेनू कुमारी है जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, इत्यादि में रेनू जसरोटिया है, यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, अतः भविष्य में मेरी पत्नी को रेनू जसरोटिया के नाम से जाना पहचाना जाये।

पब्लिक नोटिस

पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति श्री विनय कुमार कपूर के पक्ष में निर्गत मकान सं0 ई-1938, राजाजीपुरम, लखनऊ-226017 का मूल आवंटन पत्र दिनांक 25.06.2022 को कहीं गिर गया है। यदि किसी सज्जन को उक्त मूल आवंटन पत्र प्राप्त होता है तो अनुरोध है कि इस नोटिस के 10 दिनों के अन्दर निम्नलिखित पते पर सूचित करें। उसके बाद सेट आवंटन पत्र अवैध माना जाएगा।

नीलू कपूर पत्नी स्व0 विनय कुमार कपूर, निवासिनी-ए-1938, राजाजीपुरम, लखनऊ-226017, मो0 9695001719

आवश्यकता है

आवश्यकता है

सुन्नी इण्टर कालेज लखनऊ (अल्पसंख्यक संस्था सहायता प्राप्त) मे एक सामान्य पद प्रशिक्षित स्नातक (एल0टी0) वेतन कम 9300–34800 ग्रेड पे 4600/– तथा दो पद सम्बद्ध प्राइमरी वेतन कम 9300–34800 ग्रेड पे 4200/– आवेदन पत्र आमन्त्रित हैं शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता–इण्टरमीडिएट शिक्षा (संशोधित) अधिनियम 1921 के परिशिष्ट– क– मे वर्णित प्राविधानानुसार योगयता तथा टी ई टी अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदन पत्र विद्यालय कार्यालय से प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं प्राप्त आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से प्रकाशित विज्ञापन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रबंधक सुन्नी इण्टर कालेज विक्टोरिया गंज लखनऊ मे प्रेषित किये जा सकते हैं।

मोहम्मद फसी सिद्दीकी, प्रबंधक
सुन्नी इंटर कॉलेज, विक्टोरियागंज लखनऊ

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचना दी जाती है कि मेरे मुवक्किल श्री शिव कुमार वर्मा पुत्र श्री उमेश चंद्र वर्मा जो कि प्लॉट नंबर D2/104, "D" टाइप, क्षेत्रफल 40.50 वर्ग मीटर,विभूति खंड,गोमती नगर,वार्ड चिनहट,परगना तहसील और जिला लखनऊ यू.पी.का ट्रांसफर डीड दिनांक 03.11.2015 के आधार पर मालिक हैं। जो एसआर– I,लखनऊ के कार्यालय में दस्तावेज संख्या 16862 के रूप में विधिवत पंजीकृत है,अपना मूल लीज डीड दिनांक 08.07.1994 जिसे एलडीए ने श्रीमती प्रभा दुबे पत्नी श्री राधा मोहन दुबे के पक्ष में निष्पादित किया था |जो एसआर–लखनऊ के कार्यालय में दस्तावेज संख्या 4325 के रूप में विधिवत पंजीकृत है,कहीं खो हो गई है। उसी संपत्ति का वित्त पोषण डीसीबी बैंक लिमिटेड,शाखा आशियाना,लखनऊ उ0प्र0के द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति में अधिकार, शीर्षक या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो नीचे दिए गए नंबर पर इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें। यदि उक्त अवधि के भीतर ऐसी कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होगी तो यह मान लिया जाएगा कि विचाराधीन संपत्ति सभी भारों से मुक्त है,जिसके लिए मेरे मुवक्किल यानी शिव कुमार वर्मा/डीसीबी बैंक लिमिटेड को किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।

NAVEEN KUMAR VERMA-Advocate
L.G.F No. 9, Krishna Tower -3, Pandit Nagar,
Near Kaiserbagh Bus Stop, Lucknow.
Mob.: +91 6204 506 185

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# बीमारियों से बचाने के लिए प्रभावित क्षेत्र में करे फागिंग

● अलीगंज के फतेहपुर में फैले संक्रामक रोग को लेकर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने नगर आयुक्त को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ में अलीगंज के फतेहपुर गांव में दूषित पेयजल के कारण क्षेत्र में फैले डायरिया जैसे गंभीर बीमारी से स्थानीय निवासियों की समस्याओं का संज्ञान लेकर नगर आयुक्त, लखनऊ इंद्रजीत सिंह को निर्देशित किया है कि प्रभावित क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारी दौरा करें और पीड़ित लोगों की हर संभव मदद करें, इसमें जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य कार्मिकों का भी सहयोग लिया जाए।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र में जब तक साफ पानी की आपूर्ति संचालित नहीं हो जाती, वहां पर साफ पानी की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए पेयजल टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। लोगों को और बीमारियों की चपेट में आने से बचाने के लिए नियमित रूप से प्रभावित क्षेत्र में फॉकिंग करायी जाए। उन्होंने कहा कि गत वर्षो में जहां पर भी ऐसी बीमारियां फैली हैं उन सभी स्थानों का स्थलीय निरीक्षण करा लिया जाए।

उन्होंने इस मामले में दोषी अधिकारियों तथा साफ सफाई में लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्था पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने इस सम्बन्ध में अवगत कराया है कि फतेहपुर गांव सेक्टर-बी अलीगंज की जलापूर्ति 2200 किलो क्षमता के ओवरहैड टैंक के माध्यम से की जाती है। ओवरहैड टैंक पर क्लोरीनेशन कराकर ही जलापूर्ति की जाती है। साथ ही गंदे पानी की सूचना प्राप्त होने पर जोन-3 के अधिशासी अभियन्ता द्वारा अपने स्टॉफ के साथ जाकर तत्काल निरीक्षण भी किया गया, जिसमें 2 उपभोक्ताओं के कनेक्शन नाली में क्षतिग्रस्त पाये गये, उनको तत्काल काटकर बन्द करा दिया गया।

गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर क्षेत्रीय अवर अभियन्ता (जल) से स्पष्टीकरण भी प्राप्त किया जा रहा है और मेसर्स सुएज इण्डिया प्रा. लि. को सीवर सफाई के कार्यों में विलम्ब व लापरवाही पर नोटिस जारी किया गया है। फतेहपुर गाँव, अलीगंज की सभी सीवर लाइनों की सफाई मेसर्स सुएज इण्डिया द्वारा करा दी गयी है।

## गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड एजुकेशन दिलायेगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**परिषदीय** विद्यालयों में पढ़ने वाले गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए राज्य सरकार होम बेस्ड एजुकेशन की व्यवस्था कर रही है। जिससे दिव्यांग बच्चों को आवागमन संबंधी परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए जिलों में तैनात स्पेशल एजुकेटर्स व फीजियोथेरेपिस्ट को जिम्मेदारी दी जा रही है। प्रदेश भर में गंभीर रूप से दिव्यांग 10181 बच्चों की पहचान की गयी है। इन बच्चों की पढ़ाई को लेकर समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक विजय किरन आनंद ने बीएसए को भेजे पत्र में निर्देश दिया है कि समेकित शिक्षा के तहत गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड एजुकेशन दी जानी है। इसके लिए जिला समन्वयक समेकित शिक्षा स्पेशल एजुकेटर्स व फीजियोथेरेपिस्ट से बच्चों की सूची लेकर एक सप्ताह में बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। निदेशक ने हर जिले में शिक्षण सामग्री खरीदने के लिए बीएसए की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। इसमें जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सदस्य सचिव, सहायक एवं वित्त लेखाधिकारी व जिला समन्वयक एमआइएस सदस्य होंगे। जिससे चिन्हित बच्चों को लर्निंग सामग्री व स्टेशनरी आदि भी 30 अगस्त तक मुहैया हो सके।

# 100 दिनों में चिकित्सा शिक्षा में 36371 पदों का सृजित

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीते 100 दिनों में किए गए उपलब्धियों पर रिपोर्ट जारी की। उन्होंने कहा कि मरीजों के उपचार के साथ रोजगार सृजन की दिशा में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत 100 दिन के लक्ष्य में चिकित्सा शिक्षा विभाग में 36371 पदों का सृजन किया गया है। जिसमें से 3007 पदों की भर्ती पूरी कर ली गई है। अन्य पदों पर प्रक्रिया चल रही है। लोकभवन में मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ के सरोजनीनगर में नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल का सेंटर खोला जाना है। उसके लिए ढाई एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। इसके लिए 1 करोड़ 19 लाख 993 रुपए का बजट पास किया गया है।

जुलाई के अंतिम सप्ताह में एनसीडीसी की प्रयोगशाला का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के राज्य कर्मचारी हमेशा मांग करते थे कि चिकित्सा सुविधा का लाभ मिले, इसके लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि तीसरी समस्या एंबुलेंस की थी। 108 एंबुलेंस को नए मॉडल में बदलने के साथ ही पुरानी एंबुलेस की जगह ऐसी 812 एंबुलेंस चलाई जाएंगी। यह काम संबंधित कार्यदाई संस्था को सौंप दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआईवी के लिए 21 नए जांच केंद्र खोले गए हैं, 6 और नए केंद्र खोले जा रहे हैं। चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण होने जा रहा है और 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण प्रस्तावित है। देवगांव अयोध्या में 50 बेड के अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि उन्होंने अपने विभाग के 100 दिनों के लक्ष्य को पूरी तरह से पूरा कर लिया है। उन्होंने बताया कि ट्रिपल मॉडल पर प्रदेश के 16 जनपदों में मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। इनमें बागपत, बलिया, भदोही, चित्रकूट, हमीरपुर, हाथरस, कासगंज, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मऊ, रामपुर, संभल, संतकबीरनगर, शामली और श्रावस्ती शामिल है। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस पाठ्यक्रम की सीटों में 600 सीटों का इजाफा किया गया है।

प्रदेश की कई मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के कुल 1350 सीटें बढ़ाई गई हैं। इनमें से 900 सीटें राजकीय क्षेत्र में और 450 सीटें निजी क्षेत्र में बढ़ाई गई हैं। उन्होंने बताया कि पीजी पाठ्यक्रम की 725 सीटे बढ़ाई गई हैं। नर्सिंग पाठ्यक्रमों की 2400 और पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की 600 सीटें बढ़ाई गई है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कम से कम 5 हजार नए रोजगार का सृजन किया गया है।

## चार शातिर चोर गिरफ्तार

**लखनऊ**। विकासनगर पुलिस ने अन्तर्राज्जीय गिरोह के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह ने राजधानी से सटे कई जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी बरामद हुई है और इलाके में हुई चार चोरी की घटनाओं से भी पर्दाफाश हुआ है। फिलहाल इनके अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार चोरी की घटनाओं को देखते हुए एक टीम का गठन कर चोरों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई गयी।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चार शातिर चोर चोरी की वारदात को अंजाम देने के फिराक में हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों शातिरों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सीतापुर निवासी रामतीरथ, प्रहलाद, भज्जू लाल उर्फ काना व रजनीश दिवेदी बताया। पुलिस ने इनके कब्जे से हजारों कीमत के सोने चांदी के जेवरात व नकदी बरामद की है।

# शीघ्र होगी महिला व पुरुष होमगार्ड्स जवानों की भर्ती

● होमगार्ड्स व कारागार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने गिनाईं 100 दिन की उपलब्धियां

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**होमगार्ड्स** एवं कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने योगी सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को अपने विभागों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रजापति ने बताया कि अब होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के मास्टाररोल ऑनलाइन बनने लगे हैं, इसमें मानवीय हस्तउक्षेप समाप्त हो गया है। इससे होमगार्ड के ड्यूटी भत्ते का भुगतान बिना देरी के होने लगा है।

होमगार्ड्स स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण भत्ता अब तक 260 रुपए प्रतिदिन था जबकि ड्यूटी भत्ता 786 रुपए प्रतिदिन था। अब इस प्रशिक्षण भत्ते को भी ड्यूटी भत्ते के बराबर करते हुए 786 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। प्रजापति ने बताया कि शेष लक्षित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जाएगा। इन कार्यों में होमगार्ड्स विभाग में रिक्तियों के सापेक्ष महिला एवं पुरुष होमगार्ड्स की भर्ती की प्रक्रिया शुरु की जाएगी। महिला होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को मातृत्व अवकाश की सुविधा भी शीघ्र प्रदान किए जाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25000 होमगार्ड्स जवान जो गृह विभाग से सम्बद्ध थे, साथ ही यूपी-112 के अन्तर्गत दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालक के रूप में 8924 होमगार्ड्स जवानों का वेतन पहले गृह विभाग से दिया जाता था। जिसे मुख्यमंत्री से बात कर अपने होमगार्ड्स विभाग से दिलाना सुनिश्चित कराया है और इसके लिए प्राविधानित 25 अरब 70 करोड़ के बजट की व्यवस्था गृह विभाग से होमगार्ड्स विभाग में करा दिया गया। जिससे कि जवानों को वेतन समय से दिया जा सके। कारागार विभाग के कार्यों का जिक्र करते हुए धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि केन्द्रीय कारागार इटावा एवं केंद्रीय कारागार बरेली को क्रियाशील किए जाने के लिए क्रमशः 300, 392 पदों का सृजन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कारागारों में आजीवन कारावास में निरुद्ध 500 बंदियों की रिहाई किए जाने के लक्ष्य के सापेक्ष 500 बंदियों की रिहाई आदेश निर्गत किए जा चुके हैं। प्रजापति ने बताया कि कैबिनेट के एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत आजीवन कारावास से दण्डित सिद्धदोष बंदियों की 60 वर्ष की उम्र सीमा पूरी किये जाने की बाध्यता समाप्त कर दी गयी है। अब बंदी आजीवन कारावास का समय 16 से 20 वर्ष पूरा कर रिहा हो सकता है। जिससे कम उम्र के बंदियों को लाभ प्राप्त होगा । इस संबध में 27 मई 2022 को शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

# 1.40 लाख बालिकाओं को मिला मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**प्रदेश** की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने गुरुवार को 100 दिवसों की उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट जारी की। लोकभवन में मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि 100 दिनों में 1.40 लाख बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित किया गया है। जबकि 50 हजार नवीन पात्र महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन योजना से जोड़ा गया है। इस प्रकार कुल 31.50 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। बेबी रानी मौर्य ने कहा कि योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने के लिए हर 15 दिन में प्रत्येक विकास खण्ड पर स्वावलंबन कैम्प लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नई सरकार के गठन के साथ ही अप्रैल से जून के मध्य 100 दिवसों में किये जाने वाले कार्यों को नियोजित रूप में करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और हमारा उद्देश्य था कि हम ऐसे लक्ष्य बनायें जो लाभार्थियों को सीधे तौर पर लाभान्वित करें। सरकार महिलाओं के मुद्दों के प्रति संवेदित है और विपरीत परिस्थितियों में जीवनयापन कर रही महिलाओं का हर संभव सहायता पहँचाने के लिए प्रयासरत् है। विभाग द्वारा मात्र 3 माहों में 50 हजार ऐसी महिलाओं को चिन्हित किया जो 18 वर्ष से उपर की है और किन्हीं कारणों से अपने पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला की श्रेणी में हैं, ऐसी सभी महिलाओं को पेंशन देने की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। इस योजना में वर्ष 2016-17 में लाभार्थी महिलाओं की संख्या 17.31 लाख थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर अब 31.50 लाख हो गई है।

# पर्यटकों के होम स्टे के लिए ग्रामीणों को किया जायेगा प्रशिक्षितः जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**प्रदेश के** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि पर्यटन विभाग ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रणनीति तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ ही सामाजिक, आर्थिक लाभ भी लोगों को प्राप्त होगा। इसके अलावा स्थानीय वस्तुओं, खान पान एवं जीवनशैली में कोई परिवर्तन किए बिना पर्यटकों को ग्रामीण जीवन की संस्कृति से रूबरू कराने के लिए व्यवस्था की जा रही है। उप्र. पर्यटन नीति-2018 के अंतर्गत ग्राम स्टे के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटकों को आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए सब्सिडी भी प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। सिंह ने कहा कि यूपी में अनेकों गांव जैसे कछपुरा एवं होलीपुरा-आगरा, कछरौठ-बुलन्दशहर, बरारा-फ तेहपुर सीकरी, बरोखर खुर्द-बांदा, शिवपुर-बस्ती, जरवल कस्बा-बहराइच आदि जनपदों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा अपने स्तर से पर्यटकों को सुविधा प्रदान किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से लोक संस्कृति तथा लोगों के पारम्परिक खान-पान, वेशभूषा, समृद्धि संस्कृति आदि के बारे में पर्यटकों को जानकारी देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यटन देश के सबसे बड़े सेवा उद्योगों में से एक है। किसी भी देश के आर्थिक विकास में पर्यटन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्यटन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। पर्यटन मंत्री ने यह भी बताया कि उप्र की गौरवशाली संस्कृति एवं धार्मिक विरासत एवं विविधता को जानने के लिए ग्रामीण पर्यटन एक सशक्त माध्यम साबित हो सकता है। इसके अलावा पर्यटकों को आसपास के पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थानों को जानने का भी मौका मिलेगा। इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विभाग ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

## मानव तस्करी से किशोरी मुक्त

**लखनऊ**। बीबीडी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर को गिरफ्तार करने का दावा किया है जो एक नाबालिग बच्ची को पढ़ाई और पैसे का लालच देकर मानव तस्करी के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार की दोपहर राजधानी की बीबीडी पुलिस नहर के पास वाहन चेकिंग कर रही थी तभी एक युवक दिखा जिसके साथ एक नाबालिग किशोरी थी। पुलिस को संदेह हुआ उसने उन्हें रोककर पूछताछ की तो किशोरी ने सारा सच बयां कर दिया। पुलिस हरकत में आयी और ततकाल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो यह बात साफ हो गयी कि वह उसे पढ़ाई और पैसा देने का लालच देकर साथ ले जा रहा था और फिर उसे बेचने का प्लान था। फिलाहल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने के प्रयास का मामला

# अदालत में आजम खान हुए पेश, आरोप पत्र की नकलें उपलब्ध कराई गईं

**विधि संवाददाता**। लखनऊ

**एमपी-एमएलए** कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मानहानि व विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास करने के एक मामले में मो. आजम खान को आरोप पत्र की नकलें उपलब्ध कराने का आदेश दिया। गुरुवार को विशेष अदालत के समक्ष मुल्जिम मोण् आजम खान पेश हुए थे। विशेष अदालत के आदेश के अनुपालन में आजम खान को आरोप पत्र की नकलें उपलब्ध कराई गईं। अदालत ने आजम खान पर आरोप तय करने के लिए 19 जुलाई की तारीख तय की है।

एक फरवरी 2019 को इस मामले की एफआईआर आल इंडिया मुस्लिम काउंसिल के अल्लामा जमीर नकवी ने आईपीसी की धारा 500 व 505 के तहत दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक मो आजम खान ने मंत्री रहते हुए अपने लेटर हेड व सरकारी मोहर का दुरुपयोग कर भाजपा, आरएसएस व मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी को मीडिया में बदनाम किया। राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर छवि धूमिल कर इनकी मान-प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाया। अपने मनगढंत बयानों से विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास किया। विवेचना के पश्चात आजम खान के विरुद्ध आईपीसी की धारा 500 व 505 ;2द्ध के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था। बीते आठ मार्च को विशेष अदालत ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए मुल्जिम आजम खान को तलब किया था।

## दुराचारी को आजीवन कारावास

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )**। पॉक्सो के विशेष जज अरविंद मिश्र ने एक नाबालिग युवती के साथ दुराचार करने के मामले में मुल्जिम पुन्नवासी उर्फ उदयराज को उम्र कैद की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 25 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 23 फरवरी 203 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना गोसाईगंज में दर्ज कराई थी। लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय व सुखेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक मुल्जिम ने 10 वर्षीय पीड़िता के साथ दुराचार किया था।

# राज्य कर्मचारियों ने महंगाई भत्ते के लिए उठाई आवाज

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**केन्द्रीय** कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत घोषणा के बाद भी राज्य कर्मचारियों को जनवरी 2022 से देय महंगाई भत्ते की किश्त की घोषणा न किये जाने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के प्रान्तीय अध्यक्ष इं हरि किशोर तिवारी एवं महामंत्री शिवबरन सिंह यादव द्वारा मुख्यमंत्री से तुरन्त घोषणा किये जाने की मांग की है।परिषद के अलावा इन मांगों को लेकर पेंषनर्स संघ सहित अन्य कई संगठनों ने हॉ में हॉ मिलते हुए मुख्यमंत्री से तत्काल राहत की मांग की है। परिषद के पदाधिकारियों द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि उसी शहर अथवा नगर में जहाँ केन्द्रीय कर्मचारी, पेंशनर व उसका परिवार निवास करता है। की अपेक्षा राज्य के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते व महंगाई राहत रोके जाने के कारण दोहरी मार पड़ रही है। एक ओर दैनिक जीवन के उपयोग में आने वाली वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है। वहीं कर्मचारी वर्ग को पूर्व से प्रदत्त लगभग एक दर्जन भत्ते पहले ही काटे जा चुके है। जिनके विषय में सरकार मौन साधे हुए है। अब प्रत्येक छमाही दिया जाने वाला महंगाइ भत्ता एवं पेंशनर्स का महंगाई राहत भी रोकना एक प्रकार से कर्मचारी पेंशनर्स समाज का उत्पीड़न है। हरि किशोर तिवारी ने महंगाई रोक पाने में असमर्थ सरकार से तुरन्त कर्मचारियों के लिए केन्द्र के समान 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता व पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत स्वीकृत किये जाने की पुरजोर मांग करते हुए मुख्यमंत्री से स्वयं हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होने वैश्विक महामारी के दौरान रोके गये भत्तों पर भी तुरन्त पुनर्विचार करते हुए प्रदेश के कर्मचारियों के हित में बहाल किये जाने की मांग की है।

# भारत सरकार 40 लाख रुपये की स्कॉलरशिप देगी सीएमएस छात्रों को

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के 10 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 40 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को चार लाख रूपये मिलेंगे। स्कॉलरशिप अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों में अंशिका श्रीवास्तव, देव यादव, दिव्यांश सिंह, कुश शंकर, लव शंकर, पलक शर्मा, प्रभव खेड़ा, रवीजा चंदेल, रिभव साहू एवं श्रेयस अग्रवाल शामिल हैं।

सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इन सभी मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इन मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सीएमएस के शैक्षिक वातावरण को दिया है। श्री शर्मा ने बताया कि इस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80,000 रूपये अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। सीएमएस गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के इन मेधावी छात्रों ने आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परीक्षा-2021 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए विज्ञान की उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप के लिए चयनित किया गया है।

## एकेटीयू में मना सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज का स्थापना दिवस

**लखनऊ**। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज का 5वां स्थापना दिवस समारोह गुरूवार को मनाया गया। इस दौरान संस्थान के पांच सालों की विकास यात्रा पर चर्चा की गयी। इन पांच सालों में हुए शोध, इनोवेशन, पेटेंट सहित अन्य उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र ने संस्थान के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह संस्थान इंजीनियरिंग के उभरते नये क्षेत्रों में छात्रों को न केवल दक्ष बना रहा है बल्कि नई तकनीक, नवाचार, उद्यमिता, शोध के जरिये अपनी अलग पहचान स्थापित कर रहा है। संस्थान ने पिछले पांच सालों में कई मील के पत्थर स्थापित किये। यहां से निकले छात्र देश के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। संस्थान के निदेशक प्रो एमके दत्ता ने सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के पांच सालों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान अब तक की उपलब्धियों शोध, नवाचार, पेटेंट आदि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान अपने उद्देश्यों को पूरा करते हुए आगे बढ़ रहा है। संस्थान में जहां नई तकनीक की बारिकियों से छात्रों को दक्ष बनाया जा रहा है तो वहीं समय-समय पर कार्यशाला, प्रशिक्षण का आयोजन भी किया जा रहा है। संस्थान कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग, मेकाट्रॉनिक्स, नैनो प्रौद्योगिकी, विनिर्माण प्रौद्योगिकी एवं स्वचलन आदि में एमटेक और पीएचडी कराता है। इस मौके पर परिसर स्थित बरगद और आम का पौधरोपण भी किया गया। विवि के सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर स्नातक एवं परास्नातक के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के रेगुलर एवं कैरीओवर विषयों के विद्यार्थियों का प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट परीक्षाएं 18 से 24 जुलाई के बीच ऑफलाइन मोड में आयोजित करायी जाएंगी।

# अपहरण व लूट के मामले में चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**बलराम** सिंह नाम के शख्स को अगवा कर उसे मारपीट कर लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी की टीम ने रविवार को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार रात में चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि बीते 6 जून को अगवा कर मारपीट कर लूटपाट करने वाले बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घेरेबंदी कर चार लोगों को धरदबोचा। डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम कृष्ण कुमार यादव, विवेक कुमार यादव, सौरभ सिंह व आकाश तोमर उर्फ राघव है। सभी आरोपी कन्नौज जिले के तिर्वा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वारदात के दो दिन पहले सुनील जेडा नाम के शख्स ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारा पीटा और गाड़ी में तोड़-फोड़ किया था जिसकी शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी थाने में की थी। पकड़े गए चारों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पुलिस को सूचना देने पर सुनील जेडा मारने की धमकी दी थी कि इसी बात को लेकर सुनील जेडा के साथी बलराम सिंह को कमता के पास अगवा कर उसे मारपीट कर कार में बैठा लिया और सुल्तानपुर रोड स्थित शहीद पथ पर फेंक कर भाग निकले थे। चारों आरोपियों ने बताया कि सुनील जेडा मिल गया होता तो उसकी हत्या कर देते।

## सिपाही पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ**। पीजीआई थाना क्षेत्र में बुधवार की रात वृंदावन योजना रायबरेली रोड स्थित सेक्टर 18 में एक पुलिस कांस्टेबल और एक युवक में मामूली कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और आपस में मारपीट हुई। इसी दौरान युवक ने कांस्टेबल की पिस्टल छीन ली और कांस्टेबल पर फायर कर दिया गनीमत रही कि गोली नहीं लगी।

कांस्टेबल ने युवक को दबोच लिया और पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया घायल कांस्टेबल को अस्पताल पहुंचाया जहां से उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई कांस्टेबल ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। कांस्टेबल रोशन रजा एक सेवानिवृत अधिकारी की सुरक्षा में तैनात है। रोशन रजा के मुताबिक वह गुरुवार रात करीब ग्यारह बजे अपने परिचित का हालचाल जानने एपेक्स ट्रामा सेन्टर आए थे वहां से वापस लौटते समय आरोपी अतुल पाठक निवासी सरस्वतीपुरम पीजीआई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया और आपस में मारपीट हुई कांस्टेबल घायल हो गया आरोप है कि अतुल पाठक ने कांस्टेबल की सरकारी पिस्टल छीन कर कांस्टेबल पर फायर कर दिया जिसमें वह बाल बाल बच गए। कांस्टेबल की नामजद तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नागरिकों के सहयोग से ही प्लास्टिक मुक्त होगा प्रदेश

● मंत्री एके शर्मा ने की सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने के प्रयासों की समीक्षा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश को सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन और इससे बने अन्य प्रतिबंधित उत्पादों से मुक्त बनाने के लिए लोग अपना सार्थक योगदान दें, जिससे स्वयं के जीवन के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण, जीव-जन्तुओं तथा वनस्पतियों को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य को नागरिकों के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता। इसलिए संबंधित विभागों के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपने क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जन जागरूकता के माध्यम से इस मुहिम में अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित कराएं। नगर विकास मंत्री एके शर्मा गुरूवार को नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने के प्रयासों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार भारत सरकार ने 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है,जिसको धरातल पर उतारने के लिए सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों का दौरा करें और लोगों का सहयोग लेकर इसे रोकने की कोशिश करें।

उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यक हो कठोरतम कार्रवाई भी की जाए और साफ संदेश दिया जाए कि सिंगल यूज प्लास्टिक का अब और प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। एके शर्मा ने कहा कि लोगों को बताना पड़ेगा कि इसका प्रयोग करना हमारी समूची प्रकृति व जीवन के लिए कितना हानिकारक है। लोग जब पूरी तरह से जागरूक होंगे, तभी इसको हाथ लगाना बंद करेंगे। इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे निरंतर प्रयास करते रहें और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने के अभियान को आगे भी जारी रखें।

# पुनर्वास विवि में निर्मित स्टेडियम में पैरालम्पिक खेलों का हो आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों के लिए संचालित डा शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के कुलसचिव को निर्देश दिये हैं कि आगामी महीनों में विवि में निर्मित विशिष्ट स्टेडियम में राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर पर पैरालम्पिक खेलों का आयोजन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यालय पर कार्यरत अधिकारी, मण्डलीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि प्रदेश में संचालित विभागीय योजनाओं में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त हो सके। किसी भी अधिकारी,कर्मचारी की शिथिलता पाये जाने पर क्षमा नहीं किया जायेगा। उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने में देर नहीं लगेगी। गुरुवार को नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि वर्तमान में सुगम्य भारत अभियान योजना के अन्तर्गत चिन्हित शासकीय एवं जनोपयोगी भवन दिव्यांगजन के लिए बनाये जा रहे हैं। आने वाले समय में प्रदेश के समस्त जनपदों में पब्लिक एवं प्राइवेट भवनों को भी दिव्यांगजन हेतु सुगम्य बनाये जाने पर विचार किया जा रहा है। साथ ही दिव्यांगजनों को धार्मिक स्थलों की यात्रा कराये जाने की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं को और अधिक समझने के लिए राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड के साथ आगामी अगस्त माह में बैठक किये जाने का भी प्रस्ताव है। कश्यप ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन छात्रावास शीघ्र संचालित कराया जाय। उन्होंने गोरखपुर में निर्माणाधीन छात्रावास समय से पूरा नहीं करने पर कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्यवाही के भी निर्देश दिये।

# यूपी में बीते 6 माह में एंटी थेप्ट थानों पर दर्ज हुए 119548 मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विद्युत** चोरी के रोक थाम के लिए शक्ति भवन में एसएन साबत पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) तथा एम देवराज अध्यक्ष उप्र पावर कारपोरेशन ने संयुक्त रूप से इकाई के 75 एण्टी पावर थेफ्ट के थाना प्रभारी, समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपाधीक्षक/प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक, समस्त अपर पुलिस अधीक्षक (डिस्कॉम)/ अपर पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) ने बैठक की।

पहली जनवरी से तीस जून तक कुल 119548 अभियोग एपीटी थानों पर पंजीकृत किये गये तथा कुल 50866 अभियोगों का निस्तारण भी किया गया एवं पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित प्रकरणों में एण्टी पावर थेफ्ट थानों द्वारा 73.90 करोड़ रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई। एसएन साबत ने अपने में सभी को विद्युत चोरी रोकथाम एवं हाई लाइन लास वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही करने व निगम को अधिक से अधिक राजस्व वसूली के लिए कहा। एम देवराज ने कहा कि भविष्य में विद्युत चोरी रोकथाम एवं हाई लाइन लास पर प्रभावी व गुणवत्ता परक कार्यवाही करने के लिए एवं निगम को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्ति कराने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए। इस कार्यवाही से जहॉ एक ओर विद्युत चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा वहीं दूसरी ओर कानून प्रिय जनता को सम्यक् ढंग से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। प्रत्येक माह में जनपद के अधीक्षण अभियन्ताओं के साथ पुलिस की गोश्ठी नियमित रुप से कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में पावर कारपोरेशन (सतर्कता) पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कैप्टन एमएम बेग , पुलिस अधीक्षक (अपराध) श्रीप्रकाश द्विवेदी व पावर कारपोरेषन के निदेशक (कामर्शियल) एके श्रीवास्तव आदि भी मौजूद रहे। सभी अपर पुलिस अधीक्षक (डिस्कॉम) द्वारा सम्बन्धित डिस्कॉम में कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया गया।

# बाजार को देखते हुए नए शोध कार्य अपनाने पर जोर

● आम उत्पादकों के लिए वरदान आम महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में उद्यान विभाग द्वारा आयोजित आम महोत्सव-2022 कार्यक्रम समापन समारोह में आम से संबंधित विभिन्न प्रतिभागियों को उनके उल्लेखनीय व उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर आम उत्पादकों को बाजार को देखते हुए नयी प्रजातियों का समावेश करने तथा नये शोध कार्यों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आम की भांति ही अन्य फसलों के भी महोत्सव प्रदेश में कराये जाएंगें। जिससे किसानों को अच्छा बाजार मिलेगा और नई-नई तकनीकों से परिचित होगें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आम क्लस्टर की स्थापना एवं उसकी आधार भूत सुविधाओं के सृजन के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, भारत सरकार द्वारा जनपद लखनऊ के लिए स्वीकृत किया गया।

इस क्लस्टर के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि एवं गुणवत्तायुक्त प्रसंस्कृत उत्पाद आधारित इकाईयों की स्थापना हो सकेगी। उद्यान मंत्री ने कहा कि आम महोत्सव से आम उत्पादकों व निर्यातकों के लिए वरदान साबित होगा। आम महोत्सव के सफल आयोजन से उत्तर प्रदेश को देश ही नहीं विदेश में भी और नयी पहचान मिलेगी। उन्होंने इस आम महोत्सव के सफल आयोजन के लिए अन्य विभागों तथा विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।

# लागत कम करने व आमदनी बढ़ाने की दिशा में काम करें कृषि विज्ञान केंद्र

● कृषि मंत्री ने की कृषि विज्ञान केंद्रों के कार्यों की भौतिक व वित्तीय प्रगति की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने निर्देश दिए हैं कि समस्त कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) किसानों की लागत कम करने और उनकी आमदनी बढ़ाये जाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र अपने क्षेत्र के किसानों के साथ संवाद बनाये रखें और उन्हें कृषि की आधुनिक तकनीकिए कृषि यंत्रों तथा उन्नत बीज की जानकारी उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्रों से सीड प्रोडक्शन प्लान को भी आगे बढ़ाये जाने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय एवं केवीके जायद की फसलों का भी उत्पादन सुनिश्चित कराए। शाही बृहस्पतिवार को कृषि निदेशालय स्थित सभागार में कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर व मेरठ तथा शुआट्स प्रयागराज के अधीन जनपदों में संचालित केवीके के कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप कृषि विज्ञान केन्द्र अपने क्षेत्र में किसानों को गौआधारित प्रकृतिक खेती के प्रति भी जागरूक करें और उन्हें इनके लाभ व इससे होने वाली आय वृद्धि के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि किसानों को इन्टीग्रेटेड फार्मिंग के साथ-साथ इण्टर क्रॉपिंग एवं बहुफसली के लिए भी प्रेरित किया जाए। कृषि मंत्री ने समस्त केवीके के पास उपलब्ध भूमि उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यों एवं उनके रिवाल्विंग फण्ड के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा कराये जा रहे सीड प्रोडक्शन की समीक्षा करते हुए इसे और बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। उनके द्वारा केवीके पर इंस्ट्रूमेन्टस व मशीनों की उपलब्धता एवं आवश्यकता की भी जानकारी ली गयी।

## झांसा देकर खाते से 94 हजार की ठगी

**लखनऊ।** रिलायंस कम्पनी का ऑफर का झांसा देकर जालसाज ने महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ लेखा अधिकारी के खाते से 94 हजार रुपये पार कर दिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने विभूतिखण्ड थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गाजीपुर के इस्माइलगंज निवासी रामदास विभूतिखण्ड स्थित लेखा परीक्षा-11 महालेखाकार कार्यालय में वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। बीते 1 मई को उन्होंने रिलायंस कम्पनी से रेफ्रिजरेटर खरीदा था। इसके बाद उनके पास एक कॉल आई की आपने एक रेफ्रिजरेटर खरीदा था, अगर आप पांच हजार के ऊपर की खरीदारी करें तो टीवी मुफ्त में दिया जाएगा। बातों में आकर उन्होंने 5099 रुपये का मिक्सर बुक कराया। फिर शाम को एक कॉल आयी। जालसाज ने जीएसटी राशि बताकर खाते से 19688 रुपये काट लिए गये। फिर 68990 संख्या को कंफर्म करने को कहा गया। रामदास ने जैसे ही उक्त संख्या डालकर कंफर्म किया तो खाते से उतनी ही रकम निकल गयी।

## खेत जोतने गए किसान का मिला शव

● परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में गुरुवार की सुबह घर से ट्रैक्टर लेकर अपना खेत जोतने निकले किसान लालाराम रावत का शव लोनहा जंगल के पास मिला। मामले में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक कुछ भी कहने से इंकार कर रही है। बंथरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ चुनौटी के मजरे दरियापुर निवासी किसान लालाराम रावत 55 वर्ष गुरुवार की सुबह करीब 7. 30 बजे घर से ट्रैक्टर लेकर अपना खेत जोतने निकले थे। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटे तो घर वालों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उनका शव इलाके के ही लोनहा जंगल मे मिला। उनका ट्रैक्टर शव से करीब 200 मीटर दूर खाई मे गिरा पड़ा था। मृतक लालाराम के सिर पर चोट के निशान मिले। उसका शव मिलने के बाद पुलिस के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। परिस्थितियों को देखते हुए परिवार वालों ने उनकी हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। लालाराम के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा तीन बेटे हैं। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है।

## नंगर पंचायत महोना में हुआ पौधरोपण



**लखनऊ।** आज़ादी के अमृत महोत्सव एवं वृहद वृक्षारोपण के अंतर्गत नगर पंचायत महोना लखनऊ की अस्थाई गौशाला व एमआरएफ सेंटर एवं प्रस्तावित कान्हा गौशाला में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर एके मिश्रा उप कृषि निदेशक, नगर अध्यक्ष एन इशरत बेग व शरद कुमार जैन अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महोना द्वारा संयुक्त रूप से अस्थायी गौशाला में 15 वृक्ष व एमआरएफ सेंटर व प्रस्तावित गौशाला में नीम, पीपल, सागवन, अर्जुन के 106 वृक्ष लगाए गए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत महोना का शासन द्वारा वृक्षारोपण का निर्धारित लक्ष्य 878 है जो कि आगामी दिवसों में पूर्ण कर दिया जाएगा।

## पीएनबी का भारतीय वायुसेना के साथ करार

**लखनऊ।** सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने बैंक की प्रमुख योजना पीएनबी रक्षक प्लस के तहत रक्षा कर्मियों को विशेष तौर पर तैयार किए गए उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस योजना में अन्य चीजों के साथ ही सैन्य बलों, केंद्रीय पुलिस सैन्य बलों, राज्य पुलिस बलों, मेट्रो पुलिस में सेवारत, सेवानिवृत्त व प्रशिक्षुओं के साथ ही सेवानिवृत्त पेंशनर रक्षा कर्मियों के लिए वैयक्तिक दुर्घटना बीमा व वायु दुर्घटना बीमा शामिल है। समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अतुल कुमार गोयल और भारतीय वायु सेना की ओर से चीफ आफ एयर स्टाफ, एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, एडीसी के बीच दिल्ली के भारतीय वायु सेना आडीटोरियम में एक समारोह में किया गया। अतुल कुमार गोयल ने कहा 'यह एक ऐतहासिक क्षण है जो पीएनबी परिवार को देश की सेवा का अवसर प्रदान कर रहा है। वर्तमान में पीएनबी सैन्य बलों को देश भर में फैले 120 कैंटोन्मेंट शाखाओं के जरिए सहयोग प्रदान कर रहा है। इनमें से नौ को शहीदों के सम्मान में विशेष शाखाओं के रुप में परिवर्तित किया गया जो सैन्य बलों के कर्मियों का उचित ध्यान रख रही हैं उदाहरण के लिए जालंधर में हमारी शहीद शाखा को फ्लाइंग आफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों, पीवीसी (मरणोपरांत) का नाम दिया गया है सुदूर और सामान्य पहुंच से दूर रह रहे हमारे वीर जवानों व उनके परिवारों की वित्तीय जरुरतों का ख्याल पीएनबी के देश भर में फैली शाखाएं रख रही हैं।

# एसडीआरएफ ने वायु सेना के साथ मिलकर किया पूर्वाभ्यास

● बाढ़ से निपटने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रीय** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वार भीषण बाढ़ आपदा के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए वायु सेना के साथ मिलकर तीन चरणों में पूर्वाभ्यास कर अपनी क्षमता का परीक्षण किया गया। इस मॉक एक्सरसाइज में आईआरएस प्रणाली को एक स्वरूप प्रदान किया गया। इस पूर्वाभ्यास में राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचक बल (एसडीआरएफ) पीएसी और एसएसबी ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और जनता के विश्वास को और बल प्रदान किया।

प्रदेश में नियमित रूप से हर साल भीषण बाढ़ आपदा से प्रभावित होता है। प्रदेश के 75 जिलों में से 40 जिलों को बाढ़ के प्रति संवेदनशील व अति संवेदनशील जिलों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। मॉक एक्सरसाइज-2022 के अन्तर्गत आगामी संभावित बाढ़ आपदा की तैयारियों के लिए प्रदेश व जनपद स्तर पर जिन गतिविधियों का पूर्वाभ्यास किया गया उनमें आपदा पूर्व चेतावनी के आधार पर आवादी को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, बाढ़ से घिरे गांवों व लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में आपातकालीन राहत सामग्री पहुंचाना, घायलों व मृतकों को निकालना, गोताखोरों व अन्य बलों की सहायता से लोगों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से निकालना तथा बांधों व बैराजों से छोड़े जाने वाले पानी व जल स्तर की सूचना की निरंतर निगरानी आदि प्रमुख हैं। मॉक एक्सरसाइज-2022 में एयर फो र्स ने आपदा की स्थिति में अपनी भूमिका को अत्यधिक दक्षता से प्रदर्शित किया।

# 'राष्ट्रहित सर्वोपरि एक शब्द नहीं बल्कि एक मंत्र'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अध्यक्ष** विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री केएन रघुनंदन ने आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित राष्ट्रहित सर्वोपरि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि एक शब्द नहीं, बल्कि एक मंत्र है। राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना जब सबके अंदर होगी, तभी हम अपने देश व समाज के लिए कुछ कर सकते हैं। हमें अपने लक्ष्य को तय करना होगा और उसे हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा। हम जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, देशहित हमेशा ध्यान रखना चाहिए। यह कार्यक्रम सरस्वती कुंज, निराला नगर के प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) उच्च तकनीकी (डिजिटल) सूचना संवाद केन्द्र में विद्या भारती, एकल अभियान, इतिहास संकलन समिति अवध, पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं विश्व संवाद केन्द्र अवध के संयुक्त अभियान में चल रहा है। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संयुक्त क्षेत्रीय सचिव मेजर आनंद टंडन ने कहा कि अमृत महोत्सव मनाने का यह सुअवसर हमें बहुत सी कठिनाइयों एवं पुरुषार्थ के बाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने अग्निपथ योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना देश के युवाओं के अंदर देशभक्ति की भावना जगाने व उनको देश की सुरक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। युवाओं के प्रशिक्षण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि सेना हमारे व्यक्तित्व को निखारने एवं प्रभावशाली जीवन जीने की कला सिखाती है। शौर्य चक्र से सम्मानित कैप्टन राजेश मिश्रा ने कहा कि सेना में जाने से लोगों के अंदर अनुशासन, मनोबल एवं किसी भी कार्य को करने की शक्ति का विकास होता है। वर्तमान सरकार अग्निपथ योजना के जरिए युवाओं को रोजगार से जोड़ने व उनके व्यक्तित्व को निखारने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही चार साल पूरे होने के बाद उनके लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के मार्ग भी खुले रहेंगे।

# पेज एक का शेष

## नई पीढ़ी...

दायित्व है। इसी ट्रैक पर हमारे शिक्षण संस्थानों को भी खुद से पूछने की जरूरत है कि क्या हम भविष्य के लिए तैयार हैं? मोदी ने कहा आपको वर्तमान को तो संभालना ही है लेकिन आज जो काम कर रहे हैं उन्हें भविष्य के लिए ही सोचना होगा। उसी हिसाब से हमें अपने बच्चों को तैयार करना होगा। हमें यह देखना होगा कि अभी जिस उम्र में हमारे बच्चों के अंदर उत्सुकता है उसी उम्र में हमें उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, अभी तक स्कूल कॉलेज और किताबें यह तय करते आए थे कि बच्चों को किस दिशा में जाना है लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद अब युवाओं पर दायित्व और बढ़ गया है। इसके साथ ही हमारी भी जिम्मेदारी बढ़ गई है कि हम युवाओं के सपनों और उड़ानों को निरंतर उत्साहित करें उनके मन को समझें, उनकी आकांक्षाओं को समझें।

## देश को...

गुणवत्ता, रैंकिंग और प्रत्यायन, समान और समावेशी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों की क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस शिखर सम्मेलन से विचारोत्तेजक चर्चाओं के लिए एक ऐसा मंच मिलने की उम्मीद है जो कार्ययोजना और कार्यान्वयन रणनीतियों को स्पष्ट करने के अलावा ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा और अंत:विषय विचार-विमर्श के माध्यम से एक नेटवर्क का निर्माण करने के साथ-साथ शैक्षिक संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेगा और उचित समाधानों को स्पष्ट करेगा।

## शॉर्टकट से...

ने कहा कि विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के लोगों ने और मेरी काशी के लोगों ने जो समर्थन दिया, उमंग और उत्साह के साथ मेरा जो साथ दिया। इसलिए मैं आज जब चुनाव के बाद पहली बार आपके बीच आया हूं तो आदरपूर्वक काशीवासियों का, उत्तर प्रदेश के वासियों के धन्यवाद करता हूं। दिव्य, भव्य, नव्य काशी में पिछले 8 वर्षों से विकास का जो उत्सव चल रहा है आज उसको हम एक बार फिर गति दे रहे हैं। काशी हमेशा से जीवंत निरंतर प्रवाहमान रही है। अब काशी ने एक तस्वीर पूरे देश को दिखाई है जिसमें विरासत भी है और विकास भी है। काशी में एक प्रोजेक्ट खत्म होता है, तो चार नए प्रोजेक्ट शुरू हो जाते हैं।

## मतदान अधिकारी...

मतदान अधिकारी कृष्ण सिंह राना ने थाना वजीरगंज में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक वह सुल्ताने मदारिस स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 192 पर बतौर मतदान अधिकारी नियुक्त थे। जब दिन में एक बजे मतदाताओं का आना बंद हो गया थाए तो बरामदे में खाना खाने जा रहे थे। तभी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजबब्बर व अरविंद यादव अपने पांच-सात लोगों के साथ मतदान स्थल पर आए। मुझ पर झूठा आरोप लगाते हुए कि मैं फर्जी मतदान करा रहा हूं, मुझे व पोलिंग एंजेट शिव कुमार सिंह को घेर लिया। फिर उनके साथियों ने गाली देते हुए घुसा व थप्पड़ों से मारा। जिससे मेरे होठ व शिव कुमार के गले व नाक में चोटें आई। मतदान केंद्र संख्या 191 में नियुक्त मतदान अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव व वीके शुक्ला तथा पुलिस वालों ने बचाया।

## वीवो इंडिया...

बनाने के बाद वर्ष 2018 में देश छोड़ दिया था। अब इन कंपनियों के वित्तीय ब्योरों पर जांच एजेंसी की नजरें हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने यह आरोप भी लगाया है कि वीवो इंडिया के कर्मचारियों ने उसकी तलाशी अभियान के दौरान सहयोग नहीं किया और भागने एवं डिजिटल उपकरणों को छिपाने की कोशिश भी की। हालांकि एजेंसी की तलाशी टीमें इन डिजिटल सूचनाओं को हासिल करने में सफल रहीं।

## चीनी विदेश...

विवाद पर चर्चा के दौरान विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर ने द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल के पूरी तरह से पालन के महत्व की पुष्टि की। दोनों नेताओं के बीच पिछली बातचीत को लेकर भी आपसी समझ बनी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी के साथ सभी लंबित मुद्दों के जल्द समाधान का आह्वान किया। तनाव वाले कुछ क्षेत्रों में सेना वापसी के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए शेष सभी क्षेत्रों से पूर्ण रूप से सेना की वापसी के लिए काम जारी रखने की आवश्यकता को दोहराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन करने और दोनों मंत्रियों के बीच उनकी पिछली बातचीत के दौरान हुई समझ की पुष्टि की।

## जुबैर की...

के लिए अपनी भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने पीठ से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करते हुए कहा कि प्राथमिकी पर एक नज़र डालने से पता चलता है कि कोई अपराध नहीं हुआ है, लेकिन उनकी जान को खतरा है क्योंकि वहां के लोग उन्हें धमकी दे रहे हैं। हिंदू शेर सेना सीतापुर के जिलाध्यक्ष भगवान शरण द्वारा एक जून को भारतीय दंड संहिता की धारा 295ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्वाई) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-67 के तहत जुबैर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## पावरग्रिड के...

सख्त मानदंडों का पालन करते हैं और इससे किसी भी तरह का समझौता नहीं करते। हम संबंधित जांच अधिकारियों को अपना पूरा समर्थन देंगे। उन्होंने बताया कि सभी छह आरोपियों को गुरुवार को पंचकूला (हरियाणा) की एक अदालत में पेश किया जाएगा, सभी आरोपियों को 15 जुलाई तक सीबीआई हिरासत में रखा जाएगा।

## मादक पदार्थो...

को भी मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में फांसी की सजा दी गई। हान ने ट्वीट किया, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि कलवंत सिंह और नोराशारी बिन गौस को फांसी दे दी गई। दोनों के परिजनों को उनके सामान और मृत्यु प्रमाण पत्र सौंप दिए गए हैं। मैं नोराशारी के जनाजे में जा रहा हूं। सिंह ने फांसी की सजा से एक दिन पहले सजा माफ करने की अपील की थी और कहा था कि उसने केवल मादक पदार्थ पहुंचाए थे और पुलिस के साथ सहयोग किया था।

## बुलेट ट्रेन...

निर्देश दिया था कि अग्निहोत्री के खिलाफ क्या भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम, 1988 के तहत कोई अपराध का मामला बनता है और जांच रिपोर्ट लोकपाल कार्यालय को छह महीने में या 12 दिसंबर 2022 से पहले सौंपी जाए। एनएचएसआरसीएल के कंपनी सचिव को संबोधित रेलवे बोर्ड के सात जुलाई के पत्र में कहा गया है, सक्षम प्राधिकार ने सतीश अग्निहोत्री की सेवाएं समाप्त करने को मंजूरी दे दी है। उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त किया जाता है। अधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया है कि अग्निहोत्री ने अपनी सेवानिवृत्ति के एक साल के अंदर एक निजी कंपनी में नौकरी शुरू कर दी। यह सरकार के उन नियमों का उल्लंघन है जो सेवानिवृत्त अधिकारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद केंद्र की अनुमति के बगैर एक साल से पहले कोई वाणिज्यिक नियुक्ति स्वीकार करने से निषिद्ध करता है।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री...

लिए आज एक कैबिनेट नियुक्त किया है क्योंकि अगले नेता के कार्यभार संभालने तक मैं काम करता रहूंगा। निवर्तमान प्रधानमंत्री ने दोहराया कि उन्हें 2019 के आम चुनाव में अविश्वसनीय जनादेशै मिला था और यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों में उन्होंने उस जनादेश का सम्मान करने के लिए व्यक्तिगत रूप से इतनी मेहनत की। उन्होंने कहा, मैंने महसूस किया कि यह मेरा काम, मेरा कर्तव्य, मेरा दायित्व है कि 2019 में हमने जो वादा किया था, उसे पूरा करते रहें।

## उत्तराधिकारी की...

रहा है। बैरिस्टर और सरकार में सबसे वरिष्ठ कानूनी अधिकारी ब्रेवरमैन (42) को अपनी पार्टी के ब्रेक्जिट समर्थक गुट से कुछ समर्थन मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा, मैं खुद को आगे रख रही हूं क्योंकि मेरा मानना है कि 2019 का घोषणापत्र इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त है... और मैं उस घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा करना चाहती हूं। ब्रेक्जिट के मुखर समर्थक नेता स्टीव बेकर ने भी घोषणा की कि उनका इरादा भी इस दौड़ में शामिल होने का है। जॉनसन के औपचारिक इस्तीफे के साथ ही शीर्ष पद के लिए कई अन्य नेताओं के आगे आने की उम्मीद है।

# देश को नई दिशा देगा शिक्षा-शोध का अमृतः मोदी

- पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा- पूरी दुनिया में सोलर एनर्जी पर चर्चा हो रही है, हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास चमकता सूरज है
- काशी को भी मोक्ष की नगरी इसलिए कहा गया है कि हमारे यहाँ मुक्ति का एक मात्र मार्ग विद्या को ही माना गया है








पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र में तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करने के साथ ही शिक्षकों को उनकी जिम्मेदारी का भी अहसास कराया। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक तय कर लें कि हम केवल डिग्री धारक न तैयार करें। हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी इसी प्रकार से तैयार की गई है कि सभी बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार तैयार होने का मंच मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे उपनिषदों में कहा गया है कि विद्या ही अमरत्व व अमृत तक ले जाती है। काशी को भी मोक्ष की नगरी इसलिए कहा गया है कि हमारे यहाँ मुक्ति का एक मात्र मार्ग विद्या को ही माना गया है। शिक्षा व शोध का विद्या का इतना बड़ा मंथन सर्व विद्या के केन्द्र काशी में होगा तो इससे निकलने वाला अमृत अवश्य देश को नई दिशा देगा। पीएम ने कहा कि शिक्षा का समागम का आयोजन काशी में किया गया है। यहाँ का मैं सांसद भी होने के नाते होस्ट भी हूँ। मेरा मानना है आपको कोई दिक्कत न होगी। यदि कोई कमी रह गई है तो दोष मेरा रहेगा। एक होस्ट के नाते कोई भी आपके असुविधा हो जाए तो उसकी क्षमा पहले से मांग ले रहा हूँ। अभी मैं किचेन का उद्घाटन करके आ रहा हूँ। वहाँ 10-12 वर्ष के बच्चों के साथ गप्प गोष्ठी का मौका मिला। उनसे सुन कर आया हूँ। चाहूँगा कि अगली बार जब आऊं तो उन बच्चों के टीचर्स से मिलूं। आप कल्पना कर सकते हैं कि मेरे मन में ऐसा क्यों आया। कारण यह कि उन बच्चों में जो कॉन्फिडेंस, प्रतिभा थी वह एक सरकारी स्कूल के बच्चे थे। आपका बच्चा भी ऐसा ही टैलेंट प्रस्तुत करेंगे तो आप भी उन्हें घर आए किसी मेहमान के सामने खड़ा कर देगें। कहने का आशय यह है कि आप ऐसे इंस्टीट्यूट बनाएं कि जब ऐसे बच्चे आएं तो उन्हें कोई कमी न महसूस हो। उन्होंने कहा कि यहाँ जो तीन दिन में चर्चा हो प्रभावी हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य आधार शिक्षा को संकुचित दायरे से बाहर निकालना है। नई सदी के अनुसार अपडेट करना है। हमारे यहाँ मेधा की कमी कभी नहीं रही, लेकिन ऐसी व्यवस्था बनाई गई थी जिसका मतलब केवल नौकरी थी। अंग्रेजों ने गुलामी के दौर में उसका निर्माण अपने लिए सेवक बनाने के लिए किया था। आजादी के बाद बदलाव हुआ लेकिन उतना कारगर न था। अंग्रेजों की बनाई व्यवस्था कभी भारत से मेल नहीं खा सकती। हमारे यहाँ कला की अलग अलग धारणा थी।

पीएम ने कहा कि बनारस ज्ञान का केन्द्र इसलिए था कि यहाँ ज्ञान विविधता से ओतप्रोत था। इसे शिक्षा व्यवस्था का आधार होना चाहिए। हम डिग्री धारक नहीं तैयार करें, न कि जितने मानव संसाधन की जरूरत हो उपलब्ध कराएं। यह संकल्प शिक्षकों व शिक्षण संस्थाओं को करना है। हमारे शिक्षक जितनी तेजी से इस भावना को आत्मसात करेंगे उतना ही युवा पीढ़ी को लाभ होगा। नए भारत के निर्माण के लिए आधुनिक व्यवस्था का समावेश उतना ही जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना की इतनी बड़ी महामारी से हम उबरें और दुनिया की सबसे तेजी से उभर रही अर्थव्यवस्था में एक हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ रही अर्थव्यवस्था का हिस्सा है। जहाँ पहले सिर्फ सरकार ही सब करती थी आज निजी क्षेत्र भी साथ मिल कर रहा है। अभी तक स्कूल-कालेज व किताबें तय करते थे कि बच्चों को किस दिशा में जाना है लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति से थोपने वाला युग चला गया है। पीएम ने कहा कि इस बात का ध्यान रखना होगा कि हमें वैसा ही शिक्षक व शिक्षा संस्थान की व्यवस्थाएं, मिजाज सर्च करना ही होगा। नई शिक्षा नीति में बच्चों की प्रतिभा निखार व कुशल बनाने पर है। कॉन्फिडेंट बनाने पर है। शिक्षा नीति इसके लिए जमीन तैयार कर रही है। तेजी से आ रहे परिवर्तन के बीच आपकी भूकिा अहम है। हमें पता होना चाहिए कि दुनिया कहाँ जा रही है। हमारा देश कहाँ है, हमारे युवा कहाँ है। हम उन्हें कैसे तैयार कर रहे हैं। यह हमारा बड़ा दायित्व है। यह समस्त शिक्षा संस्थानों को सोचने की आवश्यकता है कि क्या हमारा फ्यूचर रेडी हैं। हमें सौ साल के बाद की सोच कर चलना चाहिए। वर्तमान को संभालना है, लेकिन भविष्य के लिए व्यवस्था खड़ी करनी होगी।

पीएम ने कहा कि आज पोते-पोती जब पूछते होंगे तब आप कहते होंगे क्या सिर खा रहा है, लेकिन वास्तव में आपका दिमाग उसका जवाब नहीं दे पा रहा है। आप घर में भी अपने बच्चों को मिस मैच फिल कर रहे हैं। नई सोच के साथ आइए। योग्य बनिए, नहीं तो गैप हो जाए। अत: भविष्य को जाने समझे, खुद को विसित करें। अभी डिजिटल इंडिया के कार्यक्रम में कक्षा 10-12वीं के बच्चों की सोच देख दंग रह गया। जबकि उनकी क्लास में मॉडल पढ़ाए जा रहे थे। जीन मैपिंग तक की बात कर रहे थे। जब ये हायर क्लास में पहुँचेंगे तो क्या संस्थान उनसे मैच कर पायेंगे। हमें अभी से यह सोचना होगा कि जिस उम्र में बच्चों के मन में अन्वेषण है, उन्हें वैसी व्यवस्था मिले। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को दो साल पूरे होने है । विविधता भरा देश और राष्ट्रीय शिक्षा नीति का स्वागत प्रशंसनीय है। आम तौर पर सरकार का दबाव होता है डाक्यूमेंट बन जाए। फिर सौंप कर खाली हो जाते हैं फिर दूसरा उसकी जगह ले लेता है। हमने हर पल इस नीति को जिंदा रखा है। इतने कम समय में कम से कम 25 सेमिनॉर में गया और इस पर लगातार संवाद कर रहा हूँ। विजन समझा रहा हूँ। पूरी सरकार के सभी विभाग कोशिश कर रहे हैं। आप अपनी यूनिवर्सिटी में भी निरंतर मंथन करें। साथियों को प्रेरित करें तब जाकर इसका लाभ होगा। इसके क्रियान्वयन की चुनौतियाँ पर सोचना होगा। पीएम ने कहा कि आप सभी का प्रयास ही है कि आज के युवा बड़े बदलाव में भागीदार बन रहा है। बड़ी संख्या में नए कालेज, आईआईटी, मेडिकल कालेज, आइआइएम बन रहे हैं। मेडिकल कालेज स्थापना में 55 फीसद की वृद्धि हुई है। देश के इन प्रयासों का परिणाम है कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में बढ़ोत्तरी हो रही है। काशी की इस धरती से हुई शुरूआत संकल्पों को नई ऊर्जा देगी। विश्वास है कि भारत वैश्विक शिक्षा का बड़ा केन्द्र बन सकता है। दुनिया के देशों में भी हमारे युवाओं के लिए नए अवसर बन सकते है। हमें अंतराष्ट्रीय स्टैंडर्ड पर शिक्षा को तैयार करने के प्रयास करने होगें। इसके लिए निर्देश दिए गये हैं।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया सोलर एनर्जी पर चर्चा हो रही है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास चमकता सूरज है। विज्ञान, अनुसंधान से हमें सोलर एनर्जी पर अधिक से अधिक उपयोग कर काम करना चाहिए। क्लाइमेंट चेंज पर काम करना होगा। आज देश खेल के क्षेत्र में भी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। खेल विवि बन रहे अन्य इसे विरत न रहें। मैदान शाम को भरे रहने चाहिए ।वातावरण बनान चाहिए। विवि लक्ष्य बना सकते हैं कि आने वाले वर्ष में हमें कितने गोल्ड ला सकते हैं। दुनिया के कितने देश में हमारे बच्चे खेलने जायेगें। इससे हमारी बड़ी अमानत बन सकते हैं। अनगिनत संभावनाएं हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति अवसर प्रसार कर रही हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल आधार, शिक्षा को संकुचित सोच के दायरों से बाहर निकालना और उसे 21वीं सदी के आधुनिक विचारों से जोड़ना है। जब संवाद होता है, तब समाधान निकलता है। सवाद से ही संभावनाओं का विस्तार होता है। इसलिए भारतीय लोकतंत्र में ज्ञान के प्रवाह के साथ ही सूचना का प्रवाह ही अविरल बहा और निरंतर बह रहा है। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ से समागम को संबोधित किया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सभी का स्वागत किया।

## प्रधानमंत्री ने अक्षय पात्र की नई रसोई का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 जुलाई, 2022 को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अक्षय पात्र फाउंडेशन की नई रसोई का उद्घाटन किया। वेस्टब्रिज कैपिटल द्वारा समर्थित यह अत्याधुनिक केंद्रीकृत रसोई 3 एकड़ के क्षेत्र में फैली हुई है। यह देश में अक्षय पात्र की 62वीं और उत्तर प्रदेश राज्य में पांचवीं रसोई है। यह फाउंडेशन को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) पूर्व में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना, के माध्यम से 100,000 से अधिक बच्चों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने में सक्षम बनाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे, जबकि बतौर विशिष्ट अतिथि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अक्षय पात्र के अध्यक्ष, मधु पंडित दास और उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने की। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद रसोई का भ्रमण कराया गया और बच्चों को प्रतीकात्मक भोजन परोसा गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने फीडिंग प्रोग्राम के माध्यम से देश में भूख और कुपोषण को दूर करने के अक्षय पात्र के प्रयासों की खुलकर सराहना की और संगठन के प्रयासों को अपना समर्थन देने का वचन दिया।

अक्षय पात्र फाउंडेशन के अध्यक्ष, मधु पंडित दास ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ कि वो अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर वाराणसी में हमारी नई रसोई का उद्घाटन करने के लिए आए। मैं इस शुभ अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं। नई इकाई विश्व स्तरीय विनिर्माण पद्धतियों और स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का पालन करेगी ताकि पौष्टिक मध्याह्न भोजन पका कर इस क्षेत्र के बच्चों तक पहुंचाया जा सके। इसकी मुख्य विशेषताओं में 40,000 रोटियां/घंटा क्षमता वाली रोटी मशीन, हाइड्रोलिक सिस्टम के साथ 700 लीटर क्षमता वाली चावल की कड़ाही, स्वचालित मोटर्स के साथ 1,200 लीटर क्षमता वाली दाल की कड़ाही और जल शोधन के लिए एक आरओ प्लांट शामिल हैं।

## अपना दल एस की जिला संगठन की मासिक बैठक आयोजित

**मिर्जापुर**। गुरुवार को अपना दल एस की जिला संगठन की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक शुरू करने से पहले महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा बैठक की शुरुआत हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी का. जिलाध्यक्ष इं. राम लौटन बिंद ने की। पार्टी बैठक जिला कार्यालय भरुहना (पटेल चौक) मिर्जापुर में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता मंच रमेश सिंह पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव किसान मंच देवी प्रसाद पाल जी उपस्थित रहें। तथा संचालन युवा मंच जिलाध्यक्ष उदय पटेल ने किया।

मासिक बैठक का मुख्य एजेंडा निम्न हैं। लोकसभा चुनाव 2024 पर चर्चाए सदस्यता अभियान पर चर्चाए पिछले माह की कार्यवाही की पुष्टिए बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष श्री बिन्द ने बताया कि माननीय केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल जी के द्वारा 2 जूलाई को लखनऊ में यशरूकायी डॉ. सोनेलाल पटेल जी की जयंती पर यशरूकायी डॉ. पटेल जी साथ चलने वाले पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता जग प्रकाश बिंद एवं संकटा प्रसाद सिंह पटेल अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया था, जो आज उसी क्रम में पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ता कपूर चंद केसरवानी, रतन लाल पटेल, पारसनाथ पटेल आदि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जा रहा हैं, आने वाला लोकसभा चुनाव 2024 में हम सभी को रात दिन एक साथ काम करना है। माननीय राष्ट्रीय अध्यक्षा के हाथों को मजबूती प्रदान करना जो आप सभी लोगों का दायित्व हैं और जो मुझे पूरा भरोसा हैं, और कहना चाहता हूं कि आप सभी लोकसभा चुनाव में जन जन तक जाकर पार्टी के नीतियों एवं विचारों को जनता बीच जाकर बताएंगे और अब बूथ स्तर पर सक्रिय सदस्य बनाने की मुहिम को तेज किया जाएगा। जिससे बूथ स्तर तक पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ताओ की मौजूदगी हो सके जब बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी में होंगे तो पार्टी मजबूती मिलेगी।

## स्व. पं.माता प्रसाद दुबे की द्वितीय पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित

**मिर्जापुर।** काग्रेस पार्टी व जिले के जनप्रिय नेता स्वर्गीय पंडित माता प्रसाद दुबे जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा लालडिग्गी स्थित गैलेक्सी पवेलियन हाल में दिनांक 7 जुलाई 2022 को मनाई गई। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों विभिन्न संगठनों के लोगों ने अपने विचार प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया प् कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंडित ब्रजदेव पांडे ने कहा कि स्वर्गीय दुबे जी का व्यक्तित्व शब्दों में समेटा नहीं जा सकता वह एक महान हस्ती थे जिन का योगदान जनपद के लोग कभी नहीं भूल पाएंगे। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि पंडित जी एक दल के सिद्धांत वादी नेता होने के साथ-साथ सभी दलों के प्रिय थे, हरगांव बस्ती के लोगों ने जानते थे वह सबके चहेते थे उनका जाना हम लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन दीप चंद्र जैन, चेयरमैन मनोज जायसवाल, अरुण मिश्रा बालेंदु मणि त्रिपाठी मनोज श्रीवास्तव कोन ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह कैलाश नाथ उपाध्याय डॉ. एसएन पाठक कमलेश दुबे चुनमुन शुक्ला राजेश नारायण तिवारी भारतेंदु यादव जनार्दन पाठक राजन पाठक सतीश मिश्रा प्रभु तिवारी राम नाथ दुबे शैलेंद्र अग्रहरी द्वारिका प्रसाद पाल राजेंद्र तिवारी, शिव शंकर चौबे, संजय दुबेए केदारनाथ दुबेए सुनील पांडेए अमिताभ पांड, इस्तियाक अंसारी, बऊ पाठक उपेंद्र तिवारी, ज्ञान गुप्ता, रामानुज पांडे, शिवराज शर्मा, आयुष त्रिपाठी, निहाल दुबे, प्रसून मिश्रा, समीर पांडे आदि लोग सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

## शातिरों के कब्जे से चोरी की छह बाइकें बरामद, दो गिरफ्तार



**चकिया,चन्दौली** । इलिया पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में वाहन चोर गैंग के जनपद में सक्रिय होने के सम्बन्ध में मिली अभिसूचना के आधार पर थाना इलिया एवं शहाबगंज पुलिस की टीम द्वारा अन्तर्राज्जीय शातिर वाहन चोर गैंग को पकड़ा गया है। जिनके कब्जे से थाना इलिया पुलिस द्वारा 04 तथा शहाबगंज पुलिस द्वारा 02 चोरी की कुल 06 मोटरसाइकिलें बरामद की गई है। गिरफ्तार शातिर चोरों के अन्य साथियों/सहयोगियों की गिरफ्तारी का प्रयास व इनके आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी संकलित की जा रही है।बताया जा रहा है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है तथा इनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों के बारे में बताया है कि बबुन्दे राम पुत्र रामजनम राम निवासी ग्राम भूसीकृतपुरवा थाना शहाबगंज जनपद चन्दौली तथा सद्दीक अंसारी उर्फ भोला अंसारी पुत्र मुल्तान अंसारी नि0 ग्राम चंदा थाना चाँद जनपद कैमूर भभुआ बिहार के रहने वाले हैं।

## सेवानिवृत नायब सुबेदार का बेटा बन गया ऑर्मी ऑफीसर



**सकलडीहा/चंदौली।** जीवन में लक्ष्य निर्धारित हो तो सफलता जरूर हासिल होता है। कुछ ऐसा ही सकलडीहा ब्लॉक के मधुबन गांव के राजस्व गांव बहोरिकपुर के श्रीधर पांडेय का छोटा पुत्र अभिषेक पांडेय ने आर्मी ऑफिसर टेस्ट 47 और एनडी, (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में ऑल इंडिया में 5 वीं रैक और 182वी रैंक लाकर जनपद का सम्मान बढ़ाया है। अभिषेक की सफलता पर परिजनों के साथ शुभचिंतकों ने ढ़ोल नगाड़े के साथ मिठाई और मालाफूल पहनाकर बधाई दी है। बहोरिकपुर के श्रीधर पांडेय के छोटे पुत्र अभिषेक का सेना मे जाने का जुनून बचपन से रहा। परिवार मे इनके दादा वकील पाण्डेय जी जूनियर हाई स्कूल के हेडमास्टर पद से सेवा निवृत हुए है। बड़े पिता शशिधर पाण्डेय और पिता एस.डी.पाण्डेय सेना के ऑर्डनरी नायब सूबेदार से सेवा निवृत हुए है। अभिषेक पढाई में शुरु से अव्वल रहे है। इनकी पढाई पूरी आर्मी पब्लिक स्कूल लखनऊ के कैंट एरिया मे हुआ हैं। कैंट एरिया में रहने से सेना को नजदीक से जानते थे। यह एग्जाम यूपीएसी यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित किया जाता है। यंग ऑफिसर का परीक्षा इंडिया में सबसे कठिन परीक्षा होता है। प्रति वर्ष 8 लाख लड़के सम्मिलित होते है । जिसमें केवल 400 ही छात्रों का चयन होता है। अभिषेक अपनी ट्रैनिंग के लिए नेशनल डिफेंस अकादमी पुणे के लिए 3 साल के लिए जाएंगे। घर में खुशी का माहौल है। माता इंद्रकला पाण्डेय का इनकी सफलता में बहुत बड़ा योगदान है। परिणाम आने के बाद जब अभिषेक अपने पैतृक आवास पहुंचे तो गांव के लोगों ने ढोल नगाड़ा और मिठाई व माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दिया। वही परिवार के लोग खुशी से झूम उठे। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी, जिपंस शंभूनाथ, ग्राम प्रधान बंटी पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

## अंत्योदय लाभार्थियों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड, 20 जुलाई तक चलेगा पखवाड़ा

**सोनभद्र**। जिले में अंत्योदय आयुष्मान पखवाड़ा के अंतर्गत 66 अंत्योदय लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। पांच जुलाई से शुरू हुआ यह पखवाड़ा 20 जुलाई तक चलेगा। पखवाड़ा के तहत अंत्योदय योजना के लाभार्थी परिवार के प्रत्येक सदस्य के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर एस ठाकुर ने बताया पांच जुलाई से 20 जुलाई तक अंत्योदय आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। अंत्योदय लाभार्थी इसका लाभ उठाएं और अपने आयुष्मान कार्ड बनवाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस ठाकुर ने बताया जिले में 60,558 अंत्योदय के कुल लाभार्थी है। आयुष्मान पखवाड़े के तहत 45,850 अंत्योदय लाभार्थियों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया अभी तक आयुष्मान योजना से जुड़े 10092 लाभार्थी निशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया योजना से जनपद में 16 निजी तथा 8 सरकारी हॉस्पिटल सूचीबद्ध हैं। जिला समन्वयक रजत मिश्रा ने बताया आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड अपने साथ लाना अनिवार्य है। अंत्योदय कार्ड धारक नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर, ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय में आयुष्मान मित्र द्वारा अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थियों के पास आयुष्मान कार्ड होना जरूरी है ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें योजना से सूचीबद्ध चिकित्सालय में निशुल्क उपचार मिलने में किसी तरह की दिक्कत न हो।

## अघोषित बिजली कटौती से आक्रोशित उपभोक्ताओं का प्रदर्शन



**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रन्तर्गत स्थित ग्राम सभा बीजपुर के मुख्य बाजार पुनर्वास प्रथम व शांतिनगर में अघोषित बिजली कटौती को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों व बीजपुर बाजार के व्यवसायियो नें एन टी पी सी रिहंद स्टेशन के स्वागत गेट पर बुधवार की देर रात्रि व गुरुवार की सुबह घंटो जमे रहकर उग्र प्रदर्शन किया। जिससे सुरक्षा के मद्देनजर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा गेट को बंद कर दिया गया था। आक्रोशित जनता ने जमकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाए। जनता का कहना था कि स्थानीय एन टी पी सी प्रबंधन द्वारा बीजपुर के विस्थापित व व्यवसाइयों के विद्युत व्यवस्था के लिए एक संविदाकार को ठेका दे रखा है। लेकिन वर्तमान संविदाकार के ठेके के दौरान यहाँ की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। आए दिन अघोषित विद्युत कटौती से जनता इस उमस भरी गर्मी में व्याकुल हो जा रही है। बुधवार को बाजार, शांतिनगर व पुनर्वास प्रथम में जहाँ समूचे दिन भर तो बिजली गायब रही ही। लेकिन जब रात्रि में बाजार में बिजली नहीं आई तो बाजारवासियों के सब्र का बांध टूट गया। देखते ही देखते आक्रोशित जनता देर रात्रि स्टेशन के स्वागत गेट पर जमकर उग्र प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन विरोधी नारे लगाने लगे। जैसे ही इस बात की जानकारी प्रभारी निरीक्षक बीजपुर भैया शिव प्रसाद सिंह को हुई वैसे ही वे हमराहियों के साथ स्वागत गेट पर पहुँच गए। थोड़ी देर के मशक्कत के बाद वे उग्र जनता को मनाने में कामयाब रहे। अंतत: उनके आश्वासन पर जनता बैरंग अपने अपने घर को लगभग साढ़े ग्यारह बजे के आसपास लौट आई। लेकिन रात कौन कहे जब सुबह भी बिजली नहीं आई तो पुन: एक बार आक्रोशित जनता ने बीजपुर बाजार की सारी दुकानें बंद करके स्वागत गेट पर एकत्र हो गई। उग्र भीड़ को देखते हुए सी आई एस एफके जवानों ने एक बार फिर स्वागत गेट को बंद करते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोड़ से कइयों की संख्या में गेट के पास खड़े हो गए। एक तरफआक्रोशित जनता दूसरी तरफ जवान। ऐसे हालात में दैनिक वेतनभोगी श्रमिक गेट के अंदर घुसने में लाचार होकर भीड़ के साथ खड़े दिखे। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह के समझाने पर स्टेशन के एक महाप्रबंधक टी ए सी के उच्चाधिकागण आदि ने जनता के पाँच सदस्यीय लोगो से बातचीत हेतु प्रशासनिक भवन में वार्ता करने को राजी हो गए। प्रशासनिक भवन परिसर के एक हाल में तहसीलदार दुद्धी श्री बर्मा प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह के मौजूदगी में स्टेशन के उच्चाधिकारी व 5 सदस्यीय जनता के प्रतिनिधियों के बीच कई घंटे तक वार्ता के दौरान समुचित ढंग से बिजली चलाने पर गहन मंथन व बिचार विमर्श करके आगे की रूपरेखा बनाई गई।

## नशे में धुत पुलिसकर्मी का वीडियो होने के बाद एसपी ने किया निलंबित

**मऊ।** शहर कोतवाली अंतर्गत दीवानी न्यायालय में कैदी की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी का नशे में धुत वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी पंकज यादव की ड्यूटी बुधवार को दीवानी न्यायालय में पेशी पर आने वाले बंदियों की सुरक्षा के लिए लगाया गया था। बुधवार की अपरान्ह 12 बजे के करीब ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी पंकज यादव का नशे में धुत वीडियो वायरल होने के बाद सनसनी फैल गया। वायरल वीडियो को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से एक्शन लेते हुए आरोपी मुख्य आरक्षी पंकज यादव को निलंबित कर दिया। साथ ही साथ उसके खिलाफ विभागीय जांच का आदेश भी जारी कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा पूरे प्रकरण की जांच किया जाएगा। जांच के बाद आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ अन्य विभागीय कार्रवाई भी किया जाएगा।

## नगर पालिका नगर में लगाएगी 13 नए नलकूप

संवाददाता। मऊ



**पालिका** अध्यक्ष तय्यब पालकी ने कहा कि वर्तमान समय में नगर पालिका क्षेत्र के कुल 13 मुहल्लों में नगर पालिका नये नलकूप (ट्यूबवेल) लगवाएगी, ताकि लोगों को जलापूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। नगर के मुहल्ला मलिकताहिरपुरा में लगभग 9.85 लाख रुपये की लागत से लगने वाले 7.5 एचपी के बोरिंग कार्य का शुभारंभ के दौरान पालिका अध्यक्ष ने बताया कि मुहल्ला डोमनपुरा खुदबगिया, मुंशीपुरा देवपरवां, पुरा दुर्जन राय (माता पोखरा), पहाड़पुरा, में 20 एचपी बड़ा नलकूप अधिष्ठापित कराया जा रहा है एवं सिकटिया, चन्द्रभानपुरा एवं यूसुफ पुरा में जल्द ही 20 एचपी बड़ा नलकूप अधिष्ठापन का कार्य प्रारंभ किया जायेगा तो वहीं मुहल्ला मलिकताहिरपुरा, डोमनपुरा कसारी, छेदापुरा, कादीपुरा, बड़ा पोखरा व मुहल्ला नवापुरा पश्चिम में 7.5 एचपी (छोटा नलकूप) बोरिंग का कार्य प्रगति पर है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराकर पानी की समस्या का निदान करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। कहा कि नगर के विभिन्न मुहल्लों में कुल 13 नलकूपों का अधिष्ठापन इस उद्देश्य के साथ कराया जा रहा है कि शहरवासियों को पेय जल की समस्या से निजात मिले और उन्हें पार्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहे। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि नौशाद अहमद कलेण्डर समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022



# पत्रकारिता की दुनिया

## स्वतंत्रता पर सवाल

**चंडीगढ़** और नोयडा पुलिस के बीच खबरिया चैनल के एक एंकर को हिरासत में लेने के लिए हुआ झगड़ा अच्छी घटना नहीं है। इस घटना से अनेक मीडिया हाउसों की स्वतंत्रता संदेह के बादलों में घिर गई है। गिरफ्तारी से पहले मंगलवार सवेरे एंकर के घर गाजियाबाद के इंदिरापुरम में काफी नाटक हुआ। छत्तीसगढ़ पुलिस उनको एक वारंट के साथ गिरफ्तार करने आई थी जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कथित छेड़छाड़ वाला वीडियो जारी करने में उनकी भूमिका से संबंधित था। कथित रूप से छेड़छाड़ वाले वीडियो में राहुल गांधी को परोक्ष रूप से जिहादियों द्वारा उदयपुर में दर्जी की जघन्य हत्या को माफ करते दिखाया गया है। लगभग 6.15 बजे एंकर ने उत्तर प्रदेश पुलिस व सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक एसओएस ट्वीट के माध्यम से अपनी रक्षा करने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना छत्तीसगढ़ की पुलिस उनको गिरफ्तार करने उनके आवास पर पहुंच गई है। इसके बाद नोयडा पुलिस भी वहां पहुंच गई। इस बीच खबरिया चैनल ने स्वयं को छेड़छाड़ वाले उस वीडियो से अलग कर लिया। उसने दावा किया कि इस मामले में पुलिस शिकायत 'लापरवाही तथा ठीक से जांच न करने के कारण' हुई है। कंपनी ने दावा किया कि दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। कंपनी ने पुलिस से शिकायत में कहा, 'वर्तमान परिस्थितियों में कंपनी को समुचित संदेह और विश्वास है कि उपरोक्त लापरवाही व दायित्व से अलग हटने का काम प्रोड्यूसरों ने जानबूझ कर पूरे इरादे के साथ किया और उनकी एक दूसरे से मिलीभगत थी।'



केवल जांच से ही सच्चाई का पता चल सकता है, लेकिन इस घटना ने उन संदेही लोगों को स्वर दे दिए हैं जो लगातार अनेक मीडिया घरानों की स्वतंत्रता व निष्ठा पर सवाल उठा रहे हैं। मुद्दों पर राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाने में कोई गलती नहीं है, लेकिन जब कोई मीडिया संगठन या उसके कुछ पत्रकार किसी पार्टी के हित आगे बढ़ाने का काम करते हैं तो यह पत्रकारिता नहीं होती है, बल्कि यह राजनीति हो जाती है और उससे जुड़े सारे नतीजे सामने आते हैं। इस प्रकरण को सारे मीडिया को सबक की तरह देखना चाहिए। उसे समझना चाहिए कि कोई भी 'कर्म के नियम' के क्षेत्राधिकार से बाहर नहीं है।

राजनेता वर्ग को समझना चाहिए कि यदि अंतर-राज्य मामलों की जांच करने वाले पुलिसजनों को रोका या उत्पीड़ित किया जाएगा तो कानून लागू करने के काम पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यही स्थिति मई में भाजपा नेता तेजेन्दर बग्गा के मामले में हुई थी। पंजाब पुलिस उनको 'भड़काऊ बयानों तथा धार्मिक शत्रुता बढ़ाने' के लिए गिरफ्तार करना चाहती थी, पर दिल्ली और हरियाणा की पुलिस ने यह प्रयास विफल कर दिया। उनके ट्वीटों से दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना लगाया गया था। पंजाब पुलिस के अनुसार वे अपराधी थे और उनको गिरफ्तार किया जाना चाहिए था, लेकिन दिल्ली और हरियाणा की पुलिस उसकी इस राय से सहमत नहीं थी। आखिरकार पुलिसजनों की कानून की समझ कानून की पुस्तकों में लिखे शब्दों के बजाय वरिष्ठ राजनेताओं के हितों पर निर्भर करती है, जिनके आदेशों का वे पालन करते हैं। यह कानून का शासन नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक कार्यालयों में बैठे पुरुषों व स्त्रियों का शासन है। प्रभावी रूप से इसका नतीजा मनमानेपन के कारण देर सवेर होने वाला ऐसा अत्याचार होता है जिसका प्रभाव सब पर पड़ता है। जब संपादकीयों में इस पर दुःख प्रकट किया जाता है तो अक्सर स्वप्नजीवी आदर्शवादी बता कर उनका मजाक उड़ाया जाता है। लेकिन 'कर्म का नियम' आलोचकों पर भी लागू होता है जिसमें पत्रकार व राजनेता, सभी शामिल हैं।।

# नाटो के सामने दोहरी रणनीतिक चुनौती

रूस-यूक्रेन युद्ध तथा चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए नाटो को दो मोर्चों-यूरोप व हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर बचाव के लिए अपनी भूमिका पुनः निर्धारित करनी चाहिए।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)



पश्चिमी देशों तथा भारत के साथ लगातार बिगड़ते संबंधों से चीन के वर्चस्ववादी इरादे पूरी तरह स्पष्ट होते हैं। इसके साथ ही ताइवान जलडमरूमध्य तथा दक्षिण चीन सागर में तनाव बढ़ रहा है। तिब्बत व जिनजियांग क्षेत्र में उठने वाले मानवाधिकार के मुद्दे इनके अलावा हैं। श्रीलंका व पाकिस्तान में वित्तीय संकट से मामला और बिगड़ गया है। 2020 में चीन ने अमेरिका को यूरोपीय संघ से साझेदारी के मामले में पीछे छोड़ दिया था और वह उसका सबसे बड़ा व्यापार साझीदार बन गया था। 2021 तक बीजिंग ने दुनिया में बनने वाले आधे जहाजों का निर्माण किया था। अनेक व्यवस्थाओं के माध्यम से चीन ने भावी नौसैनिक निर्माण में पश्चिम को खतरे में डाल दिया है। इनमें डिजाइन सहयोग समझौते, साइबर जासूसी व अधिग्रहण शामिल हैं। चीन ने उत्कृष्ट खोजी जहाज डिजाइनों की नकल भी की। संक्षेप में कहा जाए तो चीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति तथा भू-अर्थनीति में अपनी दबाव वाली नीतियों का प्रयोग कर रहा था। इसके अलावा उसने जासूसी तथा दुहरे-प्रयोग वाले उत्पादन सुविधाओं के माध्यम से अनेक देशों के लिए संप्रभुता संबंधी मुद्दे भी खड़े कर दिए थे।

दूसरी ओर फ्रांसीसी राष्ट्रपतियों के 2019 में दिए बयानों से स्पष्ट था कि नाटो 'ब्रेन डेड' है। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध तथा स्वीडेन व फिनलैंड को शामिल करने के प्रोटोकाल पूरे होने से अब गठबंधन ने 2022 के मैड्रिड समझौते से नई ट्रांस-पैसेफिक पहचान पुनर्जीवित कर दी है। नाटो के एशियाई क्षेत्रीय साझीदारों-आस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड व दक्षिण कोरिया के राष्ट्र प्रमुखों ने नाटो सम्मेलन में भाग लिया। इस प्रकार एशिया में सैन्यीकरण का नया आयाम विकसित हो रहा है जिससे चीनी विस्तारवाद व वर्चस्ववाद का मुकाबला किया जा सकता है। इससे स्पष्ट संदेश गया है कि नाटो एशिया को भी केन्द्र बना रहा है। नाटो 2022 की 'रणनीतिक अवधारणा' में बिना किसी लागलपेट स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 'पीआरसी के दुष्टतापूर्ण हाइब्रिड व साइबर आपरेशन्स तथा उसकी टकराव वाली बयानबाजी व दुष्प्रचार से हमारे सहयोगियों पर निशाना लगाया जाता है तथा उनकी सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया जाता है।' इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो की नई प्राथमिकतायें हैं। 1922 के शिखर सम्मेलन के पहले इन चार देशों के विदेश मंत्रियों ने दिसंबर, 2020 में पहली बार नार्थ एटलांटिक कौंसल-एनएसी में मुलाकात कर हिंद-प्रशांत में उभरती बहुआयामी सहयोग संभावनाओं का आंकलन किया था। इसी पृष्ठभूमि में 'नाटो 2030' विशेषज्ञ समूह का गठन हुआ है जिसने चीन को 'पूरी तरह व्यवस्थित शत्रु' घोषित किया है, जबकि पहले इसे 'शुद्ध रूप से आर्थिक पक्ष या केवल एक एशिया-केन्द्रित सुरक्षा पक्ष' माना जाता था।

हालांकि, राष्ट्रपति बराक ओबामा पहले नेता थे जिन्होंने चीनी खतरा भांप गर 2011 में आस्ट्रेलिया की संसद को संबोधित करते हुए 'धुरी' राजनीति की घोषणा की थी। इसके साथ ही विदेश सचिव हिलेरी क्लिंटन ने 'अमेरिका की प्रशांत शताब्दी' शीर्षक से एक लेख लिख कर उसमें तर्क दिया था कि 'क्षेत्र में रणनीतिक मोड़' आ गया है। इससे अमेरिकी नौसेना की पश्चिम एशिया के बजाय दक्षिण चीन सागर में तैनाती के संकेत दिए थे। लेकिन पश्चिम एशिया तथा अफगानिस्तान में अमेरिका की संलिप्तता के कारण इस नीति पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया। इसके बावजूद आज इस क्षेत्र में स्थितियां बदल रही हैं, जहां अमेरिका ने सऊदी-तुर्की शांति प्रक्रिया के अब्राहम समझौतों को उल्ट दिया है। इससे संकेत मिलता है कि आने वाले दिन हिंद-प्रशांत में काफी उथलपुथल वाले होंगे। एक और दृष्टिकोण से हिंद-प्रशांत का सैन्यीकरण चीन व रूस को प्रतिक्रिया के लिए मजबूर करेगा। इससे रूस की पूर्वी व दक्षिणी सीमाओं पर मौजूद शांति प्रभावित हो सकती है। पिछले कुछ दशकों में रूस ने इन दोनों दिशाओं में तुलनात्मक रूप से शांतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है और वह पूरी तरह केवल पश्चिमी मोर्चे पर ध्यान दे रहा था। इस प्रकार नाटो की रणनीति में परिवर्तन रूस-चीन मैत्री की परीक्षा भी लेगा क्योंकि रूस तुलनात्मक रूप से यूरोप पर अधिक ध्यान दे रहा है। इसके बावजूद नए शीतयुद्ध की आशंका, यानी रूस-यूक्रेन टकराव ने यूरोप में एक सहमति पैदा की है कि उसे रूस को प्राथमिक भू-राजनीतिक चुनौती के रूप में देखना होगा।

इसी सम्मेलन में नाटो ने तेजी से तैनात करने योग्य सैनिकों की संख्या 3,00,000 करने की घोषणा की है। इसके साथ ही वह बाल्टिक राज्यों तथा अन्य पांच फ्रंटलाइन देशों में ब्रिगेडों की संख्या दूनी करेगा। उसने रूस की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए हथियार व अन्य सप्लाई बढ़ाने की योजना भी बनाई है। इस प्रकार तैनाती में परिवर्तन 2023 तक पूरा हो जाएगा। वर्तमान समय में उसके सदस्य देशों का रक्षा खर्च वास्तविक मूल्य में 2022 के अंत की तुलना में 1.2 प्रतिशत अधिक हो गया है। इसके साथ ही यूरोप अपनी ऊर्जा निर्भरता घटाना चाहता है। यह महत्वपूर्ण सवाल है जिस पर विचार करना जरूरी है, लेकिन इसके कारण नाटो की सैनिक व वित्तीय प्रतिबद्धता पहले स्थान पर यूरोपीय रक्षा तथा दूसरे स्थान पर चीन को हिंद-प्रशांत क्षेत्र तक सीमित रखने की होगी। ऐसे में सवाल उठता है कि यूरोपीय देश क्या प्राथमिकता चुनेंगे? क्या वे एक ही समय दो खतरों का मुकाबला कर सकते हैं? यूक्रेन-रूस टकराव यदि सालों नहीं तो एक-दो महीने तक जारी रह सकता है। इसके साथ ही यदि चीन इसी कालखंड में ताइवान पर हमले का फैसला करे या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संकट बढ़ाए तो क्या होगा? रूस-यूक्रेन टकराव के शुरुआती चरण में फ्रांस और जर्मनी अपनी गैस सप्लाई घटाना नहीं चाहते थे।

भविष्य का अनुमान लगाना कठिन है और यही बात बहुपक्षीय सैनिक गठबंधनों के बारे में भी सही है। विचारणीय है कि एशिया में सहयोगियों पर संकट बढ़ने पर क्या होगा। हिंद-प्रशांत में अतिरिक्त तैनाती के साथ नाटो को एक ट्रांसएटलांटिक चीन नीति तैयार करनी होगी। इससे चीन ज्यादा प्रतिक्रिया करने और संभवतः नाटो की एकता टेस्ट करने की तैयारी करेगा।

दक्षिण व मध्य एशिया में हालिया घटनाक्रम से तीन महत्वपूर्ण मुद्दे उभर रहे हैं। पहला, रूस और चीन अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर ईरान व पाकिस्तान जैसे देशों को शामिल करना चाहते हैं जिनका दृष्टिकोण अमेरिका-विरोधी है। उभरते क्वाड का मुकाबला पश्चिम के सहयोगियों के समक्ष चुनौती पेश करेगा। दूसरा, यूक्रेन की कृषि उत्पादकता के विनाश से अनाजों की मांग बढ़ेगी। अच्छी कृषि के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण फास्फेट की सप्लाई पर चीन का प्रभुत्व है जो इसका प्रयोग भू-राजनीतिक औजार के रूप में पश्चिम तथा दक्षिण व मध्य एशिया के खिलाफ किया जा सकता है। तीसरा, इस टकराव का प्रभाव धरती का औसत तापमान बढ़ने के रूप में सामने आता है। इससे खासकर आर्कटिक क्षेत्र में नए समुद्री मार्ग खोलना प्रभावित हो सकता है। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र नए टकरावों का क्षेत्र बन जाएगा।

भारत का बहु-ध्रुवीयता पर पूरा विश्वास है, इसलिए वह चीन-नीत एससीओ, ब्रिक्स व आरआईसी से अलग क्वाड की रणनीतिक साझेदारी में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुध्रुवीय नीति के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। एशिया का सैन्यीकरण बढ़ने के साथ ही यहां टकराव की संभावनायें भी बढ़ जाएंगी। यह भारत के लिए एक अवसर प्रदान करता है कि वह वर्चस्ववादी प्रवृत्तियों के बीच संतुलन बनाए तथा भारत की सुरक्षा व संप्रभुता के साथ कोई समझौता न करते हुए लोकतांत्रिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़े। इसके लिए जरूरी है कि भारत अपने बजट को ठीक करते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े तथा रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखे। ऐसा न होने पर वह पश्चिम तथा रूस की हथियार व्यापार की भू-राजनीति में फंस सकता है।

एक-दो साल तक कठोर निर्णय लेकर वित्तीय संसाधनों को रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विकास तथा साइबर व अंतरिक्ष क्षमतायें प्राप्त करने का प्रयास करना जरूरी है। यदि वर्चस्ववादी प्रवृत्तियों का विकास होता है तो हमें अपनी नीतियां भी बदलनी होंगी। ऐसी स्थिति में नई दिल्ली के परंपरागत सहयोगी रूस जैसे देश चीन के साथ जा सकते हैं। इससे भारत को सैनिक व वित्तीय समर्थन के लिए अन्य इच्छुक शक्तियों की ओर देखना होगा। इससे दक्षिण एशियाई सुरक्षा ढांचे में व्यापक परिवर्तन आएंगे।

# निकारागुआ में क्यूबा जैसा मिसाइल संकट

**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



आजकल, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों के पास पर्याप्त हथियार हैं कि वे एक-दूसरे पर अपनी मातृभूमि से हमले कर सकते हैं। यह समाचार का हिस्सा इतना अस्पष्ट और असंभव था कि पिछले महीने जब यह पहली बार सामने आया तो मेरा इस पर ध्यान नहीं गया। खबर यह थी कि रूसी निकारागुआ में हाइपरसोनिक परमाणु मिसाइलें तैनात करने जा रहे हैं और अमरीकियों को यूक्रेन से पीछे हटने के लिए डरा रहे हैं। या अगर वे नहीं हटते हैं तो उन सभी को मार डालेंगे।

ओल्गा स्केबेयेवा ने जनता में व्यापक रूप से लोकप्रिय रूसी टीवी चैनल पर आयोजित होने वाले नए समाचार शो 'रोसिया -1' पर कहा,''अगर अमेरिकी मिसाइल सिस्टम यूक्रेनी क्षेत्र से लगभग मास्को तक पहुंच सकते हैं, तो रूस के लिए यह समय है कि वह अमेरिकी 'शहर की एक पहाड़ी' के करीब कुछ शक्तिशाली तैनाती करे।''

अमेरिकी शहरों को उड़ाए जाने के विचार पर पैनलिस्टों के सामान्य दल ने खुशी से खुद को शाबाशी दी। एक ने कहा, 'न्यूयॉर्क शहर जैसा लक्ष्य, एक अच्छा शहर, लेकिन यह खत्म हो जाएगा। पूरी तरह से एक रॉकेट से पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। फिर उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट ने अमेरिकियों का होश ठिकाने पर ला दिया था (शर्त है कि आप नहीं जानते थे कि अमेरिका हार गया था), और कैसे निकारागुआ में रूसी मिसाइलें अमेरिकियों को पुनः होश में ला सकती हैं। इससे पहले कि वे सचमुच आहत हों, वे हार मान लेंगे।

जैसा कि रूसी टेलीविजन दर्शकों की एक बड़ी जमात शो देखती है, यही खबर आम रूसियों को मिल रही है। लेकिन अगर ये लोग वास्तव में रूसी अभिजात वर्ग के उन विचारों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो संभव और अनिवार्य हैं, तो हम सभी मुश्किल में हैं। परमाणु युद्ध आसन्न है। मुझे वास्तव में नहीं लगता कि परमाणु युद्ध आसन्न है, लेकिन इस समय रूस में इसके बारे में बहुत सारी सस्ती बातें चल रही हैं। तो आइए पश्चिम में आशावादी धारणा की जांच करें कि रूसी सैन्य व राजनयिक पदानुक्रम में कुछ लोग - उम्मीद है कि काफी वरिष्ठ लोग - टेलीविजन पंडितों की तुलना में वास्तविकता की बेहतर समझ रखते हैं।

क्या वास्तव में ऐसे रूसी जनरल और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हैं जो सोचते हैं कि ''अमेरिकी मिसाइल सिस्टम यूक्रेनी क्षेत्र से मास्को तक लगभग पहुंच सकते हैं? '' अगर आपका मतलब अमेरिकी परमाणु मिसाइलों से है, तो बिल्कुल नहीं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूक्रेन को गैर-परमाणु युद्धक्षेत्र मिसाइलें दी हैं, लेकिन उसने जानबूझकर गोला-बारूद को उन प्रकारों तक सीमित कर दिया है जो रूस में किसी भी महत्वपूर्ण दूरी तक नहीं पहुंच सकते हैं। यूक्रेन में कोई अमेरिकी सैनिक नहीं हैं, और यूक्रेनी हाथों में कोई परमाणु हथियार नहीं हैं।

अमेरिकी परमाणु मिसाइलों को रूस के 'करीब' ले जाने के बारे में काम पूरी तरह से बेकार है: वे जहां अभी हैं, वहां से भी उतने ही घातक हैं। रूसी जनरल और राजनयिक मूर्ख नहीं हैं : वे जानते हैं कि अमेरिकी परमाणु हथियार प्रणाली 1960 के दशक से अमेरिकी मातृभूमि या दुनिया के किसी भी महासागर से रूस तक पहुंचने में सक्षम है। खैर, फिर, निकारागुआ में रूसी परमाणु मिसाइलों को संयुक्त राज्य अमेरिका के करीब रखने से रूस को कोई फायदा कैसे होगा? यह नहीं होगा, हालांकि यह शायद अमेरिकी सरकार को बड़े पैमाने पर जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिए उकसाएगा। 1962 में क्यूबा में रूसी परमाणु मिसाइलों की तरह, जानते हैं न?

1962 के क्यूबा और आज के निकारागुआ के बीच का अंतर यह है कि 1962 में 'करीब' का अभी भी कुछ मतलब था, जब संयुक्त राज्य अमेरिका के पास पहले से ही अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें थीं जो पुराने सोवियत संघ तक पहुंच सकती थीं, लेकिन रूस के पास लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल नहीं थी जो अभी भी किसी अमरीकी शहर को चोट पहुंचा सके।

रूसियों ने कुछ छोटी दूरी की परमाणु मिसाइलों को क्यूबा में घुसा भी दिया था, लेकिन अमरीकियों ने उन्हें देखा, नाकाबंदी लगाई, और क्यूबा पर आक्रमण करने की धमकी दी। मास्को ने अपनी मिसाइलें वापस खींच लीं, बावजूद इसके कि हर कोई बाद में नाराज रहा।

वर्तमान में, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों के पास पर्याप्त हथियार हैं कि वे एक-दूसरे पर अपनी मातृभूमि से हमले कर सकते हैं। भौगोलिक रूप से अब 'करीबी' रणनीतिक या सैनिक रूप से कोई लाभ नहीं देती है। इसके अलावा, निकारागुआ ने यह नहीं कहा है कि वह रूसी परमाणु हथियारों, या वास्तव में किसी भी प्रकार के रूसी हथियारों की मेजबानी करेगा।

निकारागुआ के राष्ट्रपति डैनियल ओर्टेगा ने पिछले महीने एक आदेश जारी किया था जिसमें रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका या अन्य मध्य अमेरिकी देशों से कम संख्या में सैनिकों को प्रशिक्षण, कानून प्रवर्तन या आपातकालीन प्रतिक्रिया के उद्देश्यों के लिए अल्पकाल के लिए अपने देश में तैनात करने के लिए अधिकृत किया था। ओर्टेगा 1980 के दशक में मार्क्सवादी थे। निकारागुआ क्रांति की जीत के बाद, उन्हें सोवियत सहायता मिली, और अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने उन्हें सत्ता से उतारने के असफल प्रयास में गुरिल्ला / आतंकवादी आंदोलन को वित्तपोषित किया, लेकिन वो बहुत पहले की बात थी। अब, ओर्टेगा पुतिन जैसे एक और तानाशाह हैं। वह चुनावों में धांधली करते हैं, विपक्ष को जेल में डालते हैं, और राज्य के बजट को अपनी निजी आय मानते हैं। निकारागुआ टूट गया है, इसलिए ओर्टेगा रूसी पैसे लेने में खुश हैं, लेकिन वह शायद इतने मूर्ख नहीं हैं कि रूसियों को मिसाइलें लाने दें।

रूस की बहुप्रचारित हाइपरसोनिक मिसाइलें वैसे भी अप्रासंगिक हैं, क्योंकि 'हाइपरसोनिक' मिसाइलें तभी उपयोगी होती हैं, जब किसी देश के पास मिसाइल-रोधक अच्छी सुरक्षा हो। वास्तव में, किसी के पास अच्छी मिसाइल सुरक्षा नहीं है, इसलिए, वे रणनीतिक रूप से बहुत कम अंतर करते हैं। कुछ टर्मिनल मार्गदर्शन के साथ आम मिसाइलें ठीक काम करती हैं।

इसीलिए, यहां पर तर्कसंगत निष्कर्ष यह निकलता है कि यह सब अज्ञानी रूसी टीवी पंडितों द्वारा किया गया प्रचार मात्र है, बल्कि एक चेतावनी है। मैंने भविष्यवाणी की थी कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण नहीं करेगा क्योंकि ऐसा करना पूरी तरह से मूर्खता होगी। मैं अभी भी मान रहा हूं कि रूसी नेता तार्किक हैं, लेकिन अब मुझे कुछ संदेह है।

## आप की बात

### सामाजिक नियंत्रण जरूरी

**लगता** है विवादों का दूसरा नाम ही भारत है। विकासशील भारत में तरक्की व प्रगति के तराने कम विवादों का शोर उसकी नियति बनता जा रहा है। एक झंझट से निकलो तो दूसरा झंझट सामने आ जाता है। अभी नूपुर शर्मा तथा सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का विवाद थमा नहीं कि अब फिल्मकार लीना मणि मेकलाई की फिल्म काली के पोस्टर पर विवाद पैदा होना स्वाभाविक है। ऊपर से तृणमूल की सांसद महुआ मोइत्रा ने टिप्पणी कर आग में घी डाल दिया है। आखिर कब तक हिंदू देवी-देवताओं को लक्ष्य कर इस प्रकार की उटपटांग हरकतें की जाएगी। क्या यह कोई सुनियोजित षड्यंत्र तो नहीं है जो हिंदू भावनाओं को आहत करने तथा देश की एकता, अखंडता व सौहार्द को विखंडित करना चाहते है। चाहे जो भी हो, सरकार को गंभीरता से लेना चाहिए। ऐसी हीन, कुत्सित हरकत करने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। अब तो ऐसी तुच्छ हरकतों से बाज आओ। क्यों पब्लिसिटी के लिए पैरों को कुल्हाड़ी पर रख, देश में आग लगा रहे हो। ऐसे घृणित प्रयासों पर बिना किसी आक्रामकता के सामाजिक स्तर पर लगाम लगाने के प्रयास जरूरी हैं।

-**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**भारत** सरकार ने देश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की घोषणा की है। टूथ ब्रश से लेकर डेबिट कार्ड तक प्लास्टिक इतना सर्वव्यापी हो गया है कि विश्व के अधिकांश भागों की तरह भारत भी प्लास्टिक अपशिष्ट की बढ़ती मात्रा से जूझ रहा है। ऑनलाइन रिटेलर फूड डिलीवरी एप की लोकप्रियता प्लास्टिक अपशिष्ट की वृद्धि में योगदान दे रही है और प्लास्टिक पैकेजिंग के अत्यधिक उपयोग के लिए ई-कॉमर्स कंपनियां भी निंदा का शिकार हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में प्रकाशित किया था कि 90 फीसदी बोतलबंद जल में माइक्रोप्लास्टिक उपस्थित थे जोकि अत्यंत चिंता की बात है। इसके लिए हमें उपाय करने होंगे जैसे कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतया बंद करना होगा। इसके साथ-साथ वैश्विक पर्यटन प्लास्टिक पहल भी बहुत काम आएगी जिसका उद्देश्य आने वाले सालों तक कार्यवाही योग्य प्रतिबद्धताओं की एक श्रृंखला के जरिए पर्यटन क्षेत्र से प्लास्टिक प्रदूषण घटाना है। यह पहल सौ प्रतिशत प्लास्टिक पैकेजिंग को पुनः प्रयोग पुनःचक्रण योग्य खाद बनाने को भी शामिल करेगी।

-**सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

### योगी जी की पहल

**वन** महोत्सव का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है कि हम अपनी दिनों-दिन कम होती वन संपदा को बढ़ाने के लिए वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें, वृक्षों को काटें नहीं। परंतु आज वृक्षारोपण भी लोकप्रियता पाने का साधन बनता जा रहा है। राजनैतिक दल, सामाजिक संस्थाएं हजारों लाखों की संख्या में वन महोत्सव के अंतर्गत पौधारोपण करते है, फोटो खिंचवाते हैं, समाचार पत्रों में छपवाते हैं और वन महोत्सव कार्यक्रम की इतिश्री हो जाती है। उसके बाद कोई भी उन रोपे गए पौधों की सुध लेने नहीं आता। एक पौधे को लगाना बिल्कुल वैसा ही है जैसे कि किसी बच्चे को गोद लेना। हाल ही में यूपी के मुख्यमंत्री योगी जी ने इस दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया है, जिसके तहत वन महोत्सव के दौरान रोपे गए पौधों की देखभाल के लिए समितियों का गठन किया जाएगा। अन्य लोगों को भी योगी जी से सीख लेनी होगी कि यदि हम कोई पौधा रोपते हैं तो उसकी, अपनी संतान की तरह देखभाल करें।

-**राजेंद्र कुमार शर्मा,** रेवाड़ी

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



**नैनो** व परंपरागत यूरिया का स्वदेशी उत्पादन आयातों का पूरा स्थान ले लेगा।

- **मनसुख मंडाविया**
केन्द्रीय उर्वरक मंत्री



**सारे** स्कैंडलों व विफलताओं के बाद यह पूरी तरह स्पष्ट है कि सरकार गिरने जा रही है।

- **कीर स्टैमर**
ब्रिटेन के विपक्षी नेता



**भाजपा** चाहे जो करे, पर आप उसे लोकतंत्र को तोड़ने नहीं देगी।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022



# बूथों का सशक्त होना जरूरी : मोहसिन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**भाजपा** की बूथ सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को जनपद में प्रदेश के दो बड़े भाजपा नेता विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति विजय बहादुर पाठक और राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने आकर भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के साथ कमजोर बूथों की भ्रमण कर उसकी स्थिति को सुदृढ़ बनाने की योजना रचना पर कार्य किया। बूथों पर भ्रमण के दौरान दोनों नेताओं ने मण्डल अध्यक्ष सहित उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथों के सुदृढ़ किए जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया।

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर बूथ सशक्तिकरण अभियान को धार देने जनपद में आए उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने हंसवर मध्य बूथ में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की संगठन के संरचना में बूथ समिति का अति महत्व पूर्ण स्थान है। इसीलिए बूथों का सशक्त और मजबूत होना नितांत आवश्यक है। भाजपा कार्यकर्ता प्रधान संगठन है जिसमे कार्यकर्ता ही संगठन की विचार धारा को लेकर समाज में जाता है और बिना किसी राग द्वेष के जनता की कल्याण का कार्य करता है। भाजपा संगठन के कार्य की सफ्लता भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक परिश्रम से ही संभव हो पाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ की स्थिति को सुदृढ़ बनाने की योजना बना कर कार्य करने का आवाहन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की त्याग,तपस्या और शतत कार्य किए जाने के कारण ही सम्भव हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति आधारित राजनीति करती है। भाजपा सरकार में सभी वर्गों को सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ बिना भेद भाव के मिल रहा है।

प्रदेश राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के साथ हंसवर मण्डल के बूथ एदिलपुर, मुंडेरा, गोहिला, सेमरा नसीरपुर, हंसवर मध्य, केवटला, दाउद चक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, मण्डल अध्यक्ष सुग्रीव कन्नौजिया, भाजपा नेता योगेंद्र मिश्र, अनुराग त्रिपाठी, जवाहर लाल मौर्य, नारद विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, शुभम सिंह पालीवाल, कमलेश कुमार, बलिराम, अनिरुद्ध कुमार, भोले, फैजल सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बूथ पर जाकर उनकी स्थिति पर चर्चा करते हुए बूथों को सशक्त बनाए जाने हेतु मंत्र दिया।

## हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा की गई

**अयोध्या।** डीएम नितीश कुमार के निर्देश पर सीडीओ अनिता यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आईजीआरएस निस्तारण, हर घर तिरंगा आदि को लेकर सम्बंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी। सीडीओ ने बताया कि आईजीआरएस निस्तारण रैंकिंग में जिले की स्थिति संतोषजनक नही है इसमें सुधार लाने की आवश्यकता है। आईजीआरएस निस्तारण करते समय यह ध्यान रखा जाय कि शिकायतकर्ता की बात सुनकर ही निस्तारण आख्या प्रेषित की जाय। हर घर तिरंगा की तैयारियों की समीक्षा करते हुये कहा कि हर विभाग से तथा विकासखण्ड अधिकारी ग्राम पंचायतवार ग्राम सचिव से तिरंगा झंडा की मांग प्राप्त कर भेजे। उन्होंने बताया कि तिरंगा झंडा निर्माण हेतु एनआरएलएम की महिला समूहों को प्रशिक्षित किया जायए जिससे कि तिरंगा झंडा निर्धारित आकृति में बनाया जा सकें। महिला समूहों से झंडा सिलवाकर 5 अगस्त तक सभी विभागों को उनकी मांग के अनुसार उपलब्ध करा दिया जाय।

# इफको में आफसाइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास



मॉकड्रिल करते कर्मचारी।

**प्रयागराज।** इफको फूलपुर इकाई में पूर्वाह्न आफसाइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास मॉकड्रिल किया गया। इस दौरान अमोनिया स्टोरेज टैंक के अमोनिया भंडारण टैंक 2103 एफका आउटलेट लाइन पर आपातकालीन नियंत्रण वाल्व ईएमवी 3501 के डाउनस्ट्रीम में अमोनिया के रिसाव जैसी स्थिति पैदा की गई। पहले रिसाव आरंभ हुआ उसके पश्चात बचाव की प्रकिया में लगी हुई टीम ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया। इसके उपरांत इफ्को एवं सहयोगी टीमें स्थानीय बच्चा राम यादव कालेज बाबूगंज अस्थायी आपदा राहत केन्द्र गई। इकाई प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने स्थानीय ग्रामीणों को अमोनिया गैस के रिसाव संभावित खतरे एवं बचाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गीला कपड़ा एवं पानी का छिड़काव अमोनिया गैस से बचने का प्राथमिक उपचार है। उन्होंने बताया अमोनिया जहरीली गैस नहीं है लेकिन हमारी कोशिश रहेगी कि अमोनिया गैस रिसाव ना हो। इसको हम अतिशीघ्र नियंत्रित कर ले एवं स्थानीय गांव प्रभावित ना हो। इकाई प्रमुख ने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। स्थानीय प्रशासन व इफ्को प्रबंधन और समस्त विभागाध्यक्षों के साथ आफ साइट इमरजेंसी प्लान की समीक्षा बैठक की गई। भविष्य में होने वाली मॉक ड्रिल को फूलफ्रूफ रखने का निश्चय किया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग इफ्को स्थानीय प्रशासन अग्निशमन विभाग उप्र गेल इण्डिया लिमिटेड फूलपुर थाना एनटीपीसी पीपीजीसीएल एलपीजी सेफ्टी सुरक्षा विभाग की टीमों ने पूर्वाभ्यास में सहयोग किया। इस दौरान नितिन यादव सहायक निदेशक कारखाना डा आर के पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रयागराज अरुण कुमार एलपीजी सेफ्टी एके गुप्ता अनुभागाध्यक्ष अग्नि गेल कई स्थानीय ग्राम प्रधान संयुक्त महाप्रबंधक एम डी मिश्र एपी राजेन्द्रन संजय वैश्य संजय भंडारी पी के सिंह डॉ अनिता मिश्रा व पी के पटेल मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाये गये प्रतिबंध को कड़ाई के साथ लागू करें: कमिश्नर



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों से शासन द्वारा 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाये गये प्रतिबंध को कड़ाई के साथ लागू करने की अपेक्षा की है। उन्होंने मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यदि कोई व्यापारी या दुकानदार प्रतिबंधित प्लास्टिक से बनी पॉलीथीन का उपयोग करते हुये पाया जाय तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि मंडल व जनपद स्तरीय अधिकारी व्यापार मण्डलों के सदस्यों के साथ बैठक कर प्रतिबंधित प्लास्टिक से बनी पॉलीथीन को सामान बेचने व खरीदने के लिए इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया जाए तथा प्लास्टिक से होने वाले दुरुपयोग की जानकार जानकारी दी जाएए साथ ही यह भी बताया जाए की यदि कोई दुकानदार प्रयोग में लेता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाएगी इसकी भी जानकारी दी जाएद्यउनके क्षेत्र में किसी भी सदस्य द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक से बनी पॉलीथीन न बेची जाय। मंडलायुक्त ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाली समस्याओं एवं बीमारियों के सम्बंध में जनसमूह में व्यापक प्रचार.प्रसार कर उनको जागरूक किया जाय तथा जनसामान्य को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने की शपथ दिलायी जाय।

# प्रतिष्ठानों व घरों पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित करें: डीएम



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान डी पी आर ओ द्वारा अवगत कराया गया कि हर घर तिरंगा के अंतर्गत प्रत्येक भारतीयों को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झंडा फ्हराने के लिए प्रेरित करना। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए सफ्लता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करना। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी/ कर्मचारी/ शिक्षक गण /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में स्वयं सहायता समूह में विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान डीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत-प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों ,संस्थानों तथा नलकूपों इत्यादि पर झंडा फ्हराने हेतु प्रेरित किया जाए। परिवहन निगम की समस्त बसों, निजी बसों, ट्रकों एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों तथा सरकारी वाहनों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का संदेश स्टीकर अथवा अन्य माध्यम से लगाया जाए। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक निजी आवास तथा प्रतिष्ठानों पर लगाया जाने वाले झंडों को उक्त समय अवधि के बाद आदर भाव के साथ उतारकर सुरक्षित रखा जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय (यूपी बोर्ड, आईसीएसई, सीबीएसई आदि) को निर्देश जारी किए जाएं कि सभी विद्यालयों में शिक्षकों- अभिभावकों की बैठक कराते हुए झंडा फ्हराने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि तिरंगा वॉलिंटियर्स के रूप में विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल,स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहो आदि के वॉलिंटियर्स को प्रचार प्रसार व वितरण कार्य में लगाया जाए। बैठक के दौरान 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज हेतु टांडा के बुनकरों मुरसलीन 150 मीटर, मोहम्मद कासिम अंसारी 500 मीटर, अशफ्क अहमद 500 मीटर, सैयद आजम 300 मीटर, मेराज अहमद 150 मीटर, मोहम्मद अलहसन 150 मीटर, मोहम्मद शिवली 150 मीटर, मोहम्मद अजहर 150 मीटर, मगफूर आलम 150 मीटर, मॉडर्न पावर लूम बुनकर से 150 मीटर, सिक्का टेक्सटाइल जमाल अफ्जल 500 मीटर तथा पूर्वांचल कृषि यंत्र उद्योग से 300 मीटर कपड़ा जिलाधिकारी को भेंट किया गया।' बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह, डीसी एनआरएलएम आर बी यादव, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग केंद्र आशुतोष पाठक, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### डीएम समेत अफसरों ने बाल वन में किया वृक्षारोपण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव व प्रभागीय वनाधिकारी ने तहसील सोहावल क्षेत्रान्तर्गत स्थित श्रीराम बल्लभा भगवन्त विद्यापीठ इंटर कालेज ड्योढ़ी में बनाये गये बाल वन में किया वृक्षारोपण। इस अवसर पर बाल वन में उक्त अधिकारियों के साथ साथ विद्यालय के बालक.बालिकाओं व अध्यापकगणों द्वारा भी बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में लगभग 41 लाख पौधे वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत रोपे जा रहे है। 40 दिनों का यक अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। 15 अगस्त को सर्वाधिक वृक्ष लगाने व उन्हें जीवित रखने हेतु बेहतर व्यवस्था करने वाले विभागोंए व्यक्तियों, संस्थाओं को सम्मानित भी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने आगे कहा कि शुद्व वातावरण व स्वस्थ जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण वृक्ष है। सभी लोग अधिक से अधिक वृक्ष लगाये तथा उनको बच्चों की तरह बड़े होने तक देखभाल करेंए क्योंकि पृथ्वी पर यदि जीवन है तो वह पेड़.पौधों के ही कारण है। जिलाधिकारी ने बच्चों को शिक्षा व लक्ष्यों को प्राप्ति के लिए शिक्षकों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने तथा बच्चों को पूर्ण मनोयोग व लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया। बच्चियों को भी समान अवसर देने व समान अपेक्षायें रखने को कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त वर्मा ने कहा कि सभी लोग प्रत्येक वर्ष एक वृक्ष अवश्य लगायें तभी हम इस प्रदूषण रूपी दुश्मन से लड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना ही मात्र आपके कार्यो का इतिश्री नही वरन इसकी देखभाल करना तथा अपने आसपास घर, परिवार, गांव व समाज के लोगों को भी वृक्षारोपण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है। इस अवसर पर डीआईओएस सहित विद्यालय के शिक्षकगण, बच्चें आदि लोग उपस्थित रहे।

### विधि परामर्शदाता नामित किए जाने के संबंध में बनी सहमति

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में मंडलीय फैसिलिटेशन काउंसिल की बैठक कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। सर्वप्रथम एमएसएमई समाधान पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों हेतु विधि परामर्शदाता नामित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई जिस पर उन्हें अवगत कराया गया की विधि परामर्शदाता को आबद्ध करने के संबंध में सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है एवं आए हुए आवेदनों में से सबसे अनुभवी अधिवक्ता को आबद्ध करने हेतु उनका आवेदन समिति के सामने प्रस्तुत किया गया है। एमएसएमई समाधान पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार करने के दृष्टिगत यह भी अवगत कराया कि अभी तक 91 प्रकरण समाधान पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं। 31 आवेदन पत्रों को औपचारिकताएं पूर्ण न होने के कारण पोर्टल पर निरस्त कर दिया गया। 5 प्रकरणों पर आपसी सुलह समझौता कर लिया गया। 23 प्रकरणों पर कॉन्सिलिएशन की कार्यवाही प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है 32 प्रकरणों पर आवेदन कार्यालय को अप्राप्त हैं।

### आरपीएफ ने स्वतंत्रता सेनानियों, आश्रितों को किया सम्मानित

**प्रयागराज।** प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में आरपीएफउत्तर मध्य रेलवे की ओर से 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ग्वालियर द्वारा स्वतंत्रता सेनानी बाबू लाल शर्मा और स्व. आशाराम पाराशर की आश्रित पत्नी विमला शर्मा को उनके निवास स्थान बद्री विशाल प्लाज़ा हाई कोर्ट रोड ग्वालियर मप्र जाकर बाबू राम शर्मा की भांजी सीमा शर्मा के समक्ष भेंट स्वरूप शाल एवम फूल देकर सम्मानित किया गया। अछल्दा एवं भरथना रेलवे स्टेशन पर आरपीएफकी उपलब्धियों आरपीएफअमृत गीत सुरक्षा संरक्षा जागरूकता स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। आरपीएफबैंड स्टाफद्वारा पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति देशभक्ति धुन के माध्यम से प्रतिध्वनि किया गया। जल सेवा के तहत मथुरा आगरा किला अछनेरा एवं अन्य स्टेशन पर यात्रियों को पानी पिलाया गया। ललितपुर झाँसी कारखाना झाँसी स्टोर के रेलवे परिक्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। उत्तर मध्य रेलवे की चिन्हित स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया।



सम्मानित करते आरपीएफ के अधिकारी।

### चुनौतीपूर्ण भूमिका को लेकर उत्साहित: प्रणव

**प्रयागराज।** प्यार का पहला नाम राधा मोहन आज के वृंदावन पर आधारित एक परिपक्व रोमांस की कहानी है। यह ज़ी टीवी का पॉपुलर फिक्शन शो है। मोहन शबीर अहलुवालिया की कहानी है। जो कभी एक खुशमिजाज और दिलकश युवक था। आज मोहन की वो मुस्कान कहीं गुम हो गई है और अब वो एक गंभीर और चिड़चिड़ा इंसान बन गया है। दूसरी ओर राधा निहारिका रॉय एक धार्मिक और आशावादी लड़की है। जो मोहन के चेहरे पर एक बार फ्रि वही मुस्कान वापस लाना चाहती है। जहां दर्शकों को अपने प्यारे राधा और मोहन की केमिस्ट्री बहुत पसंद आ रही है।

## डीएम ने ढेमवा पुल के निर्माणधीन परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा आज बाढ़ कार्य खण्ड अयोध्या के कार्य क्षेत्र में ढेमवा पुल के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में निर्माणधीन परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया। अधिशासी अभियंता के द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्र में 2 परियोजनाओं का कार्य कराया जा रहा है जिसमें रौनाही पम्प हाउस से ढेमवा पुल तक एक परियोजना जिसमे पूर्व निर्मित डैम्पनर के पुनरोद्धार का कार्य लिया गया है एवं द्वितीय परियोजना जिसमे ढेमवा पुल से ढेमवा शमशान घाट तक 100 मीटर तक स्टेप बोल्डर पिचिंग का कार्य एवं 4 अदद डैम्पनर का निर्माण कार्य लिया गया है। यह भी अवगत कराया गया कि कार्यस्थल पर ढेमवा पुल के अपस्ट्रीम पर 1 अदद डैम्पनर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है एवं 3 डैम्पनर का लॉन्चिंग एप्रन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। गत मई एवं जून मास में नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण कार्य मे विलम्ब हुआ।

# सेवा से प्राप्त होता है भगवान का सानिध्य: महंत देवेन्द्र

● दशरथ महल में सजी फूल बंगले की झांकी मनमोहक दृश्य देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु



चक्रवर्ती दशरथ राजमहल में महंत देवेन्द्र प्रसादाचार्य के साथ अयोध्या के संत महंत

**अयोध्या।** फूलन के बंगला फूलन के परदा फूलन के परजंक पौडे मदन लजातए देखी नभ चांदनी सिया मन भावनी राम प्रिया सोभा लख हिय न अघात आचार्य प्रणीत पदों के गायन के साथ दशरथ राजमहल बड़ा स्थान में ग्रीष्मकालीन उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विराजमान भगवान धनुषधारी सरकार के फूल बंगले की भव्य एवं मनोरम झांकी सजाई गई। इस झांकी का दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ संत.महंत भी पहुंचे। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत बिन्दुगद्याचार्य स्वामी देवेन्द्रप्रसादाचार्य महाराज ने बताया कि आचार्य परम्परा में उत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले उत्सव की श्रृंखला में ही किया गया है। उन्होंने कहा कि उपासना में भाव का महत्वपूर्ण स्थान है। साधक संतों ने आराध्य की उसी प्रकार अष्टयाम सेवा पद्धति को अपनाया जिस प्रकार परिवारों में परिकर अपने स्वामी की सेवा करते हैं। भगवान के भोग.राग के साथ उनके सुख के लिए उत्सवों का आयोजन किया जाता रहा है। अर्चावतार के रूप में भगवान सभी भक्तों को सुलभ हैं। भक्त भी भगवान की सेवा के माध्यम से उनका सानिध्य प्राप्त कर सुखानुभूति करते हैं। ग्रीष्म काल की उष्णता में विराजमान भगवान को ठंडक पहुंचाने के लिए फूलों के बंगले में उन्हें विराजित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भगवान को प्रसन्न करने की ही प्रक्रिया है।

अतिथियों का स्वागत महाराज जी के कृपा पात्र शिष्य मंगल पीठाधीश्वर कृपालु राम भूषण दास जी महाराज ने किया और बताया कि प्रतिवर्ष फूल बंगले की झांकी का उत्सव चक्रवर्ती सम्राट दशरथ राज महल में मनाया जाता है ठाकुर जी को देश विदेश के विविध प्रकार के फूलों से सुसज्जित किया जाता है और विभिन्न पदों का गायन होता है जिसमें अयोध्या के सभी संत महंत सम्मिलित होते हैं सब का सम्मान किया जाता है और देश के कोने कोने से श्रद्धालु भक्तगण इस विहंगम दृश्य को देखने के लिए और गुरुदेव भगवान और ठाकुर जी की कृपा प्राप्त करने के लिए आते हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के कैशियर व श्रीराम सिटी फाइनेंस के खिलाफ केस दर्ज

**जाना बाजार।** हैदरगंज पुलिस ने बैंक ऑफबड़ौदा के कैशियर व श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस अयोध्या के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। यह केस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या के आदेश पर हैदरगंज पुलिस ने दर्ज किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या को दिए गए शिकायती पत्र में थाना क्षेत्र के उजरिया पुर निवासी राजेंद्र प्रसाद मिश्रा पुत्र पारसनाथ मिश्रा ने बताया है कि उनका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा हैदरगंज जनपद अयोध्या में है। जिसका खाता संख्या 10570100005728 है। उक्त खाते का चेक बुक बैंक ऑफ बड़ौदा के द्वारा राजेंद्र प्रसाद को जारी किया गया है। जिसका चेक बुक शिकायतकर्ता के पास है। जो किसी भी व्यक्ति को राजेंद्र प्रसाद ने जारी नहीं किया है। फ्रि भी उन्हीं चेक नंबरों के द्वारा शिकायतकर्ता राजेंद्र प्रसाद के खाते से 4 बार में 3299 रुपए की दर से कुल 13196 रुपए का भुगतान श्रीराम सिटी यूनियन फ्इनेंस ने साजिश के तहत बैंक कैशियर की मिलीभगत से जाली चेक से करा लिया। जबकि जिन जाली चेकों से भुगतान किया गया है। उसका असली चेक राजेंद्र के पास ही है। इसकी शिकायत शाखा प्रबंधक हैदरगंज से भी किया गया।

शाखा प्रबंधक द्वारा शिकायतकर्ता राजेंद्र प्रसाद के खाते का विवरण निकाला गया तो इस धोखाधड़ी की जानकारी सामने आ गई। अपने को लूटा देखकर शिकायतकर्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या के समक्ष पेश होकर अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत किया। एसएसपी के आदेश के बाद हैदरगंज पुलिस ने बैंक ऑफबड़ौदा के कैशियर व श्रीराम सिटी यूनियन फ्इनेंस के खिलाफ419, 420, 467, 468, 406 की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस बाबत थाना प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज अशोक कुमार यादव ने बताया कि बैंक कैशियर व श्रीराम सिटी यूनियन फ्इनेंस के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना कराई जा रही है।

# नवनियुक्त डीडीआर आरएन विश्वकर्मा ने कार्यभार संभाला

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



आर एन विश्वकर्मा।

**नवनियुक्त** उप शिक्षा निदेशक प्रयागराज डीडीआर आर एन विश्वकर्मा ने आज यातायात पुलिस कार्यालय के सामने स्थित डीडीआर कार्यालय में कार्यभार संभाल लियाण् श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्य होगे और शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण होगा। मृदुभाषी सौम्य व्यवहार के धनी और लोकप्रिय वरिष्ठ शिक्षाधिकारी आर एन विश्वकर्मा की शिक्षा इविवि से हुई है। वह सबसे पहले कौशाम्बी के मंझनपुर डायट में प्रवक्ता थे। इसके बाद प्रयागराज के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान मे वरिष्ठ प्रवक्ता यूपी बोर्ड के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय में उप सचिव एसोसिएट डीआईओएस प्रयागराज डीआईओएस प्रयागराज प्रभारी डीआईओएस द्वितीय और डीडीआर के पदों पर कुशलतापूर्वक कार्य किया। इसके पश्चात कर्मचारियों के साथ बैठक करके कार्यो की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जायेगा।

## आपत्ति को ध्यान में रखकर किए गए बदलाव

**प्रयागराज।** हम खुदा हाफ़िज़ चैप्टर दो अग्नि परीक्षा के निर्माता शिया समुदाय के कुछ लोगों द्वारा व्यक्त की गई आपत्ति को ध्यान में रखते हुए और इस के लिए माफी मांगते हैं कि हक हुसैन गाने के कुछ भाग ने अनजाने में उनकी भावनाओं को आहत किया है। समुदाय के कुछ लोगों ने हुसैन शब्द और ज़ंजीर के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई थी। हमने हर तरीके से गाने में बदलाव करने का फैसला किया है। सीबीएफ्सी सेंसर बोर्ड के परामर्श से हमने गाने से ज़ंजीर छुरी हटा दिए हैं और हमने हक हुसैन गाने के बोल को जुनून है। में बदल दिया है। स्वेच्छा से शिया संप्रदाय की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त परिवर्तन फ्ल्मि में किए हैं।

## लोगों की जरूरतें और उम्मीदों पर रहेगा ध्यान

**प्रयागराज।** बरसों से प्रसारित सास बहू की खटपट और डेली सोप के बहुओं के दुख दर्द और पीड़ा को देख देख कर अगर आप भी बोर हो चुके हैं तो घबराइये मत आपके मनोरंजन के लिए आईएन टेन मीडिया नेटवर्क का इशारा चैनल शीघ्र ही एक मजेदार शो लेकर आ रहा है। शो जेड टीवी की लोकप्रिय भाभियों के साथ चैट शो के रूप में होगा। इशारा चैनल के इस पहले सेलिब्रिटी चैट शो का नाम है भाभी के प्यारे प्रीतम हमारे जिसे होस्ट करेंगे। रेडियो जॉकी प्रीतम सिंह इसमें श्वेता तिवारी सारा खान बरखा सेन गुप्ता और जैस्मीन भसीन जैसी महिला टीवी सेलिब्रिटीज के साथ मनोरंजक बातें होंगी। यह एक रोज़ प्रसारित होने वाला प्राइम टाइम शो टीवी दर्शकों की पसंद के अनुरूप तैयार किया गया है। पर्दे के पीछे की गपशप गेम और मनोरंजन के कई पहलुओं को दिखाया जायेगा। देसी फ़्लेवर भी होगा। आईएन टेन मीडिया नेटवर्क के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य पित्ती ने कहा इस शो के साथ दर्शकों की संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी हर उम्मीद पूरी करना चाहते हैं।

# एनसीआर की उपलब्धियों का श्रेय रेलकर्मियों को: जीएम

● महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के साथ नार्थ सेन्ट्रल रेलवे मेंस यूनियन की स्थाई वार्ता तंत्र की दो दिवसीय बैठक संपन्न



बैठक करते जीएम रेलवे प्रमोद कुमार।

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय कार्यालय में आयोजित उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन एनसीआरएमयू के साथ दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र पीएनएम की बैठक आज हुई। मुख्य कार्मिक अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि दो दिवसीय बैठक के दौरान कर्मचारियों के कल्याण अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियों तबादलों स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य स्टाफसुविधाओं से संबंधित एजेंडा आइटम पर चर्चा हुई। बैठक के महाप्रबंधक सत्र को संबोधित करते हुए उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा उत्तर मध्य रेलवे भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो देश के उत्तरी भाग को दक्षिण और पूर्व से जोड़ता है। उन्होंने कहा कोविड के कठिन समय के बावजूद उत्तर मध्य रेलवे ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान चौतरफा उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने वर्ष के दौरान हासिल किए गए कई सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा उपलब्धियों का श्रेय रेलवे कर्मियों के समर्पण और प्रतिबद्धता को दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन ने हमेशा रेलवे प्रशासन का समर्थन किया है और रेलवे के सुचारू संचालन में सकारात्मक भागीदारी रही है। महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेल की वर्ष 2021.22 एवं 22.23 की प्रथम तिमाही की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि उत्तर मध्य रेलवे के स्वामित्व की नियमित गाड़ियों का संचालन लगभग पूरी तरह से प्रारम्भ किया जा चुका है। अप्रैल 2022 से जून 22 के दौरान अन्य क्षेत्रीय रेलवे की कुल 650 ट्रिप विशेष रेल गाड़ियों का संचालन उत्तर मध्य रेलवे पर किया गया। इस वर्ष की प्रथम तिमाही में उत्तर मध्य रेलवे की स्वामित्व वाली 57 विशेष समर स्पेशल गाड़ियों के कुल 289 ट्रिप का भी संचालन किया गया है। इसी क्रम में कर्मचारी कल्याण के संबंध में चर्चा करते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि रेल कर्मचारियों के बेहतर उपचार के लिए 48 निजी अस्पतालों से अनुबंध किया गया है। कोविड महामारी के विरुद्ध संघर्ष को सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए केन्द्रीय चिकित्सालय प्रयागराज मंडल चिकित्सालय झाँसी व आगरा तथा उपमंडलीय चिकित्सालय कानपुर में विशेष फीवर क्लीनिक स्थापित की गयी है। उत्तर मध्य रेलवे सदैव खेलों के प्रति समर्पित रहा है। इसी उद्देश्य से विभिन्न खेल डिस्पिलिन में उत्कृष्ट खिलाडियों के चयन हेतु वर्ष 2021.22 के दौरान खेलकूद कोटे के अंतर्गत 27 अभ्यर्थियों की भर्ती की गई। हाल ही में प्राप्त रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार 889 पदों को आवश्यक जगहों पर रि डिस्ट्रीबूट किया गया। इस अवसर पर ए आई आर एफके महामंत्री एवं मेंस यूनियन के जोनल अध्यक्ष शिव गोपाल मिश्र ने कहा कि रेलवे में कोविड के दौरान अभूतपूर्व तरीके से कार्य किए गए हैं।

सरयू नदी में नाव से गिर गया शख्स, मचा हड़कंप और फिर

# ग्रामीण ने लगा दी छलांग, बचा ली जान

● नदी में डूब रहे शख्स को बाहर निकाला अस्पताल ले जाया गया



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** बाढ़ प्रभावित रामपुर मथुरा इलाके में अटौरा अंगरौरा के पास गुरुवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब नाव पर सवार एक ग्रामीण अचानक सरयू नदी में गिर गया। सरयू नदी की तेज धारा में जब ग्रामीण डूबने लगा तो मदद की गुहार लगाई। नदी में ग्रामीण को डूबते देख किनारे पर खड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कोई कुछ समझ पाता कि इसी बीच नाव पर सवार एक अन्य ग्रामीण ने नदी में छलांग लगा दी। साहस दिखाते हुए उस शख्स ने डूब रहे व्यक्ति को नदी से बाहर निकाला, मगर तब तक वह बेसुध हो चुका था। आनन फानन में उसे बाढ़ इलाके में बनाए गए अस्थाई अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने त्वरित उपचार शुरू कर दिया। कुछ देर बाद ग्रामीण पूरी तरह से स्वस्थ हो गया लिहाजा उसे घर भेज दिया गया। दरअसल, यह घटनाक्रम बाढ़ के दौरान अचानक हादसा होने पर ग्रामीणों को किस तरह से संयम, समझदारी और साहस का परिचय देना चाहिए यह बताने के लिए मॉकड्रिल के तहत अंजाम दिया गया था। यह मॉकड्रिल उप जिलाधिकारी महमूदाबाद दिव्या ओझा के नेतृत्व में की गई। इस मौके पर तहसीलदार मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक सिधौली राखी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर पंकज कुमार राठौर, राजस्व निरीक्षक रमाकांत अवस्थी, रिकॉर्ड ऑपरेशन निरीक्षक रविंद्र वर्मा, लेखपाल नरेंद्र कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. सुशील वर्मा, डॉ मनोज सिंह, थानाध्यक्ष रामपुर मथुरा चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, प्रधान मोहन निषाद, विनोद तिवारी आदि मौजूद थे।

अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में हुआ कार्निवाल 2022 का आयोजन.

# अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मचाया धमाल !

संवाददाता। सीतापुर

**सेंट्रल बोर्ड** ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) से मान्यता प्राप्त अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल के द्वारा कार्निवाल 2022 का शानदार आयोजन हुआ जिसमें संस्था के छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में आयोजित कार्निवल 2022 कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर व विशिष्ट अतिथि लहरपुर क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर व भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्रपुरी ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया। संस्थान के बच्चों द्वारा विभिन्न खेलों के स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम में लाइव बैंड की प्रस्तुति को नागरिक अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ हर्ष पुरी, निशीथ गोयल, अदिति टंडन, पत्रकार पंकज शुक्ला, अरुण सिंह आचार्य, अभिनव त्रिवेदी, आकाश सिंह, जगतपाल वर्मा, देश प्रीत सिंह, ओमकार वर्मा, हाशिम अंसारी सहित विद्यालय के शिक्षकगण व अभिभावक मौजूद रहे।



# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गैंग की महिला सहित 4 हुए गिरफ्तार

**बरेली ।** फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनाने वाले जन सेवा केंद्र पर छापा मारकर महिला सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल लैपटॉप बायोमैट्रिक डिवाइस बरामद हुई है। यह फर्जी जन सेवा केंद्र थाना बारादरी थाना क्षेत्र के इलाके में चल रहा था।आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों का प्रतिरूपण करने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह फर्जी जन सेवा केंद्र बारादरी थाना क्षेत्र के एजाज नगर गोटिया में चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आजाद नगर गोटिया में एक फर्जी जन सेवा केंद्र चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है इस फर्जी जन सेवा केंद्र से 4 लैपटॉप , 4 एंड्रॉयड फोन, दो बायोमैट्रिक डिवाइस दो मशीनें क्रेडिट कार्ड बरामद हुए है। जन सेवा केंद्र से महिला सहित 4 लोगो गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है जिनके नाम मोहम्मद कामरान पुत्र अबरार हुसैन निवासी म 0 नं 0 12 शास्त्री नगर थाना प्रेमनगर बरेली ।2. जीशान पुत्र अल्ला बक्श निवासी 142 एजाजनगर गौटिया थाना बारादरी बरेली । 3. फैजान खान पुत्र नवाब खान निवासी मो व दौर अली खां थाना अफजलगढ बिजनौर हाल मुकाम किराये का मकान तालिब मो 0 सुनार वाली गली मो 0 कांकरटोला थाना बारादरी बरेली ।4. सना खान पुत्री आसिफयार खान निवासी 29७8 रोहलीटोला थाना बारादरी बरेली हैं। इसमें चारों आरोपियों के खिलाफ थाना बारादरी में धारा 420 467 468 471 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।



# सीतापुर पुलिस अभिरक्षा में जुबेर, 7 दिन तक रिमांड पर



संवाददाता। सीतापुर

**अल्ट न्यूज़** के सह सम्पादक मोहम्मद जुबेर को दोबारा सीतापुर लाए गए पेशी पर जिसको यही जेल में रखा गया है, इससे पहले 4 जुलाई को सीतापुर में जुबेर की पेशी हुई थी, खैराबाद थाने में दर्ज है अल्ट न्यूज के सहसंपादक जुबेर के खिलाफ मुकदमा, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट कर ट्वीट पर की थी टिप्पणी, राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष सीतापुर के द्वारा दर्ज कराया गया था खैराबाद में मुकदमा, दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने रखा अपना पक्ष, पेशी के दौरान राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष, महासचिव व अन्य कार्यकर्ताओ ने सड़क पर की जमकर नारेबाजी, जुबेर के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे, अल्ट न्यूज के सहसंपादक जुबेर को लिया गया पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर, जुबेर को 7 दिन की पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर गया है लिया, जुबेर को सीतापुर जिला कारागार में बंद कर दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया सिधौली तहसील का निरीक्षण

संवाददाता। सिधौली सीतापुर



**जिलाधिकारी अनुज** सिंह में तहसील सिधौली का औचक निरीक्षण किया इस दौरान न्यायालय का निरीक्षण किया तहसील में मौजूद जिम्मेदारों में हड़कम्प मच गया लंम्बित विवादों को लेकर तहसीलदार नायाब तहसीलदार को जमकर फटकारा बताते है तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालय के काफी शिकायतें जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची थी डीएम सीधे तहसीलदार न्यायालय पहुंचे। तहसीलदार न्यायालय में जिलाधिकारी अनु सिंह काफी देर तक कागजों को उलट ते पलटते रहे तब तक मातहतों की सांसे गले में अटकी रही उन्होंने तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह तथा नायब तहसीलदार सुरभि गौतम को लापरवाही को लेकर सख्त निर्देश दिए उन्होंने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को जमकर फटकार भी लगाई। डीएम अनुज सिंह ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय में कई विवाद काफी समय से लंबित थे जिसको लेकर उन्होंने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को जमकर फटकार लगाई है तथा जल्द निस्तारित करने की बात कही है उन्होंने सभी अधिकारियों को 45 दिन के अंदर बाद को निस्तारित करने के निर्देश दिए निरीक्षण करके तहसीलदार न्यायालय से बाहर आए तभी नायब तहसीलदार तथा तहसील प्रशासन से नाराज अधिवक्ताओं ने जिला अधिकारी अनुज सिंह को घेर लिया अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील में पीने के पानी के लिए एक रेफ्रिजरेटर लगा है उसमें भी करंट आता है शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की इसके साथ ही उन्होंने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाया अधिवक्ताओं का कहना है नायब तहसीलदार के कार्यालय में कई बाद काफी दिनों से लंबित है नहीं हो रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया अधिवक्ताओं से अपना पीछा छुड़ा भी नहीं पाए थे कि इसी दौरान पुलिस प्रताड़ित हुई एक महिला जिलाधिकारी सीतापुर के पैरों में गिर पड़ी महिला का दर्द उसके आंसुओं के रूप में जिलाधिकारी सीतापुर के सामने बाहर आ रहा था महिला का कहना है कि महिला कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरौरा कला को रहने वाली है। महिला को ग्राम प्रधान ने प्रताड़ित किया पीटा उसकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश भी की तथा जातिसूचक गालियां दे महिलाएं न्याय की गुहार लगाने कमलापुर थाने पहुंची लेकिन कमलापुर के थाना प्रभारी ने उल्टा उसे ही डांट कर भगा दिया जब महिला की बात थाना अध्यक्ष ने नहीं सुनी तो महिला ने न्याय की गुहार सीतापुर के पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान से लगाई पुलिस अधिकारी को कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया कार्रवाई करने का आश्वासन दिया पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आज आंखों में आंसू लेकर सीतापुर के जिला अधिकारी अनुज सिंह के पैरों में गिर पड़ी और अपना दर्द बयां किया जिसपर डी एम ने तहसीलदार आर पी सिंह.को महिला के साथ भेजकर तत्काल जमीनी विवाद निपटाने के लिए.कहा तथा महिला को प्रताणित करने वालो पर कार्यवाही के लिये कमला पुर पुलिस को निर्देशित किया।

## क्विक न्यूज

### कावड़ यात्रा और मंदिरों पर पार्किंग को लेकर गोष्ठी

**बरेली।** बरेली में कावड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस अधीक्षक यातायात के साथ - साथ शहर के व्यापार मण्डल के पदाधिकारीयों के साथ गोष्ठी का आयोजन हुआ । जिसमे कावड़ यात्रियों के साथ - साथ यातायात व्यवस्था बनाये रखने पर विचारविमर्श हुआ । जिसमे मुख्यरूप से कावड़ियों के आवागमन के मार्ग को व्यवस्थित करने तथा रूकने की जगह रामगंगा तथा जीरो प्वाइंट परसा खेड़ा पर विशेष ध्यान देने के में बताया गया । अलखनाथ मंदिर के पहले तथा बाद में पार्किंग की व्यवस्था के बारे में भी निर्णय लिया गया । ताकि मंदिर के आस - पास वाहन जोन हो । गोष्ठी में व्यापार मण्डल के निम्न पदाधिकारी , अधिकारी गण विकास अग्रवाल महानगर अध्यक्ष ,संजीव गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष , रविन्द्र कुमार गुप्ता महानगर मंत्री , राजीव चौधरी ( सदस्य ) भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल , खलील कादरी - प्र 0 उद्योग व्यापार मंडल , अमित शर्मा महानगर , महामंत्री एवं यातायात पुलिस से टी आई मनीष कुमार शर्मा , टी आई दिनेश कुमार पाण्डेय , टी आई सुभाष कुमार सिंह उपस्तिथ रहे।

### करंट से झुलसे मजदूर की मौत

**बरेली।** लोहे का पाइप उठाते समय करंट लगने से एक मजदूर बुरी तरह झुलस गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।पीलीभीत के दयोरीया कला थाना क्षेत्र के गांव परसंडी निवासी 50 वर्षीय डबर लाल पुत्र राम भरोसे कि आज सुबह इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे झुलसी अवस्था में 26 जून को भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद घर वालों ने बताया कि डंबर लाल मजदूरी करता था और 26 जून को पास में ही टेंट हाउस चलाने वाले हजारीलाल ने उसे काम पर बुलाया था जहां से वह हजारीलाल के कहने पर टेंट के लोहे के पाइप उठाने के लिए गया था जहां पर पाइप उठाते समय अचानक लोहे का पाइप ऊपर से गुजर रही है बिजली की लाइन से टकरा गया जिससे डबर लाल करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया सूचना मिलने पर पहुंचे घर वालों ने उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और फिर इलाज के लिए बरेली ले आए जहां आज सुबह उसकी मौत हो गई मृतक के घर बालों ने घटना के लिए टेंट हाउस के मालिक हजारी लाल को जिम्मेदार बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी मृतक की पत्नी का नाम कांति देवी है वह 4 बच्चों का पिता था।

### चेक दिलाने के बहाने लूट ले गया जेवर



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर एक महिला पार्वती देवी पत्नी स्वर्गीय श्री हीरालाल निवासी ग्राम व पोस्ट ऐरा जनपद खीरी अपनी बेटी के साथ फैमिली केयर हॉस्पिटल में दवा लेने आई थी। उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति आया और महिला से बोला कि मैं तुम्हारे गांव के प्रधान दीपू कटिहार का सेक्रेटरी हूं। आपकी बाढ़ राहत कोष की चेक आई है। आप हमारे साथ चलिए और अपनी चेक ले लीजिए। महिला को मोटरसाइकिल पर बैठाकर हाईवे हॉस्पिटल के पास ले गया और कहने लगा कि डीएम साहब आपकी संपत्ति को देखेंगे तभी वह चेक देंगे। इसके लिए उसने सोने के कुंडल जिसकी कीमत तकरीबन 25 से 30000 रुपए थी दिखवाने के लिए बाध्य किया। महिला कुछ समझ पाने से पहले कुंडल उतार कर दे दिए। उसके बाद अज्ञात व्यक्ति रफूचक्कर हो गया। सूचना पुलिस चौकी को दे दी गई है।

### आसनों का कराया अभ्यास



**लखीमपुर खीरी।** उप्र राज्य आयुष सोसायटी मिशन निदेशक /आयुष सचिव सुखलाल भारती एवं आयुर्वेद निदेशक प्रो.एस.एन. सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. विजय प्रकाश के मार्गदर्शन में संचालित योग वेलनेस सेंटर नगर लखीमपुर के योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार वर्मा एवं योग सहायक सीमा देवी द्वारा शहीद भगत सिंह पार्क ऑफिसर कालोनी नगर लखीमपुर में योगाभ्यास कराया। जिसमें सूक्ष्म व्यायाम, ता?ासन, तिर्यक ता?ासन, वृक्षासन, सूर्यनमस्कार, कपालभाति, अनुलोम विलोम , उज्जाई, शीतली, शीतकारी, उदगीत व भ्रामरी प्राणायाम कराया।

# विकास खण्ड की बेहजम ग्राम पंचायत में व्याप्त है भ्रष्टाचार

संवाददाता। बेहजम खीरी



**विकासखंड** बेहजम में भ्रष्टाचार की लगातार शिकायतें मिल रही हैं जहां ग्राम पंचायतों में सरकारी नलों की मरम्मत और रिबोर के नाम लाखों रुपये का वारा न्यारा किया जाता रहा है। फिर सरकारी स्कूलों के नलों की भी मरम्मत कराना मुनासिब नहीं समझते हैं। ग्राम प्रधान जिसका जीता जागता एक उदाहरण फिर से देखने को मिला? जब कस्बे सदर बेहजम ब्लॉक कार्यालय के ठीक सामने संविलियन विद्यालय के बच्चे मिड डे मील चखने के बाद स?क पार कर दूसरी ओर बने सामुदायिक शौचालय के हैंडपंप से अपनी प्यास बुझाने के लिए दौड़ लगाते हैं जबकि विद्यालय में 2 हैंडपंप लगे हैं और दोनों हैंडपंप खराब पड़े हैं जिनका पुरसाहाल कोई नहीं है। बच्चे पानी पीने के लिए मुख्य सड़क पार करके सार्वजनिक शौचालय के हैंडपंप पर अपने बर्तन और हाथ धोते हुए देखे गए जिसका फोटोज और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जिसके बाद विद्यालय के अध्यापकों एवं स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। इस बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य का कहना है कि उसने ग्राम पंचायत से कई बार इस बारे में शिकायत की है कि विद्यालय के हैंडपंप सही करवा दें? लेकिन अभी तक किसी ने इस तरफ ध्यान देना उचित नहीं समझा गया। स्कूल के बच्चे इस भीषण गर्मी और धूप में विद्यालय से बाहर पानी पीने जाना प? रहा है। सूत्रों का कहना है कि ग्राम पंचायत बेहजम में लाखों रुपए हैंड पंप की मरम्मत, रिबोर एवं अन्य खर्चे के लिए निकाल लिए गए। जब संबंधित खबर के बारे में वहां के पंचायत सचिव नीरज प्रियदर्शनी के फोन नंबर पर 8840358513 पर संपर्क किया गया तो फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा? स्थानीय लोगों ने जनहित में बच्चों के भविष्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ न हो हैंडपंप बनवाने एवं संबंधित के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# झपकी आने से बजरी भरा डम्फर पलटा, चालक व क्लीनर जख्मी



**मैलानी-खीरी।** हादसों का कहर निरन्तर जारी है। घटना आज सुबह लगभग चार बजे की है। एक डिम्फर जोकि ओवर लोड बजरी से भरकर जोकि सितारगंज से चलकर निघासन की तरफ जा रहा था जोकि आज सुबह तडके लगभग चार बजे मैलानी से लगभग तीन किलोमीटर आगे कोरियानी गाव के सामने भीरा पलिया मार्ग पर चालक आफताफ पिता का नाम अग्यात निवासी थाना अमरिया जिला पीलीभीत को अचानक नींद की झपकी आ जाने से डम्फर का संतुलन बिगड़ जाने से डम्फर पलट गया। जिससे चालक आफताब के सिर पैर व हाथ पैर तथा शरीर मे बंद चोटें आई हैं तथा क्लीनर ग्यान प्रकाश पुत्र दरवारी निवासी जहानाबाद जिला पीलीभीत के एक हाथ मे चोट आयी है। घटना स्थल पर पहुंचे राहगीरों व ग्रामीणो की मदद से तत्काल 108 एम्बुलेंस से बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजुआ भर्ती कराया गया। परन्तु चिकित्सक द्वारा हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सको ने वाहन स्वामी के कहने पर पीलीभीत रेफर कर दिया गया। वहीं क्लीनर की हालत मे सुधार है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक वाहन घटना से सम्बंधित थाने में किसी ने भी घटना की तहरीर व सूचना नहीं दी गयी थी।

### दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना नीमगांव पुलिस द्वारा वांछित दो अभियुक्तों केशव पुत्र सुरेश व सुरेश पुत्र मिश्रीलाल निवासीगण ग्राम कोरैया तालुकेदारी थाना नीमगांव जनपद खीरी को शिवाला तिराहे से गिरफ्तार करके अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अंकित चौधरी, कांस्टेबल प्रदीप कुमार व महिला कांस्टेबल मीना शामिल रहे।

# दो किलो 10 ग्राम गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया




गया। जिनके कब्जे से 2 किलो 10 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली सदर पर मुकदमा पंजीकृत करके अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोनू तिवारी पुत्र ओम नरायन तिवारी निवासी मोहल्ला खत्री टोला थाना व गनेश प्रशाद पुत्र महेश प्रसाद निवासी थाना कोतवाली सदर के रूप में हुई। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में उप निरीक्षक लल्ला गोस्वामी चौकी प्रभारी मिश्राना, उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक दुर्गेश शर्मा, कांस्टेबल मांगे राम थाना कोतवाली सदर, कांस्टेबल राहुल कुमार व कांस्टेबल सतेन्द्र कुमार थाना कोतवाली शामिल रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को बचाने की मॉकड्रिल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**राष्ट्रीय आपदा** प्रबन्धन प्राधिकरण भारत सरकार, उप्र राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के निर्देशन में गुरुवार को खीरी में डीएम, अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण महेंद्र बहादुर सिंह व संजीव सुमन के कुशल मार्गदर्शन, नेतृत्व में बाढ़ आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित मॉक एक्सरसाइज संपन्न हुई। इसमें तहसील पलिया, निघासन, धौराहरा, लखीमपुर एवं गोला के राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, आपदा मित्र, गाइड मय साजो सामान शामिल हुई।

एनडीआरएफ वाराणसी यूनिट व एसडीआरएफ लखनऊ यूनिट के जवानों ने अपने संसाधनों से ग्राम लंगडीपुर निकट = शारदा नदी का तट पर नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाने का कार्य किया। जवानों ने डूबते व्यक्ति को बचाकर श्री गजोधर प्रसाद इंटर कॉलेज में बने चिकित्सा शिविर में लाकर मॉक एक्सरसाइज की। सीएमओ ने ट्रायल बेस पर अपने अधीनस्थ टीम से बचा कर लाए लोगों, बीमार लोगों का उपचार की मॉक एक्सरसाइज की। डिप्टी इंसीडेंट कमांडर/डिप्टी कलेक्टर रेनू के नेतृत्व में डूब क्षेत्र ग्राम गूम के ग्राम वासियों को रेस्क्यू टीम ने बस के जरिये गजोधर प्रसाद इंटर कॉलेज में बने राहत शिविर में लाया गया, जहां उन्हें लंच पैकेट आदि वितरित कर मॉक ड्रिल प्रकिया पूरी की। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान आपदा मित्रों का किरदार काबिले तारीफ रहा। यह पहला मौका था जब मॉक ड्रिल प्रक्रिया में आपदा मित्रों को न केवल शामिल किया गया बल्कि उनकी सराहनीय भूमिका नजर आई।

फायर बिग्रेड की टीम ने बाढ़ क्षेत्र में फंसे लोगों को पहुंचाई जाने वाली मदद का सजीव प्रदर्शन किया। उन्होंने छत पर से कई लोगों को रेस्क्यू करके चिकित्सीय शिविर में समुचित इलाज हेतु पहुंचाया।

खीरी में रेस्क्यू टीम ने मॉक ड्रिल करके बाढ़ की विभीषिका से बचाने की प्रैक्टिस की। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान 03 फायर टेंडर, 02 मिलेट्री वाहन, 01 पीएसी वाहन, 04 मोटरबोट, 20 लाउड हेलर, 20 लाइफ बॉय (रिंग), 30 लाइफ जैकेट, 04 बस, 02 डंफर, 01 जेसीबी, 03 एम्बुलेंस, 30 छोटे वाहन का इस्तेमाल किया गया।

मॉक एक्सरसाइज में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, एएसपी अरुण सिंह, एसटीओ आनंद कुमार, अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) राजीव कुमार, एसडीएम श्रद्धा सिंह, रेनू, राजेश कुमार, अविनाश चंद्र मौर्य, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, विनोद गुप्ता, सुशील प्रताप सिंह, अवधेश कुमार, कमांडेंट होमगार्ड, सीवीओ डॉ अजित सिंह, डीएसओ एके सिंह, नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह, सुनील कुमार, जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण से एसीआरए दैवीय आपदा राम नरेश, विशेषज्ञ प्रशांत कुमार व पुलिस, सिंचाई, पंचायती राज, पीडब्लूडी, ऊर्जा, कृषि, पशुपालन, चिकित्सा, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा, खाद्य एवं रसद, परिवहन, शिक्षा, 40 आपदा मित्र शामिल हुए।

# शांति व विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा जम्मू कश्मीर

## ● जम्मू कश्मीर प्रशासन ने आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया: गृहमंत्री

भाषा। श्रीनगर



**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया है। शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान कहा, आज उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में, जम्मू कश्मीर शांति और विकास के रस्ते पर आगे बढ़ रहा है। सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर निर्णायक रूप से नियंत्रण कायम किया है। सोनावर में दार्शनिक और समाज सुधारक रामानुजाचार्य की शांति प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ पीस) का अनावरण करने का बाद केंद्रीय गृहमंत्री ने यह बात कही। शाह ने कहा कि सिन्हा के नेतृत्व में प्रशासन ने कश्मीर के लोगों को बिना किसी भेदभाव के विकास उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा, लंबे समय तक, देश के लोगों को उम्मीद थी कि अनुच्छेद 370 के प्रावधान और अनुच्छेद 35ए हटाने के बाद जम्मू कश्मीर का राष्ट्र के साथ एकीकरण हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उम्मीद को पूरा किया। पांच अगस्त 2019 को कश्मीर में एक नए युग की शुरुआत हुई।

शाह ने कहा कि उन्हें यह सोचकर शांति मिलती है कि श्रीनगर में सूर्य मंदिर का जीर्णोद्धार हो सका। उन्होंने कहा, श्रीनगर में शांति प्रतिमा का अनावरण होना भारत के लोगों के लिए अच्छा संकेत है विशेष रूप से जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि शांति प्रतिमा कश्मीर के हर धर्म के लोगों के लिए, रामानुजाचार्य की शिक्षा और उनका आशीर्वाद लाएगी और उन्हें शांति तथा विकास के रस्ते पर आगे बढ़ाएगी। शाह ने कहा कि रामानुजाचार्य ने ज्यादातर काम दक्षिण भारत में किया लेकिन एक महत्वपूर्ण पांडुलिपि बोदायन वृत्ति को लाने के लिए वह कश्मीर गए क्योंकि उसकी एक ही प्रति उपलब्ध थी जो घाटी के शाही पुस्तकालय में रखी थी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कश्मीर के राजा ने न केवल अपने पुस्तकालय के द्वार खोल दिए बल्कि रामानुजाचार्य का स्वागत भी किया। रामानुजाचार्य की चार फुट उंची प्रतिमा हाथ जोड़कर बैठे हुए मुद्रा में है। छह सौ किलोग्राम की इस प्रतिमा को जमीन से तीन फुट की उंचाई पर रखा गया है।

## जगन चुने जाएंगे अपनी पार्टी के आजीवन अध्यक्ष

**अमरावती।** युवाजन श्रमिक रायथु कांग्रेस (वाईएसआरसी) पार्टी का शुक्रवार से यहां दो दिवसीय पूर्ण अधिवेशन शुरू हो रहा है जिसमें पार्टी नेता वाई एस जगन मोहन रेड्डी पार्टी के आजीवन अध्यक्ष चुने जाएंगे। जगन मोहन रेड्डी को पार्टी का आजीवन अध्यक्ष निर्वाचित करने के लिए पार्टी के संविधान में सुधार किया जाएगा। यह एक दशक पुरानी पार्टी का तीसरा पूर्ण अधिवेशन और तीन साल पहले आंध्र प्रदेश में सत्ता में आने के बाद यह पहला सत्र होगा। पार्टी ने महिला सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाओं, प्रशासन में पारदर्शिता, सामाजिक सशक्तीकरण, कृषि और उद्योगों (एमएसएमई) पर नौ प्रस्ताव तैयार किए हैं, जिन्हें पूर्ण सत्र में अंगीकार किया जाएगा। पार्टी ने अपने एजेंडे में कोई राजनीतिक प्रस्ताव सूचीबद्ध नहीं किया है। एक मंत्री ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं के साथ औपचारिक बातचीत में कहा, इसकी जरूरत क्या है?



पटना में ईद-अल-अदहा पर्व को लेकर बकरा खरीदने के लिए बकरा मंडी में लगी लोगों की भीड़।

# आठवले ने समान नागरिक संहिता का किया समर्थन

## ● कहा, केंद्र सरकार भी इसे जल्द ला सकती है

**देहरादून।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने बृहस्पतिवार को उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाए जा रहे समान नागरिक संहिता कानून का समर्थन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार भी इसे जल्द ला सकती है। यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आठवले ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू होने के बाद से लोगों की मांग है कि समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार की भूमिका है कि अगर लोगों की मांग है, तो समान नागरिक संहिता होनी चाहिए। यह मुसलमानों के विरोध में भी नहीं है। यह संहिता देश के फायदे के लिए है। इसलिए समान नागरिक संहिता, भारत सरकार बहुत जल्द ला सकती है। इस संहिता की आवश्यकता है।

आठवले, उत्तराखंड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता कानून बनाने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के संबंध में संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। इससे जनसंख्या पर नियंत्रण हो सकता है और यह कानून मुसलमानों के विरूद्ध भी नहीं है। मंत्री ने कहा कि मुस्लिम समाज भी हमारा ही समाज है। हमारा इतिहास ही ऐसा है कि ढाई हजार साल पहले सम्राट अशोक के समय सब बौद्ध हो गए और शंकराचार्य के आने के बाद देश हिंदु बहुल हो गया तथा मुगलों के आने के बाद हिंदु समाज के लोग मुसलमान बन गए।

आठवले ने कहा कि बौद्ध मंदिरों की जगह हिंदु मंदिर बन गए और हिंदु मंदिरों की जगह मस्जिदें बन गईं। हालांकि, आठवले ने कहा कि वह देश के लोगों से अपील करते हैं कि वे चाहे किसी भी धर्म के अनुयाई हों, लेकिन एक दूसरे के साथ उनकी भावनाओं का आदर करते हुए रहें। उत्तराखंड में 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव से दो दिन पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि अगर भाजपा को दोबारा सत्ता मिली, तो प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। धामी ने 23 मार्च को शपथ ग्रहण करते ही अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में समान नागरिक संहिता के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

सरकार ने कानून का मसौदा तैयार करने के लिए पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक पांच सदस्ईय समिति का गठन भी कर दिया है। महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में आठवले ने कहा कि ज्यादातर विधायक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ हैं और जल्द ही उनके मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, जिसमें उनकी पार्टी का भी एक मंत्री होगा। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-आठवले के संस्थापक आठवले ने कहा कि उद्धव ठाकरे का भविष्य शिंदे ने बिगाड दिया है और उनकी पूरी राजनीति खत्म कर दी है। काव्यात्मक लहजे में उन्होंने कहा, जिन्होंने बंद कर दिए उद्धव ठाकरे के धंधे, उनका नाम है, एकनाथ शिंदे। यह पूछे जाने पर कि क्या महाराष्ट्र में पिछले दिनों हुई राजनीतिक उठापटक के पीछे भाजपा का हाथ था।

## ठाणे नगर निगम : शिवसेना के 67 पूर्व पार्षदों में से 66 ने शिंदे गुट का किया समर्थन

**ठाणे।** शिवसेना के उद्धव ठाकरे नीत गुट को ठाणे में बड़ा झटका लगा है। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) में पार्टी के 67 पूर्व पार्षदों में से 66 ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के प्रति समर्थन जताया है। 131 सदस्ईय ठाणे नगर निगम का कार्यकाल कुछ समय पूर्व समाप्त हो गया था और अब चुनाव होने हैं। इस नगर निगम को शिवसेना का गढ़ माना जाता है। शिंदे के कार्यालय ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि पूर्व महापौर नरेश महास्के के नेतृत्व में 66 पूर्व शिवसेना पार्षदों ने बुधवार रात को शिंदे से उनके मुंबई स्थित निवास नंदनवन बंगले में मुलाकात की और उनका समर्थन किया। शिंदे ने पिछले महीने शिवसेना से बगावत कर दी थी। उनका साथ शिवसेना के अधिकतर विधायकों ने दिया, जिसकी वजह से उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार का पतन हो गया। एमवीए में शिवसेना के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस अन्य घटक थे।

# भारत की अध्यक्षता में जी20 से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे

## ● विदेश मंत्रालय ने कहा, अटकलबाजी ठीक नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने जी-20 समूह की अगले साल भारत की मेजबानी में होने वाले शिखर सम्मेलन की कुछ बैठकें जम्मू कश्मीर, लद्दाख में आयोजित करने की योजनाओं से जुड़ी खबरों पर चीन के विरोध पर बृहस्पतिवार को कहा कि इस समूह के प्रारूप के तहत देशभर में काफी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा लेकिन इस बारे में अभी अटकल लगाना ठीक नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस विषय पर संवाददाताओं से कहा, भारत इस साल दिसंबर में जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा तथा अगले वर्ष देशभर में विभिन्न स्तरों पर काफी संख्या में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

चीन के विरोध को लेकर एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हमने इस बारे में मीडिया रिपोर्ट देखी है लेकिन इस विषय पर अभी से अटकल लगाना ठीक नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या कश्मीर में कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा, प्रवक्ता ने किसी स्थान के नाम का उल्लेख नहीं करते हुए सिर्फ इतना कहा कि हम बड़ी संख्या में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। बागची ने कहा कि जी20 शिखर बैठक से संबंधित कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें मंत्रिस्तरीय बैठक, सम्पर्क समूह की बैठक, कार्यकारी समूह की बैठक आदि शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में कुछ सरकारी स्तर पर तो कुछ गैर सरकारी स्तर पर आयोजित किए जाते हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि इसको लेकर एक प्रारूप भी होता है और हर देश अपने तरीके से भी आयोजन करता है। गौरतलब है कि चीन ने जी-20 के नेताओं की अगले साल होने वाली बैठक जम्मू कश्मीर में आयोजित करने की भारत की योजनाओं की खबरों पर पिछले सप्ताह विरोध जताया था। चीन ने अपने करीबी सहयोगी पाकिस्तान के स्वर में स्वर मिलाते हुए कहा था कि संबंधित पक्षों को मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से बचना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा था कि हमने प्रासंगिक सूचना का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा था कि जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए प्रमुख मंच है। उन्होंने कहा था, हम संबंधित पक्षों का आह्वान करते हैं कि आर्थिक रूप से उबरने पर ध्यान दें, इस प्रासंगिक मुद्दे को राजनीतिक रंग देने से बचें और वैश्विक आर्थिक शासन को सुधारने के लिए सकारात्मक योगदान दें।

क्या जी-20 समूह के सदस्य के नाते चीन बैठक में भाग लेगा, इस प्रश्न के उत्तर में झाओ ने कहा था, हम बैठक में शामिल होंगे या नहीं, इस बारे में विचार करेंगे। पाकिस्तान ने 25 जून को कहा था कि वह कश्मीर में जी-20 के देशों की बैठक के भारत के प्रयास को खारिज करता है और उम्मीद करता है कि समूह के सदस्य देश कानून एवं न्याय के अनिवार्य तत्वों का पूरी तरह संज्ञान लेते हुए इस प्रस्ताव का स्पष्ट विरोध करेंगे।

## केरल में माकपा विधायक ने विपक्ष के जय भीम नारे का उड़ाया मजाक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के विधायक मुरली पेरूनेल्ली ने विपक्ष के जय भीम नारे का मजाक उड़ाकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी गठबंधन संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के सदस्यों ने इस पूरे मुद्दे को लेकर विधानसभा में आसन के नजदीक आकर विरोध प्रदर्शन किया और विधायक से माफी मांगने की अपील की। संविधान के खिलाफ टिप्पणी मामले के बाद माकपा के विधायक साजी चेरियन ने राज्य सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। माकपा विधायक मुरली पेरूनेल्ली ने सदन की कार्यवाही के दौरान एक दिन पहले विपक्ष के विरोध का मजाक उड़ाते हुए कहा, जय भीम के नारे सुनाई दिए। क्या भीम? क्या आप ढह गए पलारीवट्टोम फ्लाईओवर बीम की बात कर रहे थे? विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ माकपा के नेता संविधान और उसके निर्माताओं का अपमान कर रहे हैं।




हैदराबाद में एडवा के कार्यकर्ता घरेलू सिलेण्डर की कीमतों में हुई बढ़ोत्तरी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

# दो समुदायों के बीच झड़प के बाद कर्नाटक के केरुरू शहर में निषेधाज्ञा, 18 हिरासत में

भाषा। बागलकोट (कर्नाटक)

**बगलकोट जिले** के केरुरू शहर में छेड़छाड़ के एक प्रकरण को लेकर दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद शुक्रवार तक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया और निषेधाज्ञा लागू की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बागलकोट के पुलिस अधीक्षक एस.पी. जयप्रकाश ने संवाददाताओं को बताया कि बुधवार शाम को बादामी तालुक के केरुरू शहर में छेड़खानी को लेकर हुई झड़प में दो भाइयों सहित चार लोग घायल हो गए थे। बाद में आगजनी और तोड़फोड़ शुरू हो गई जिससे शहर का मुख्य बाज़ार क्षेत्र बंद करना पड़ा।

उन्होंने कहा हमने सामूहिक झड़प के सिलसिले में 18 लोगों को हिरासत में लिया है और चार मामले दर्ज किए हैं। बादामी के तहसीलदार ने कल रात आठ बजे तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में शामिल कुछ अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू किए जाने के बाद से स्कूल और कॉलेज शुक्रवार तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। जयप्रकाश ने कहा कि यह झड़प छेड़खानी के कारण हुई। पुलिस अधिकारी ने लोगों से सहयोग करने और कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने आगाह करते हुए कहा, मामला केवल छेड़खानी से जुड़ा है और सोशल मीडिया के जरिए कोई भी गलत सूचना नहीं फैलाई जानी चाहिए। जयप्रकाश ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात किया गया है।

## बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं की हत्या

**कैनिंग (प.बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग में बृहस्पतिवार की सुबह अज्ञात बदमाशों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं की उस समय हत्या कर दी, जब वे भीड़भाड़ वाली सड़क से गुजर रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीनों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल से कैनिंग के धरमतला जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान सुबह नौ बजे के आसपास अज्ञात हमलावरों ने उन्हें पीर पार्क के निकट रोका और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान स्थानीय पंचायत सदस्य स्वपन माझी और उनके दो सहयोगियों भूतनाथ प्रमाणिक तथा झंटू माझी के रूप में की गई है। अधिकारी के अनुसार, इस बात का संदेह है कि बदमाशों ने पहले स्वपन को गोली मारी थी और इसके बाद अन्य दोनों लोगों को। पुलिस ने बताया कि अन्य दो की हत्या इसलिए किए जाने की आशंका है क्योंकि वे हत्या के गवाह हो सकते थे।

## क्विक न्यूज

### राजस्थान के कई स्थानों पर हल्की से भारी बारिश

**जयपुर।** राजस्थान मे पिछले 24 घंटो के दौरान पूर्वी हिस्से मे कई स्थानो पर मेघ गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश और पश्चिमी हिस्से मे कही-कही भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सबसे अधिक बारिश बीकानेर के पूगल मे नौ सेंटीमीटर दर्ज की गई। वही, पूर्वी राजस्थान के बारां के किशनगंज मे छह सेंटीमीटर, बारां मे पांच सेंटीमीटर, राजसमंद के रेलमगरा मे पांच सेंटीमीटर, बारां के अंता मे पांच सेंटीमीटर, जयपुर के चौमूं मे चार सेंटीमीटर, कोटा के पिपलदा मे चार सेंटीमीटर और अन्य कई स्थानो पर एक से तीन सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह से शाम साढ़े पांच बजे तक जैसलमेर में 47 मिलीमीटर, कोटा में 13.4 मिलीमीटर, डबोक में 11 मिलीमीटर, हनुमानगढ़ के संगरिया 11 मिलीमीटर, बूंदी में सात मिलीमीटर, सिरोही में 4.5 मिलीमीटर, बीकानेर मे चार मिलीमीटर, अजमेर मे तीन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग ने आगामी 24 घंटे के दौरान झालावाड़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, सिरोही, बाड़मेर जालौर, जिलो में तीव्र मेघ गर्जनावज्रपात के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है।

### गुजरात में कच्छ से चार पाकिस्तानी मछुआरे पकड़े गए

**नई दिल्ली/भुज।** बीएसएफ के एक गश्ती दल ने गुजरात में भारत-पाकिस्तान समुद्री सीमा पर बृहस्पतिवार को कच्छ के हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से चार पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा और उनकी 15 नौकाएं जब्त कर ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने बताया कि मछली पकड़ने वाली नौकाओं से कुछ भी संदिग्ध नही मिला है। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के एक विशेष दल ने सीमा स्तंभ संख्या 1165 और 1166 के बीच मछुआरो को कच्छ जिले के हरामी नाला से होते हुए भारतीय क्षेत्र में घुसते देखा। उन्होने बताया कि शुरुआत में, चार पाकिस्तानी मछुआरों को 10 नाव के साथ पकड़ा गया था, लेकिन बाद में इलाके की तलाशी के बाद पांच और नाव मिली।

### प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान गोली लगने से जवान की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले मे प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दुर्घटनावश हुई गोलीबारी मे घायल एक जवान की मौत हो गई। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सैनिक की पहचान सेना की महार रेजिमेंट के सिपाही ऋषिकेश चौबे के रूप में हुई है। चौबे उन दो जवानों मे शामिल है, जिन्हें बुधवार शाम झालास फील्ड फायरिंग रेंज में प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान गोली लग गई थी। चौबे को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। जम्मू मे एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि 16 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह और सभी आला अधिकारियो ने चौबे के सर्वोच्च बलिदान के लिए उनको नमन किया।

### श्रीधर, सौरभ शुक्ला को एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह श्रीधर चिरुवोलु और सौरभ शुक्ला को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में बतौर संयुक्त सचिव और निदेशक पद पर एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश से यह जानकारी मिली। इसके मुताबिक, बिहार कैडर के 2001 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी श्रीधर को बतौर संयुक्त सचिव, पीएमओ चार अगस्त, 2022 से एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है। आदेश के मुताबिक, भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा (आईएएंडएएस) के 2005 बैच के अधिकारी शुक्ला को बतौर निदेशक, पीएमओ 19 अक्टूबर, 2022 से एक साल का विस्तार दिया गया है।

### आरके. गुप्ता को उप चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह आर. के. गुप्ता को बृहस्पतिवार को उप चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। वह टी. श्रीकांत की जगह लेंगे। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) के अधिकारी गुप्ता अगले वर्ष 28 फरवरी तक उप चुनाव आयुक्त (संयुक्त सचिव स्तर) रहेंगे। उनकी सेवानिवृति की तारीख अगले साल 28 फरवरी है।

### पॉक्सो अधिनियम युवा नाबालिग मुस्लिम लड़की पर भी लागू : कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पॉक्सो अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों का यौन शोषण न हो। साथ ही अदालत ने इस दावे को खारिज कर दिया कि एक नाबालिग मुस्लिम लड़की, जो यौवन की आयु प्राप्त कर चुकी है, इस अधिनियम के दायरे से बाहर हो जाएगी। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 18 साल से कम उम्र के बच्चो को संरक्षण प्रदान करता है और यह प्रथागत कानून नही है। अदालत ने यह बात उस याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसमे भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) और धारा 506 (आपराधिक धमकी) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दर्ज प्राथमिकी और आरोपपत्र को रद्द करने का अनुरोध किया गया था।

# दक्षिण में ट्रिपल सी के फार्मूले पर काम कर रही भाजपा

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत में कमल खिलाने की भाजपा की रणनीति के केंद्र में ट्रिपल सी का फार्मूला है। इसमें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद (कल्चरल नेशनलिज्म) के प्रतीकों को नए सिरे से उभारना, विभिन्न लोकप्रिय हस्तियों (सेलेब्रिटी) को पार्टी से जोड़कर मतदाताओं के बीच अपनी विश्वसनीयता (क्रेडेबिलिटी) स्थापित करना शामिल है। साथ ही साथ भाजपा की कोशिश जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कभी दक्षिण में प्रमुख ताकत रही कांग्रेस के कमजोर होने से क्षेत्रीय दलों की ओर खिसक चुके उसके जनाधार को अपनी तरफ मोड़ना है। भाजपा के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के कुछ ही दिनों बाद केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की चार प्रमुख हस्तियों पी.टी. उषा, इलैयाराजा, वीरेंद्र हेगड़े और वी. विजएंद्र प्रसाद को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया जाना भी इसी रणनीति का हिस्सा है।

संकेत स्पष्ट है कि पार्टी के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में इन राज्यों की 130 सीटें कितनी अहमियत रखती है। दक्षिण भारत में भाजपा की ट्रिपल सी की सियासी बानगी पिछले दिनों सभी ने हैदराबाद में देखी। विभिन्न माध्यमों से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को नए सिरे से उभारने की कोशिश हुई, भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दों पर क्षेत्रीय दलों को घेरकर अपनी विश्वसनीयता स्थापित करने का अभियान छेड़ा गया और इसकी ताजा कड़ी है दक्षिण की विभिन्न हस्तियों को सम्मानित करना। बाकी मोदीजी की लोकप्रियता और केंद्र सरकार की योजनाएं तो हैं ही। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और आंध्र प्रदेश के सह प्रभारी सुनील देवधर ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि भाजपा के बारे में एक धारणा बना दी गई है कि वह उत्तर भारतीयों की पार्टी है। ऐसा नहीं है, यह इस निर्णय ने दिखा दिया है।

आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी को मिलाकर दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल 130 सीटें आती हैं। यह लोकसभा की कुल 543 सीटों का करीब 24 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा इन 130 सीटों में से सिर्फ 29 सीटें ही जीत सकी थी जबकि 2014 के लोकसभा चुनाव में उसने यहां की 21 सीटों पर कब्जा जमाया था।

वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूरब से लेकर पश्चिम और उत्तर तक में अपना परचम फहरा चुकी भाजपा के दक्षिण में पांव पंसारने का सपना अभी भी अधूरा ही है। दक्षिण के पांच राज्यों में एकमात्र कर्नाटक ही है जहां भाजपा आज भी शासन में है और पहले भी वहां शासन कर चुकी है। कर्नाटक को दक्षिण का द्वार मानने वाली भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की 28 में से 25 सीटों पर कब्जा जमाया था। कर्नाटक के अलावा केंद्रशासित पुदुचेरी में मुख्यमंत्री एन रंगासामी के नेतृत्व वाली एनआर कांग्रेस और भाजपा की गठबंधन सरकार है। हालांकि यहां की एकमात्र लोकसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उत्तर भारत के कई राज्यों में भाजपा पिछले दो लोकसभा चुनावों में अपने चरम पर रही है, ऐसे में यदि उसे 2024 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में नुकसान होता है तो उसकी रणनीति इसकी भरपाई बहुत हद तक दक्षिण के राज्यों से करने की है। राजनीतिक विश्लेषक और सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के निदेशक संजय कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि जिन चार लोगों को मनोनीत किया गया है, उनकी योग्यता पर तो कोई प्रश्नचिह्न नहीं खड़ा कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन चारों का दक्षिण से होना महज इत्तेफाक नहीं है। उत्तर भारत और अन्य क्षेत्रों के मुकाबले दक्षिण भारत में भाजपा की पैठ कमजोर है। भाजपा की ओर से यह संदेश देने की कोशिश है कि वह एक राष्ट्रीय पार्टी है और यदि वह उत्तर भारत के राज्यों में जीत हासिल करती है तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसकी सारी की सारी राजनीति वहीं केंद्रित है।

# इस समय कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं करती: लीना मणिमेकलाई

भाषा। नई दिल्ली

**अपनी** डाक्यूमेंट्री काली को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच फिल्मकार लीना मणिमेकलाई ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस समय कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। काली के पोस्टर में देवी को धूम्रपान करते और एलजीबीटीक्यू का झंडा पकड़े हुए दिखाए जाने के बाद फिल्मकार के खिलाफ कई जगहों पर मामला दर्ज किया गया है।

मणिमेकलाई ने ब्रिटिश अखबार द गार्जियन को टैग करते हुए और अखबार को दिए साक्षात्कार को साझा करते हुए लिखा, ऐसा लगता है कि पूरा देश- जो अब सबसे बड़े लोकतंत्र से सबसे बड़ी नफरत की मशीन बन गया है-मुझे सेंसर करना चाहता है। मैं इस समय कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं करती। मणिमेकलाई ने कहा कि पिछले हफ्ते विवाद शुरू होने के बाद से उन्हें, उनके परिवार और सहयोगियों को 200,000 से अधिक ऑनलाइन अकाउंट से धमकियां मिली हैं। टोरंटो में रहने वालीं निर्देशक ने ऑनलाइन धमकियों को दक्षिणपंथी हिंदू समूहों द्वारा बड़े पैमाने पर पीट-पीट कर हत्या की घटनाओं के समान बताया।

उन्होंने कहा, जिस राज्य तमिलनाडु से मेरा ताल्लुक है उसमें काली को अलग तरह की देवी के तौर पर माना जाता है। वह बकरी के खून में पका हुआ मांस खाती है, अरक पीती है, बीड़ी पीती है और जंगली नृत्य करती है...यही वह काली है जिसके स्वरूप को मैंने फिल्म के लिए अपनाया है। मणिमेकलाई ने कहा, मुझे अपनी संस्कृति, परंपराओं और ग्रंथों को कट्टरपंथी तत्वों से वापस लेने का पूरा अधिकार है। इन ट्रोल्स का धर्म या आस्था से कोई लेना-देना नहीं है। मणिमेकलाई के खिलाफ दिल्ली और उत्तर प्रदेश में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई। बुधवार को उनके खिलाफ भोपाल और रतलाम में दो और मामले दर्ज किए गए।

# जी-20 वार्ता में यूक्रेन युद्ध की गूंज सुनाई देने की उम्मीद

## बाली में विकासशील देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

भाषा। जकार्ता

**दुनिया के** धनी और विकासशील देशों के समूह जी-20 के विदेश मंत्री इंडोनेशिया के बाली में होने वाली एक दिवसीय वार्ता के लिए जुटने लगे हैं। इस वार्ता का एजेंडा वैश्विक सहयोग और खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देना है, लेकिन इसमें यूक्रेन संकट की गूंज सुनाई देने की उम्मीद की जा रही है। इंडोनेशिया के बाली में शुक्रवार को यह बैठक आयोजित होगी। हालांकि, वार्ता से पहले ही इसको लेकर व्याप्त चिंताएं सामने आने लगी हैं। बाली पहुंचने से पहले चीन के विदेश मंत्री वांग ई और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव कई एशियाई देशों की यात्रा कर चुके हैं, जिनका मकसद वार्ता से पहले समर्थन जुटाना और क्षेत्र में अपने संबंधों को मजबूत बनाना है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी देश कई तरीकों से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सबक सिखाने की फिराक में हैं, जिसमें नवंबर में बाली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार करने की धमकी भी शामिल है। इस साल, जी-20 शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष इंडोनेशिया पर सम्मेलन का आयोजक होने के साथ साथ विश्व पटल पर और अधिक रचनात्मक भूमिका निभाने की जिम्मेदारी भी है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के मामले में इंडोनेशिया ने तटस्थ रवैया अपनाया है और राष्ट्रपति जोको विदोदो भी इस मामले में अपना रुख पर कायम रहे हैं। यूक्रेन जी-20 समूह में शामिल नहीं है, लेकिन विदोदो ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नवंबर में होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि जेलेंस्की ने साफ कर दिया है कि यदि युद्ध जारी रहता है, तो वह सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे और वीडियो लिंक के जरिए चर्चा पर नजर रखेंगे। बताया जा रहा है कि विदोदो ने जर्मनी में हुए जी-7 सम्मेलन से इतर इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी से कहा था कि पुतिन भी जी-20 सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। हालांकि रूस की तरफ से कहा गया है कि इसपर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इटली, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ के विदेश मंत्री बाली के लिए रवाना होने वाले हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन की शनिवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ बैठक प्रस्तावित है। यह बैठक ऐसे वक्त होगी जब वाशिंगटन ने यूक्रेन में रूस के आक्रमण के लिए चीन के रवैए पर सवाल उठाए हैं। दोनों पक्ष चीन से वस्तुओं के आयात पर शुल्क में संभावित कटौती पर भी चर्चा कर सकते हैं।



काला सागर के स्नेक आइसलैंड में यूक्रेन का झंडा फहराता एक सैनिक

## यूक्रेन युद्ध शुरु होने के बाद महंगाई से 7.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आए

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद खाद्य पदार्थों और ऊर्जा की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण दुनिया भर में 7.1 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं। यूएनडीपी का अनुमान है कि युद्ध शुरू होने के बाद पहले तीन महीनों में 5.16 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए और वे प्रति दिन 1.90 डॉलर या उससे भी कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं। इसके साथ ही विश्व की कुल जनसंख्या का करीब नौ प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे हो गया। इसके अलावा करीब दो करोड़ लोग रोजाना 3.20 डॉलर से कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं।

## पाकिस्तान में ग्रेनेड हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत, चार अन्य घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बृहस्पतिवार को अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिस चौकी पर हथगोला फेंका, जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि मरदान जिले की चमतार पुलिस चौकी पर यह घटना हुई। पुलिस ने कहा कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी भी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है और उन्होंने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री महमूद खान ने हमले की निंदा की है और विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## हांगकांग में उड़ानों पर से पाबंदी हटाई गई

**हांगकांग।** हांगकांग में कोविड-19 के चलते लागू की गई यात्रा पाबंदियों को बृहस्पतिवार को हटाने का ऐलान किया गया। इन पाबंदियों के चलते हाल के महीनों में दर्जनों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और हजारों लोगों की यात्रा योजनाओं पर पानी फिर गया। सरकार ने घोषणा की कि बृहस्पतिवार से उड़ानों के आगमन पर पाबंदी नहीं रहेगी। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, सरकार ने संबंधित डेटा की सावधानीपूर्वक समीक्षा की और हांगकांग लौट रहे विदेशी छात्रों के बीच वायरस से प्रसार को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। इससे पहले, यदि किसी उड़ान में कम से कम पांच यात्री या 5 प्रतिशत यात्री आगमन के बाद कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाते थे, तो उन उड़ान कंपनियों की उड़ानों पर पांच दिन की पाबंदी लगाई जाती थी। इस नियम के चलते साल की शुरुआत से अब तक लगभग 100 उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं।

## हज यात्रा शुरू, 10 लाख मुसलमान ले रहे हैं हिस्सा

**मक्का।** कोविड-19 के चलते दो वर्ष तक प्रभावित रहने के बाद इस साल पूरे जोर-शोर के साथ हज यात्रा शुरू हो गई है और दुनियाभर के 10 लाख मुसलमान इसमें हिस्सा ले रहे हैं। शारीरिक और वित्तीय रूप से सक्षम मुसलमानों को जीवन में कम से कम एक बार हज यात्रा करने के लिए कहा जाता है। इस दौरान वह उन स्थानों की यात्रा करते हैं, जहां लगभग 1,400 वर्ष पहले पैगंबर मोहम्मद ने अपना जीवन बिताया था। हज यात्रा शुरू होने के बाद पांच दिन तक यात्री विभिन्न रस्म पूरी करते हैं। इनमें इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल काबा के आसपास इबादत करना शामिल है। बृहस्पतिवार को मस्जिद हरम के आंगन में हजारों हज यात्रियों ने काबा के आसपास तवाफ (परिक्रमा) किया। हालांकि इस दौरान पिछले दो साल की तुलना में अलग नजारा देखने को मिला है।

## ब्रिटेन के युद्धपोत ने यमन भेजी जा रही ईरानी मिसाइलों की खेप को जब्त किया

**दुबई।** ब्रिटेन की नौसेना के युद्धपोत ने इस साल की शुरुआत में ओमान की खाड़ी में ईरानी मिसाइल और हथियारों की खेप जब्त की थी। इससे संकेत मिलता है कि यमन के हूती विद्रोहियों को तेहरान का समर्थन मिलता रहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ब्रिटेन सरकार ने बयान में कहा है कि अब तक का यह सबसे पुख्ता सबूत है कि सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना के खिलाफ ईरान हूती विद्रोहियों को हथियार मुहैया कराने के साथ फारस की खाड़ी के जरिए तस्करी वाले अत्याधुनिक हथियार भेजता है। संयुक्त अरब अमीरात में ब्रिटेन के दूतावास ने सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल और अन्य हथियारों की जब्ती का जिक्र करते हुए कहा कि पहली बार ब्रिटेन के युद्धपोत ने ईरान से अत्याधुनिक हथियार ले जाने वाले पोत को पकड़ा है।

## नाइजीरिया में बंधक बनाए गए 50 लोगों में पांच बच्चे भी शामिल

भाषा। अबुजा (नाइजीरिया)

**नाइजीरिया** की राजधानी अबुजा के निकट यात्री ट्रेन पर हमला करने वाले बंदूकधारियों द्वारा बंधक बनाए गए 50 व्यक्तियों में कम से कम पांच बच्चे शामिल हैं। बच्चों के परिवारों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वे बंधकों को छुड़ाने के लिए अधिकारियों से अधिक कड़ी कार्वाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बंदूकधारियों ने मार्च के अंत में उत्तर पश्चिमी राज्य कादुना में एक ट्रेन पर विस्फोटकों से हमला किया था और गोलीबारी की थी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि दर्जनों लोगों को बंधक बना लिया गया था। तब से बंधक बनाए गए लोगों के परिवार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शुरुआत में बंदूकधारियों ने 100 से अधिक लोगों को बंधक बनाया था, लेकिन फिर कुछ शर्तों के साथ कुछ लोगों को छोड़ दिया गया था।

## भारत में अल्पपोषित लोगों की संख्या में आई कमी, मोटापे से पीड़ित वयस्क बढ़ेः संरा रिपोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में पिछले 15 वर्ष के दौरान अल्पपोषित लोगों की संख्या में कमी आई है और यह संख्या घटकर 2019-2021 के बीच 22 करोड़ 43 लाख रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि देश दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में मोटापे से परेशान वयस्कों और अनीमिया (खून की कमी) की शिकार महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। एफएओ अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी), यूनिसेफ, विश्व खाद्य कार्यक्रम और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बुधवार को जारी की गई विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति 2022 रिपोर्ट में कहा गया कि दुनियाभर में भूख से प्रभावित लोगों की संख्या 2021 में बढ़कर 82.8 करोड़ हो गई।

## अमेरिका के डेट्रॉयट में गोलीबारी, एक पुलिसकर्मी और एक संदिग्ध की मौत

भाषा। डेट्रॉयट (अमेरिका)

**अमेरिका** के डेट्रॉयट में बुधवार को एक पुलिस अधिकारी और एक बंदूकधारी व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई। डेट्रॉयट के पुलिस प्रमुख जेम्स वाइट ने यह जानकारी दी। वाइट ने कहा कि पुलिस अधिकारी और उनके सहकर्मी को बुधवार शाम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति गोली चला रहा है। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे जहां संदिग्ध एक आधुनिक हथियार से उनकी दिशा में गोलीबारी कर रहा था। वाइट ने कहा कि एक अधिकारी को गोली लगी और उनके सहकर्मी ने संदिग्ध पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गई। घायल अधिकारी को अस्पताल में मौत हो गई। मृत अधिकारी की तत्काल पहचान नहीं हो पाई है लेकिन वाइट ने कहा कि वह पांच साल से विभाग में काम कर रहा था। मामले की जांच जारी है।

## चीन ने दलाई लामा को जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना की

भाषा। बीजिंग

चीन ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को उनके 87वें जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को चीन के आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करते हुए तिब्बत से जुड़े मुद्दों का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए। मोदी ने बुधवार को 87 वर्ष के होने पर दलाई लामा को फोन पर बधाई दी। मोदी ने बुधवार को ट्वीट किया, फोन पर दलाई लामा से बात कर उन्हें 87वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। हम उनके लंबे जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल भी दलाई लामा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी थी। दलाई लामा के अनुयायियों ने धर्मशाला में उनका जन्मदिन मनाया जहां दलाई लामा निर्वासन में रहते हैं। मोदी की शुभकामनाओं पर एक सवाल को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारतीय पक्ष को 14वें दलाई लामा के चीन विरोधी अलगाववादी स्वभाव को पूरी तरह से पहचानना चाहिए। झाओ ने कहा, चीन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का पालन करना चाहिए, समझदारी से बोलना और कार्य करना चाहिए तथा चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए तिब्बत से संबंधित मुद्दों का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

### चीन ने अमेरिका, ब्रिटेन की खुफिया सेवाओं पर साधा निशाना

**बीजिंग।** चीन ने बृहस्पतिवार को तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका विश्व शांति, स्थिरता और विकास के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इससे पहले, अमेरिका ने चीन पर जासूसी करने और उसे अंतराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए खतरा बताया था। एक दिन पहले, अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी ने चीन सरकार के खिलाफ कारोबारी नेताओं को आगाह किया था कि बीजिंग प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाने के लिए उनकी प्रौद्योगिकी चुराने पर आमादा है। एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर डब्ल्यू रे ने चीन द्वारा आर्थिक जासूसी और हैकिंग की घटनाओं के साथ-साथ अन्य देशों में असंतोष को दबाने के लिए चीन सरकार के प्रयासों की निंदा की थी। इस बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा, अमेरिका के संबंधित नेता चीन को बदनाम करने और उस पर निशाना साधने के लिए चीन के काल्पनिक खतरे का जिक्र करते हैं।

## अमिताभ कांत जी-20 के नए शेरपा होंगे

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत जी-20 के नए शेरपा होंगे। वह केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का स्थान लेंगे। भारत इस साल जी-20 की अध्यक्षता संभालने वाला है, ऐसे में पूर्णकालिक शेरपा की जरूरत है। एक सूत्र ने कहा, भारत इस साल जी-20 का अध्यक्ष बनने वाला है। ऐसे में शेरपा को देश के विभिन्न भागों में होने वाली कई बैठकों में शामिल होने की जरूरत है। उसने कहा, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के पास नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में कई विभाग हैं। उन्हें इसके लिए भी काफी समय चाहिए।

## पारितोष त्रिपाठी बने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के नए प्रबंध निदेशक और सीईओ

**मुंबई।** निजी गैर-जीवन बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने पारितोष त्रिपाठी को पांच जुलाई से प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। त्रिपाठी, पीसी कांडपाल की जगह लेंगे। कांडपाल को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के वाणिज्यिक केंद्र में उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी)-(पी एंड आरई) बनाया गया है। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि त्रिपाठी को बैंकिंग क्षेत्र में 32 साल से अधिक का अनुभव है।

## सेवा शुल्क नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें जिला अधिकारी : सीसीपीए

**नई दिल्ली।** होटल और रेस्तरांओं द्वारा सेवा शुल्क वसूलने से संबंधित शिकायतों के बीच केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने इस बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया है। सीसीपीए ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा है कि सेवा शुल्क पर नए दिशानिर्देशों को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। इसके अलावा उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला अधिकारियों को इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया जाना चाहिए।

# सेंसेक्स 427 अंक चढ़ा, निफ्टी 16,000 अंक के पार

## बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन लाभ में रहा और बीएसई सेंसेक्स 427 अंक से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। उपभोग, धातु तथा बैंक शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में गिरावट तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से लाभ पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 427.49 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,178.46 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 143.10 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 16,132.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन सबसे अधिक 5.69 प्रतिशत चढ़ा। टाटा समूह की कंपनी की अप्रैल-जून तिमाही में बिक्री तीन गुना बढ़ने की खबरों से इसके शेयर में तेजी आई। इसके अलावा, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक 4.88 प्रतिशत तक लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में डॉ. रेड्डीज लैब, नेस्ले इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। इन शेयरों में 1.26 प्रतिशत तक की गिरावट आई। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में तेजी का असर घरेलू बाजार में भी दिखा। निवेशक अब फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के हाल में जारी बैठक के ब्योरे के असर से बाहर आ गए हैं। दूसरी तरफ कच्चे तेल और जिंसों के दाम में कमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। मुद्रास्फीति घटने की उम्मीद के बीच बाजार में यह तेजी निकट भविष्य में बनी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विदेशी विनिमय प्रवाह बढ़ाने के उपायों से डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में गिरावट को थामने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक ने बुधवार को विदेशी मुद्रा प्रवाह से संबंधित मानकों को उदार बनाने के साथ ईसीबी (विदेशों से वाणिज्यिक उधारी) मार्ग के तहत बाह्य उधारी सीमा दोगुनी कर दी। साथ ही सरकारी बॉन्ड में विदेशी निवेश के नियमों को उदार बनाया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार में तेजी रही। उन्होंने कहा, हाल की तेजी से निश्चित रूप से सूचकांक पर कुछ दबाव कम होगा लेकिन मिली-जुली धारणा के बीच इसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। वैश्विक बाजारों के अलावा, अब रुझान के लिए, निगाह प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस के वित्तीय परिणाम पर होगी। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस्पात मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाला

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने बृहस्पतिवार को इस्पात मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। राज्यसभा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले 51 वर्षीय सिंधिया नागर विमानन मंत्री हैं। मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार में वह तीसरे इस्पात मंत्री हैं। कामकाज संभालने से पहले सिंधिया ने यहां उद्योग भवन में अपने कार्यालय की मेज पर भगवान गणेश की प्रतिमा रखी। उन्होंने इस्पात सचिव संजय कुमार सिंह और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। सिंधिया ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री के निर्देश के मुताबिक मैं इस्पात मंत्रालय का प्रभार संभाल रहा हूं। इस नई जिम्मेदारी को बखूबी निभाने की मैं पूरी कोशिश करूंगा। बतौर इस्पात मंत्री सिंधिया आज पहले दिन मंत्रालय के अधिकारियों और विभागों के साथ बैठकें करेंगे और इस्पात क्षेत्र की सभी सार्वजनिक कंपनियों के प्रमुखों से भी मुलाकात करेंगे। पूर्व इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह ने बुधवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

# राज्यों को पूंजीगत खर्च के लिए 80,000 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त ऋण देगा केंद्र

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** चालू वित्त वर्ष में राज्यों को पूंजीगत कार्यों पर खर्च के लिए 80,000 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त ऋण देगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2022-23 के बजट भाषण में पूंजी निवेश योजना के तहत राज्यों को विशेष सहायता की घोषणा की थी। इसके तहत 50 साल के लिए ब्याज-मुक्त कर्ज के रूप में कुल एक लाख करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता राज्यों को दी जाएगी। यह सहायता पूंजी निवेश वाली परियोजनाओं के लिए है। वित्त मंत्रालय ने योजना लागू करने के लिए जारी दिशानिर्देश में कहा कि 80,000 करोड़ रुपए राज्यों के पूंजी कार्यों के लिए रखे गए हैं। निवेश के लिए यह लाभ लेने को लेकर राज्यों को परियोजना का नाम, पूंजीगत व्यय, कार्य पूरा होने की अवधि और आर्थिक रूप से उसके उपयुक्त होने के बारे में वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग को जानकारी देनी होगी। व्यय विभाग ने छह अप्रैल को सभी राज्य सरकारों को भेजे पत्र में कहा, ...राज्यों से आग्रह है कि वे कोष की मंजूरी और उसे प्राप्त करने के लिए 2022-23 में किए जाने वाले प्रस्तावित पूंजीगत कार्यों के बारे में व्यय विभाग को जानकारी दें। इसमें कहा गया है कि पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना में 5,000 करोड़ रुपए का ब्याज-मुक्त कर्ज भी शामिल है। यह राज्यों को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण या विनिवेश तथा संपत्ति को बाजार पर चढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने को उपलब्ध कराया जाएगा। इस सहायता के तहत राज्यों को अपने सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण या प्रबंधन नियंत्रण सौंपने के साथ रणनीतिक बिक्री के अलावा राज्य सरकारी कंपनियों को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कराने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। व्यय विभाग ने कहा कि किसी एक राज्य विशेष के लिए ऐसे प्रोत्साहन की सीमा 1,000 करोड़ रुपए है।

## तीन निजी बैंकों को सैन्य खरीद में वित्तीय सेवाएं देने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सैन्य साजो-सामान की विदेशों में खरीद से संबंधित वित्तीय सेवाएं मुहैया कराने की मंजूरी निजी क्षेत्र के तीन बैंकों को दे दी है। इस तरह एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक भारतीय सेना को विदेशों में साजो-सामान की खरीद के लिए वित्तीय सेवाएं मुहैया कराएंगे। इसके पहले सिर्फ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को ही रक्षा मंत्रालय की विदेशी खरीद में वित्तीय सेवाएं देने की मंजूरी होती थी। लेकिन वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा सरकारी कामकाज के निष्पादन में निजी क्षेत्र के बैंकों को भी शामिल करने की पहल के तहत अब रक्षा मंत्रालय ने भी निजी बैंकों को गारंटी पत्र (एलओसी) और प्रत्यक्ष बैंक अंतरण जैसी सेवाएं देने की इजाजत दे दी है।

## आरबीआई के कदमों से विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ेगाः सचिव

भाषा। नई दिल्ली

**आर्थिक** मामलों के सचिव अजय सेठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के उठाए गए कदमों से विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ेगा और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति मजबूत होगी। आरबीआई ने एक दिन पहले ही विदेशी कोषों की आवक बढ़ाने के लिए विदेशी उधारी की सीमा बढ़ाने और सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश के मानक उदार बनाने की घोषणा की थी। इस संदर्भ में सेठ ने कहा कि ईसीबी की सीमा दोगुनी करने समेत आरबीआई के अन्य कदम सीमित अवधि के लिए ही लागू रहेंगे और इनसे देश में विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सेठ ने उम्मीद जताई कि वैश्विक चुनौतियां कुछ समय के बाद कम हो जाएंगी।

# बीते वित्त वर्ष में भारत के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी घटकर 15.4 प्रतिशत पर

भाषा। नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी घटकर 15.4 प्रतिशत रह गई। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2020-21 में भारत के आयात में चीन का हिस्सा 16.5 प्रतिशत रहा था। सूत्र के मुताबिक, चीन से भारत में आयातित प्रमुख वस्तुओं का उपयोग दूरसंचार और बिजली जैसे क्षेत्रों की मांग को पूरा करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि दवाओं में इस्तेमाल होने वाले रसायन (एपीआई) के आयात से भारतीय दवा उद्योग को तैयार माल के उत्पादन के लिए कच्चा माल उपलब्ध होता है। बाद में इस तैयार माल का निर्यात भी किया जाता है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों और चिकित्सा एवं विज्ञान के उपकरणों के आयात में वृद्धि हुई है। इसकी मुख्य वह कोविड-19 महामारी के दौरान इन उत्पादों की ऊंची मांग है। चीन को निर्यात पिछले वित्त वर्ष में मामूली रूप से बढ़कर 21.25 अरब डॉलर हो गया। 2020-21 में यह 21.18 अरब डॉलर रहा था। वहीं इस दौरान चीन से आयात 65.21 अरब डॉलर से बढ़कर 94.16 अरब डॉलर हो गया। चीन को भारत का निर्यात अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बाद तीसरे स्थान पर है। सूत्रों ने कहा कि चीन से भारत को मोबाइल फोन का आयात 2021-22 में 55 प्रतिशत घटकर 62.6 करोड़ डॉलर रह गया। वित्त वर्ष 2020-21 में 1.4 अरब डॉलर के मोबाइल फोन आयात हुआ था।

### सरकार ने अब आटे के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मई में गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के बाद अब गेहूं के आटे, मैदा और सूजी के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इन जिंसों के निर्यातकों को अब 12 जुलाई से गेहूं के निर्यात पर अंतर-मंत्रालयी समिति की मंजूरी की जरूरत होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, गेहूं के आटे की निर्यात नीति मुक्त है, लेकिन इसका निर्यात, गेहूं निर्यात मामले पर बनी अंतर-मंत्रालयी समिति की सिफारिश के अधीन होगा। नया अनुमोदन ढांचा गेहूं के आटे, मैदा, सूजी (रवा। सिरगी), साबुत आटे इत्यादि पर लागू होगा। अधिसूचना के अनुसार, गेहूं के आटे की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक तौर-तरीके अलग से अधिसूचित किए जाएंगे। इस अधिसूचना के तहत बदलाव की व्यवस्था के संबंध में विदेश व्यापार नीति के प्रावधान लागू नहीं होंगे।

# अंतरराष्ट्रीय तेल बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में ईंधन कीमतें स्थिर : पुरी

भाषा। नई दिल्ली

**पेट्रोलियम मंत्री** हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि गैस कीमतों को अलग कर नहीं देखा जा सकता और अंतरराष्ट्रीय तेल बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद ईंधन कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। खाना पकाने की गैस एलपीजी का दाम 50 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ाए जाने के एक दिन बाद उन्होंने यह बात कही। संवाददाता सम्मेलन में एलपीजी की कीमतों में तेज वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा कि सरकार निरंतर गैस का घरेलू उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रही है और देश में कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है। उन्होंने वैश्विक ऊर्जा दरों में वृद्धि का हवाला देते हुए कहा, आप गैस कीमतों को अलग करके नहीं देख सकते। वैश्विक बाजारों में ऊंचे दाम के कारण घरेलू बाजार में गैस की कीमतें बढ़ी हैं। बिना सब्सिडी वाले एलपीजी के दाम एक साल में 244 रुपए या 30 प्रतिशत बढ़े हैं और अब 14.2 किलो सिलेंडर की कीमत 1,053 रुपए है। एलपीजी के दाम में वृद्धि का कोई सीधा हवाला देते हुए बिना पुरी ने कहा कि सब्सिडी विशिष्ट लक्षित लाभार्थियों के लिए कुछ निश्चित अवधि तक ही होती है। मंत्री ने कहा कि कुछ देशों को ईंधन आपूर्ति संकट का सामना करना पड़ा। लेकिन भारत को पूर्वोत्तर सहित देश के किसी भी भाग में ईंधन की कोई कमी नहीं हुई है। पुरी ने कहा कि कुछ देशों में एलपीजी की कीमतें तो बहुत ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने कहा, खाना पकाने की गैस के दाम पिछले एक साल में आठ बार बढ़े हैं, लेकिन वे लागत के अनुरूप नहीं हैं। रूस के इस साल फरवरी में यूक्रेन पर हमले से आपूर्ति बाधित होने की आशंका में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल और गैस के दाम बढ़े हैं। दुनिया के सबसे बड़े तेल उपभोक्ता देश अमेरिका में मंदी की चर्चा के बाद से हाल के दिनों में ईंधन के दाम कम होने शुरू हुए हैं।

## परियोजनाओं को पीएम गति शक्ति में शामिल करने को नीति आयोग तैयार करेगा रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को नीति आयोग से विभिन्न औद्योगिक गलियारों, लॉजिस्टिक पार्क और औषधि केंद्रों समेत सभी आर्थिक गतिविधियों को एक समेकित सूची पर रिपोर्ट तैयार करने को कहा ताकि इसके आधार पर उन्हें पीएम गतिशक्ति योजना में शामिल करने पर गौर किया जा सके। उन्होंने पोत परिवहन मंत्रालय से समुद्री बंदरगाहों और उन्हें औद्योगिक गलियारों से जोड़ने पर गौर करने को कहा। वित्त मंत्री ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए शीर्ष निगरानी प्राधिकरण की पहली बैठक के दौरान ये सुझाव दिए। उन्होंने कहा, मैं चाहूंगी कि नीति आयोग इन सभी का पूरा खाका तैयार करे। और हमें यह बताए कि क्या इसे पीएम गति शक्ति के अंतर्गत लाने की संभावना है।

# जो स्वर्ग गया सिधार फिर उसकी मजदूरी कौन कर रहा है पार

## शुरू हो गई जांच, अब कप्तानगंज के ग्राम पिनेसर में मनरेगा में हुए घोटाले का होगा खुलासा, फंसेंगे कई अफसर

**कप्तानगंज**(बस्ती)। कप्तानगंज ब्लॉक के पिनेसर गाँव में मृतक मनरेगा मजदूर हरिद्वार के खाते में मनरेगा धन के बंदरबांट करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा हैं। इस मामले जांच बीडीओ ने शुरू कर दी है। बीडीओ ने मामले से जुड़े सभी पत्रावलियों को तलब किया हैं। बताया कि जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कठोर कारवाई होगी। इधर कार्रवाई से बचने के लिये प्रधान,सचिव और जेई एक दूसरे को जिम्मेदार बताकर पल्ला झाड़ रहे है। शिकायतकर्ता ने कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नही हुई तो मामले को सीएम तक ले जाऊंगा। गौर तलब हैं, कि कप्तानगंज ब्लॉक के पिनेसर गांव के रहने वाले हरिद्वार मनरेगा मजदूर थे। उनका खाता एसबीआई ओझागंज में है। इनकी मौत 19 दिसम्बर वर्ष 2019 में हो गई थी। उसके बाद भी ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से इनके नाम से मस्टरोल भरकर उसके खाते में मनरेगा का भुगतान होता रहा। हरिद्वार के नाम से मनरेगा के तहत (पेंदा सरहद से लाल बहादुर के चक के पुलिया तक नहर सफाई कार्य) की कार्ययोजना का वर्ष 2022 में भी अप्रैल माह में मस्टररोल संख्या 765 निकाला गया।जिसमें 9 मई से 22 मई तक 14 दिन की मजदुरी 2982 रुपये का भुगतान किया गया। ग्रामीणों को जब इस बात की भनक लगी तो उन लोगों ने चार जुलाई को गांव के शिववंश पांडये ने मामले की शिकायत डीएम और सीडीओ से किया। उसके बाद मामला सोषल मीडिया पर वायरल हो गया। जब मामले को जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने संज्ञान में लिया तो ब्लॉक पर अफरा तफरी मच गई। बीडीओ ने मामले से जुड़ी पत्रावलियों को तलब किया करके सचिव को नोटिस देने की तैयारी में है।

**हरिद्वार के पत्नी मुनक्का देवी का भी हुआ भुगतान:** कप्तानगंज के पिनेसर गांव में मृतक मनरेगा मजदूर हरिद्वार की पत्नी मुनक्का देवी के नाम से भी मस्टररोल संख्या 1313 में उक्त कार्य योजना के तहत 26 मई से आठ जून तक 14 दिन की मनरेगा मजदूरी 2982 रुपये का भुगतान उसके एसबीआई खाता महराजगंज में हुआ हैं। वहीं प्रधान सचिव और जेई एक दूसरे पर आरोप लगा रहे। पिनेसर गांव में मनरेगा घपले को लेकर जेई,सचिव जेई एक दूसरे पर आरोप लगा रहे। पिनेसर गांव में मनरेगा घपले को लेकर जेई,सचिव और प्रधान आमने सामने आ गये हैं। कोई भी सच्चाई मानने को तैयार नही हैं। प्रधान सालिकराम का कहना है कि भुगतान सचिव ने किया हैं। मामले से मेरा कोई लेना देना नही, वहीं सचिव जितेंद्र कुमार का कहना है कि प्रधान ने जान बूझकर हरिद्वार के खाते में मजदूरी भेजवाया, वहीं जेई जानकी सिंह ने कहा कि प्रधान और सचिव ने जितना मजदूर बताया हमने उतने का एमबी किया।



वाराणसी में अर्दली बाजार स्थित एलटी कालेज में अत्याधुनिक रसोई के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूली बच्चों के बीच समय गुजारा और उनसे संवाद भी किया -प्रमोद गुप्ता

# अपात्रों को योजना का लाभ दिलाने वाले अफसरों पर हो एफआईआर



**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास ग्रामीण अभियंत्रण खाद्य प्रसंस्करण मनोरंजन कर सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागों से सम्बंधित कार्यों की प्रगति समीक्षा की।आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित कराये जाने में कोई भी शिकायत नहीं प्राप्त होनी चाहिए। कहा कि यह शिकायत संज्ञान में आयी है कि कुछ लोगो को पहले पात्र दिखाकर उनको आवास योजना से लाभान्वित किया गया। परंतु जांच में उन्हें अपात्र पाये जाने पर उनसे वसूली की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। जिन्होंने आवास योजनाओं में अपात्रों को योजना का लाभ पहुंचाया है। हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। जिस पर सम्बंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि 837 ग्रामों में पानी की टंकी बनायी जानी है। जिसमें से 263 टंकियों के डीपीआर तैयार हो गया है। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर को नल से जोड़ने का कार्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने योजना को तीव्र गति के साथ पूरा कराये जाने के लिए कहा है। जिससे की हर अमीर गरीब दलित पिछड़े सभी को योजना से जोड़कर उनके घरों तक नल के द्वारा साफपीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके। उप मुख्यमंत्री ने एफडीआर तकनीकि की प्रशंसा की। अमृत सरोवर योजना के तहत ग्रामों में तालाब खोदाई कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्मयंत्री ने कहा कि हर ब्लाक में एक मॉडल तालाब का निर्माण करें। उन्होंने तालाब के निर्माण को पर्यटन की दृष्टि से कराये जाने के लिए कहा है।

# शांति से मनाएं त्यौहार चाक चौबंद रहे सुरक्षा



**बांदा।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बकरीद, नागपंचमी, रक्षाबन्धन त्यौहार सहित श्रावण मासए कांवण यात्रा आदि त्यौहारों को शांतिपूर्णढंग से मनाये जाने हेतु कानून व्यवस्था की समीक्षा कलेक्टेऊट सभागार में जिला कलेक्टर अनुराग पटेल एवं पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा संयुक्त रूप से बैठक की गयी। बैठक में जनपद के सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों के माध्यम से सभी धर्मों के धर्मगुरूओं व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थित रही। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने समस्त उप जिलाधिकारियोंध्पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि बकरीदए श्रावण मासए कांवण यात्रा सहित आगामी पर्वों व त्यौहारों के दृष्टिगत शततए सतर्क.सावधान रहकर त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराया जाए। हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न होए इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किये जायें। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पलिकाध्नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि पूरे देश में पॉलीथीन प्रतिबन्धित है तो यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी पॉलीथीन बिकने न पाये। लोंगो को जागरूक करें कि वे कपडे का बैग प्रयोग में लायें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मी तैनात कर लगातार साफ़सफ़ाई कराना सनिश्चित करें। जैसा कि कल वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री जी द्वारा आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गये हैं कि बकरीद पर कुर्बानी के स्थान का चिन्हांकन पहले से ही कर लिया जाए और विवादित जगहों पर कुर्बानी न की जाए। तय स्थान के अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी नही होनी चाहिए और प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के उपरान्त अपशिष्ट के व्यवस्थित निस्तारण की कार्ययोजना होए क्योंकि अपशिष्ट बीमारी का कारण बनते हैं। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया कि किसी भी कीमत में उपरोक्त त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में पेयजल आपूर्ति की अव्यवस्था नही होनी चाहिएए जरूरत पडे तो टैंकर भी रखवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्रों पर बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाए। कहीं से भी अनावश्यक कटौती की शिकायत नही आनी चाहिए। कांवण यात्रा एवं जुलूस मार्गों पर जर्जर बिजली के खम्भे झूलते.लटकते बिजली के तार आदि का प्रबन्धन समय से कर लिया जाए ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो। यदि इस कार्य में लापरवाही बरती गयी तो सीधे कार्यवाही हेतु शासन को पत्राचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान मन्दिरों मे भीड इकट्ठा होती और शिव जी को जल चढता है। समस्त उप जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मन्दिरोंध्मस्जिदों का भ्रमण कर साफ़सफ़ाई की व्यवस्था बेहतर एवं सफ़ाई कर्मी लगाना सुनिश्चित करें और कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवण यात्रा जुलूस मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की खरीद.बिक्री नही होने पायेए साफ़सफ़ाई का ध्यान रखें।

# स्वावलंबी भारत अभियान पर दिया जोर



**बांदा।** बेरोजगारी की समस्या के समाधान हेतु व्यापक प्रांतों जैसे जन जागरण प्रबोधन योजना की आवश्यकता है। इसके लिए आर्थिक संगठनों के साथ.साथ शिक्षित व सामाजिक संगठनों की एक व्यापक पहल है स्वावलंबी भारत अभियान। इस मौके पर मुख्य वक्ता. वीरेंद्र चतुर्वेदी सह प्रांत संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर अजय कुमार जी क्षेत्रीय संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत उधमिता वन्दना गुप्ता . सह महिला समन्यवक पद से सम्मानित किया गया। यह बात जिला अध्यक्ष महिला संगठन भाजपा वंदना गुप्ता ने बताया माननीय वरुण राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुनील पटेल जी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री धर्म नरेश विभाग संगठन मंत्री डॉ अशोक सिंह जी जिला समन्वय स्वावलंबी भारत अभियान श्री दिनेश दीक्षित सहकार भारती चंद्रमोहन बेदी जी जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद डॉ शिव दत्त त्रिपाठी जी जिला महामंत्री सेवा भारती संतोष गुप्ता राष्ट्रीय परिषद सदस्य भाजपा शिवपूजन गुप्ता जी जिला संयोजक व्यापार मंडल बांदा रीता गुप्ता विनीता कौशल वंदना त्रिपाठी मालती दीक्षित राजकुमार राज अमित सेठ पोलू सुरेश गुप्ता मनोज पुरवार आदि ने स्वावलंबी भारत अभियान में सहभागिता की।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**श्रावस्ती।** जनपद में आगामी त्योहार ईदुज्जुहा बकरीद शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों ने आशा जताई कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में ईदुज्जुहा ;बकरीदद्ध का त्योहार भाई.चारे के साथ मनाया जायेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए जनपद अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शान्तिपूर्ण ढंग से हिल.मिल कर त्योहार मनायें। त्योहार में कोई भी नई परम्परा न कायम की जाएए जिससे अमन.चैन का खतरा हो। उन्होने सभी लोगों से अपील की है त्योहार के अवसर पर कोई ऐसा कार्य न करेंए जिससे एक.दूसरे की भावनाएं आहत हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जिले के अमन.चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने यह भी कहा कि आगामी 14 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। 26 जुलाई को श्रावण शिवरात्रि का पर्व है। श्रावण मास में परंपरागत कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्पीड़न न किया जाए। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि डीजेए गीत.संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। धार्मिक यात्राओंध्जुलूसों में अस्त्र.शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न होए जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि सभी लोग बकरीद का त्योहार एक.दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मिल.जुल कर मनाये। उन्होने कहा कि त्योहार के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। उन्होने संभ्रान्तजनों व बुजुर्गों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार के अवसर पर संयमित आचरण करके हिल.मिलकर त्योहार मनायें। कोई भी ऐसा कार्य न किया जाएए जिससे एक.दूसरे को ठेस पहुंच रही हो। त्योहारों के दौरान खूफिया के भेस में पुरूष एवं महिला आरक्षी भीड़.भाड़ स्थानों पर मुस्तैद रहेंगे। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अमन.चैन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो तत्काल उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामीए उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमारए इकौना आर0पी0 चौधरीए जमुनहा सौरभ शुक्लाए उपजिलाधिकारी रोहितए उपजिलाधिकारी आशुतोषए मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारीए पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबेए जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाशए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथए अभिसूचना इकाई निरीक्षक राकेश कुमार चन्द्रए सहायक अभियंता विद्युतए सहित अधिकारीध्कर्मचारीगणए थाना प्रभारीगण तथा दोनों संगठनों के पदाधिकारीगणए बुद्धिजीवी वर्ग एवं सम्भ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहें।

# साहित्यकारों-रचनाकारों से है प्रयाग का गहरा नाता



## व्यक्ति को चाहिए, जीवन में कुछ नया करेः केशव मौर्य मन गुंजन साहित्य समाज के लिए प्रेरकः केसरीनाथ-2025 का कुंभ 2019 से भी होगा भव्यः डिप्टी सीएम

**प्रयागराज।** साहित्य संगम प्रकाशन प्रयागराज द्वारा प्रकाशित वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत सिंह द्वारा लिखी गयी पुस्तक कविता संग्रह मन गुंजन का विमोचन गुरुवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने जिला पंचायत सभागार में किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस मौके पर कहा कि साहित्य का यह पौधा निश्चित रूप से समाज को एक नई दिशा देगी। कहा कि प्रयागराज साहित्यकारों और रचनाकारों की धरती है। जिनके द्वारा रचित कविताएं देश दुनिया को मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ नया करने की कोशिश करना चाहिए। जिससे कि वह समाज को कुछ नया रंग दे सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार देश और सर्व समाज के लिए समर्पित है। जनता के आशीर्वाद से 37 साल बाद उत्तर प्रदेश में कोई सरकार लगातार दूसरी बार बनी है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस प्रकार हम पर विश्वास किया है उस विश्वास को टूटने नहीं देंगे। कहा कि प्रयागराज में 2019 की दिव्य और भव्य कुंभ की चर्चा और पूरे विश्व में है और हमारी सरकार आने वाले 2025 के दिव्य और भव्य कुंभ की तैयारियां शुरू कर चुकी है। 2019 से बढ़कर 2025 में दिव्य और भव्य कुंभ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी ने कहा कि मन गुंजन से मन गुंजित हुआ और साहित्य का यह पौधा निश्चित रूप से समाज में एक अच्छा स्थान बनाएगा। यह मन गुंजन कविता का संग्रह जिसमें अध्ययन नीति प्रीति और सामाजिक सरोकार और हर विधियों से पूरक है जो समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और मार्गदर्शन देगी उन्होंने कहा जब देश और समाज संकट से घिरा होता है तो साहित्यकारों की रचना उस संकट से उबरने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। मुख्य स्थाई अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि अधिवक्ता समाज ने देश और दुनिया को नेतृत्व देने वाला समाज है। आज अधिवक्ता रणजीत सिंह ने अपनी कविता के माध्यम से अधिवक्ता समाज का मस्तिष्क और ऊंचा किया है। इस अवसर पर सांसद केसरी देवी पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष डा वी के सिंह ने मन गुंजन पुस्तक कविता संग्रह की उपलब्धियों को लेकर बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। अधिवक्ता एवं मन गुंजन कविता संग्रह के लेखक रणजीत सिंह ने अतिथियों का सम्मान किया। आभार ज्ञापन भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आभा मधुर श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डा नरेंद्र कुमार सिंह गौर पूर्व मंत्री विक्रमाजीत मौर्य विधायक गुरु प्रसाद मौर्य प्रवीण पटेल विधान परिषद सदस्य डा केपी श्रीवास्तव सुरेंद्र चौधरी महापौर अभिलाषा गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता कमलेश कुमार अमरनाथ यादव जिला अध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती गंगापार अश्वनी दुबे गिरिजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# सांसद को फोन पर मिली धमकी, दस लाख रंगदारी मांगी

**भदोही।** भदोही से भाजपा सांसद रमेश चंद बिंद को एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर फोन कर 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। फोन करने वाले ने राशि नहीं देने पर सांसद के परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया, हमें भाजपा सांसद रमेश चंद बिंद से शिकायत मिली है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें दो जुलाई को एक अज्ञात नंबर से मिस्ड कॉल आई थी। उसी नंबर पर वापस फोन करने पर एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें गालियां दीं और 10 लाख रुपए की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने कहा, शिकायत के मुताबिक फोन करने वाले ने पैसे न देने पर सांसद के परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ ज्ञानपुर पुलिस थाने में संबंधित धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। सांसद इस समय किसी काम से नई दिल्ली गए हैं। एसपी ने कहा कि मामले की जांच के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच टीम की मदद के लिए जिला पुलिस की साइबर सेल को भी लगाया गया है।

# सरयू नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत

**गोंडा।** जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेझिया (प्रभुपुरवा) गांव निवासी दो बच्चों की सरयू नदी में डूबकर मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी संसार चंद राठी ने बताया कि गांव के दो बच्चे सत्यम (12) तथा कृष्णा (13) बुधवार दोपहर बाद गांव से करीब एक किमी दूर प्रवाहित हो रही सरयू नदी में स्नान करने के लिए गए थे। उन्होंने बताया कि जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चे गलती से स्नान करते हुए गहरे पानी में चले गए और उनकी डूबकर मौत हो गई। राठी ने बताया कि घटना के बारे में तत्काल किसी को पता नहीं चला।उन्होंने बताया कि देर शाम तक जब दोनों बच्चे घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। प्रशासन को सूचना मिलने पर नदी में आसपास के गोताखोरों व मल्लाहों के सहयोग से बच्चों की तलाश की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह दोनों बच्चों का शव नदी से बरामद किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि स्थानीय थाने की पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि पीड़ित परिवार को बच्चों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद शासन द्वारा दैवी आपदा सहायता नियमावली के तहत निर्धारित धनराशि दी जाएगी।

## मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा के लेकर व्यापक सुरक्षा प्रबंध

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा को लेकर व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बृहस्पतिवार को बताया कि आगामी 14 से 26 जुलाई के बीच निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले को 80 सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बलों के 5000 से अधिक जवान तैनात किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हरिद्वार और मुजफ्फरनगर समेत विभिन्न पड़ोसी जिलों के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बुधवार को हरिद्वार में बैठक की और कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था में परिवर्तन पर व्यापक विचार विमर्श किया। जायसवाल ने बताया कि बैठक में कांवड़ यात्रा से जुड़े प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला किया गया है।

## सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में एक थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर मामले के जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि असंद्रा के थानाध्यक्ष ध्यानेंद्र प्रताप सिंह को दो दिन पूर्व थाने में अपने कक्ष में किसी से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक मीडियाकर्मी ने इस बातचीत का वीडियो भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शशांक कुसमेश को दिया था। कुसुमेश ने बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्णेंदु सिंह को शिकायती पत्र दिया था, जिसके बाद यह कार्वाई हुई है।

# जब डीएम ने थाम लिया फावड़ा और ढोई मिट्टी

**आलोक निगम।** बांदा

**विकास** खण्ड जसपुरा के तीन ग्राम पंचायतों ग्राम पड़ोहर, अमारा एवं गड़रिया से निकलने वाली चन्द्रावल नदी के जीर्णोद्धारध्पुर्नजीवित हेतु पूर्व में किये गये कार्यो का लगभग 6 किमी पैदल चलकर जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्यए उपजिलाधिकारी पैलानी लाल सिंह यादवए उपायुक्त मनरेगा राघवेन्द्र तिवारीए नीति आयोग के जल प्रबन्धन समिति के सदस्य जलगुरू जखनी उमाशंकर पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी जसपुरा श्री राजेन्द्र कुमार तहसीलदार पैलानी श्री तिमराज सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के साथ.साथ जिलाधिकारी द्वारा पूरी टीम के साथ ग्राम अमारा में चन्द्रावल नदी में स्वयं एवं पूरी टीम के द्वारा पुर्नजीवित में लगे श्रमिकों के साथ फावड़ा चलाकर और डलिया में मिट्टी लेकर नदी के भीटे में डाली गई।

वी ओ 1 आपको बताते चलें किजिलाधिकारी





बांदा अनुराग पटेल ने मनरेगा मजदूरों के साथ स्वयं कार्य किया और उनको यह बताया देखो तुम लोग काम कर रहे हो और मेरी बहन माताएं काम कर रही हैं काम छोटा नहीं है यदि किसान जमीन में पैदा करके अनाज ना दे तो रुपए से कोई भी अपनी भूख नहीं मिटा सकता अर्थात आप लोग जो कार्य कर रहे हो वह बहुत ही पुनीत और मेहनत भरा कार्य मैं भी किसान का बेटा हूं मैं आप लोगों का दर्द समझता हूं इसलिए मैं स्वयं आप लोगों के साथ कार्य करता हूं दिल्ली के सारे अधिकारी कार्य करते हैं यह बताने का प्रयास करते हैं कि देखिए कोई भी कार्य छोटा और बड़ा नहीं होता है यह भी सत्य है कि इस समय विकट गर्मी पड़ रही है मैं जिले का कलेक्टर हूं मेरे पास गाड़ी में ऐसी है और घर पर ऐसी है और कार्यालय में भी ऐसी है लेकिन मैं आप लोगों के साथ यह सब छोड़कर कार्य इसलिए करता हूं कि मेरा मन कहता है कि मैं किसान का बेटा हूं मुझे भी आप लोगों के साथ कार्य करना चाहिए और मैं करता हूं।

# वायरल वीडियों में नूपुर शर्मा की गर्दन काटने की बात कहने वाला गिरफ्तार

**बरेली** (उत्तर प्रदेश),सात जुलाई (भाषा) जिले के फरीदपुर कस्बे से भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की गर्दन काटने की कथित धमकी देने के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह कार्वाई सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने पर की गई, जिसमें आरोपी कथित तौर पर शर्मा का गला काटने की बात कर रहा है। बरेली के पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि वायरल वीडियो मे एक व्यक्ति नुपूर शर्मा की गर्दन काटने की बात कहता दिखाई दे रहा है तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने एवं वर्ग विशेष के धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आशय से वक्तव्य दे रहा है। उन्होंने बताया कि तत्काल प्रकरण का संज्ञान लेकर जांच कराई गई, तो यह प्रकरण बरेली जिले के थाना फरीदपुर से संबंधित पाया गया है। अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध मे फरीदपुर थाना मे मामला पंजीकृत कर नासिर नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि नासिर, फरीदपुर थाना के अंतर्गत कस्सावान कस्बे का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक नासिर की फरीदपुर कस्बे मे दर्जी की दुकान है।

# भारत ने श्रीलंका का सफाया किया

● वनडे श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की

● हरमनप्रीत और पूजा चमकी

**भाषा।** पालेकल

**कप्तान हरमनप्रीत** कौर और पूजा वस्त्राकर के हरफनमौला प्रदर्शन के बूते भारतीय महिला टीम ने गुरूवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका पर 39 रन की जीत से श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। हरमनप्रीत (88 गेंद में 75 रन, पांच ओवर में 21 रन देकर एक विकेट) और वस्त्राकर (65 गेंद में नाबाद 56 रन, 32 रन देकर दो विकेट) ने पहले सातवें विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी निभाकर टीम को संभाला और नौ विकेट पर 255 रन का स्कोर खड़ा करने में मदद की। गेंदबाजों ने फिर रणनीति का बेहतर ढंग से कार्यान्वयन करते हुए मेजबान टीम को 47.3 ओवर में 216 रन पर समेट दिया। इसमें हरमनप्रीत और वस्त्राकर दोनों ने अहम झटके दिए। इस श्रृंखला में जीत से भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ लगातार चौथी द्विपक्षीय श्रृंखला अपने नाम की। महिला टीम ने इससे पहले 2013, 2015 और 2018 में भी वनडे श्रृंखला जीती थी। पहले ही श्रृंखला में अजेय बढ़त बना चुकी हरमनप्रीत की टीम अंतिम मैच में आत्मविश्वास से लबरेज दिखी जिसकी श्रीलंकाई टीम में शुरू से ही कमी दिखाई दी। श्रीलंका टीम की कप्तान चामरी अटापट्टू ने ऐसी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का न्योता दिया जो पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा पहुंचाने के लिए मशहूर है। दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करने वाली सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना हालांकि बड़ी साझेदारी करने में विफल रहीं। मंधाना (20 गेंद में छह रन) आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं जो कविशा दिलहारी की लेंथ गेंद का शिकार हुई। शेफाली ने 50 गेंद में 49 रन बनाकर अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखी। वह लगातार दूसरे अर्धशतक से चूक गईं और रश्मि सिल्वा की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। शेफाली तीन मैचों में 155 रन बनाकर श्रृंखला की शीर्ष स्कोरर रहीं। अहम मौके पर शेफाली के आउट होने के बाद भारत का मध्यक्रम चरमरा गया जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 124 रन हो गया। पर हरमनप्रीत ने जिम्मेदारी से खेलते हुए श्रीलंकाई गेंदबाजों की शार्ट गेंदों को बेहतर तरीके से निपटा। उन्होंने सात चौके और दो गगनचुंबी छक्के जमाए। उनकी ज्यादातर बाउंड्री मिडविकेट पर लगी। भारतीय कप्तान ने अपना अर्धशतक डीप मिडविकेट पर शानदार छक्का जड़कर पूरा किया। वस्त्राकर ने अपनी कप्तान का अच्छा साथ निभाया और महिला वनडे में अपना दूसरा अर्धशतक जमाया जिसमें तीन छक्के शामिल रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की कप्तान अटापट्टू (41 गेंद में 44 रन) और हसिनी परेरा (57 गेंद में 39 रन) ने अच्छा जज्बा दिखाया। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े लेकिन कप्तान के आउट होने के बाद टीम की बल्लेबाजों को राजेश्वरी गायकवाड़ (10 ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट) को खेलने में काफी परेशानी हुई जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी घरेलू टीम के खिलाफ कसी गेंदबाजी की।




### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** शेफाली पगबाधा बो रश्मि डि सिल्वा 49, मंधाना का अनुष्का संजीवनी बो कविशा दिलहारी 06,भाटिया का अमा कंचना बो रणवीरा 30, देओल स्ट अनुष्का संजीवनी बो रश्मि डि सिल्वा 01,दीप्ति का हसिनी परेरा बो ओ राणासिंघे 04, हरमनप्रीत का ओ राणासिंघे बो अटापट्टू 75,घोषा का अटापट्टू बो रणवीरा 02, वस्त्राकर नाबाद 56,मेघना बो अटापट्टू 08,रेणुका बो अमा कंचना 02, गायकवाड़ नाबाद 03,**अतिरिक्त** : 19,**कुल** : 50 ओवर में नौ विकेट पर : 255 रन, **विकेट पतन** :1-30, 2-89, 3-92, 4-94, 5-118, 6-124, 7-221, 8-242, 9-251, **गेंदबाजी** : कंचना 9-0-63-1,ओशादी 9-0-42-1,दिलहारी 8-0-30-1,रणावीरा 10-0-22-2, सिल्वा 6-0-53-2, अटापट्टू 8-0-45-2

**श्रीलंका पारी :** गुणरत्ने गायकवाड़ बो मेघना सिंह 03,अटापट्टू का पूजा वस्त्राकर बो हरमनप्रीत कौर 44, परेरा बो गायकवाड़ 39, दिलहारी स्ट यास्तिका भाटिया बो गायकवाड़ 12,मडावी बो हरलीन देओल 22, सिल्वा नाबाद 48, संजीवनी बो पूजा वस्त्राकर 01,कंचना स्ट यास्तिका भाटिया बो गायकवाड़ 02, राणासिंघे का यास्तिका भाटिया बो पूजा वस्त्राकर 01,रश्मि बो मेघना सिंह 18,राणावीरा बो दीप्ति शर्मा 10,**अतिरिक्त** : 16,कुल : 47.3 ओवर में सभी आउट : 216 रन,**विकेट पतन** :1-7, 2-63, 3-99, 4-110, 5-146, 6-149, 7-152, 8-155, 9-183,**गेंदबाजी** : रेणुका 8-0-33-0,मेघना 7-0-32-2,शर्मा 8.3-0-47-1, गायकवाड़ 10-0-36-3, कौर 5-0-21-1,वस्त्राकर 7-0-33-2, देओल 2-1-7-1

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम फैरो आइलैंड से 2-4 से हारी

**भाषा।** नई दिल्ली

भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम को गुरूवार को नार्वे के स्ट्रोमेन में फैरो आइलैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें नियमित समय में गोल नहीं कर सकीं जिससे मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। भारत ने शुरू में दो कॉर्नर हासिल किए लेकिन शैलजा का क्रास प्रतिद्वंद्वी टीम के डिफेंस ने रोक दिया। भारतीय टीम का यूरोप का यह दौरा आगामी अंडर-17 विश्व कप की तैयारियों का हिस्सा है जिसकी मेजबानी भारत करेगा। तीस मिनट से ज्यादा का समय हो चुका था और भारत को एक फ्री किक मिली जिस पर डिफेंडर नाकेटा ने शॉट लगाया लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम की गोलकीपर ने आसानी से इसे लपक लिया। कुछ मिनट बाद लिंडा कोम सर्टो ने जगह बनाने की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहीं। नीतू लिंडा ने रिबाउंड पर शॉट लगाया लेकिन यह सीधा गोलकीपर के पास गया। कोच थॉमस डेनेरबी ने हाफ टाइम के ब्रेक के बाद कुछ बदलाव किए। काजोल डिसूजा और रेजिया देवी ने नेहा और शैलजा की जगह ली। दोनों टीमों की ओर से प्रयास होते रहे।

# तेंदुलकर ने ताजा की यादें

● गांगुली के कमरे को पानी से भरने से लेकर उपकप्तानी के लिए नाम सुझाने तक की चर्चा

**भाषा।** नई दिल्ली



पिछले साढे तीन दशक में सचिन तेंदुलकर ने सौरव गांगुली को विभिन्न अवतारों में देखा है ..एक परिपक्व किशोर, बेहतरीन भारतीय क्रिकेटर, सफल कप्तान और व्यस्त प्रशासक। लेकिन इस चैम्पियन बल्लेबाज के लिए वह इन सबसे ऊपर एक बेहद करीबी दोस्त है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद भी दोनों की दोस्ती उतनी ही गहरी है। बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली के 50वें जन्मदिन से पहले अपने सलामी जोड़ीदार के साथ पुरानी यादों को ताजा करते हुए तेंदुलकर ने कई पहलुओं पर पीटीआई से बात की। यह पूछने पर कि बतौर कप्तान करीब पांच साल के कार्यकाल में गांगुली ने उन्हें कितनी आजादी दी, तेंदुलकर ने कहा , सौरव महान कप्तान था। उसे पता था कि संतुलन कैसे बनाना है। खिलाड़ियों को कितनी आजादी देनी है और कितनी जिम्मेदारी। जब उसने कमान संभाली, तब भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा था। हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी जो भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सके। उस समय हमें वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, जहीर खान, हरभजन सिंह और आशीष नेहरा जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी मिले। ए सभी बेहद प्रतिभाशाली थे लेकिन इन्हें कैरियर की शुरूआत में सहयोग की जरूरत थी जो सौरव ने दिया।उन्हें अपने हिसाब से खेलने की आजादी भी मिली। तेंदुलकर ने बताया कि 1999 में आस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने तय कर लिया था कि उनके कप्तानी छोड़ने पर अगला कप्तान कौन होगा। कप्तानी छोड़ने से पहले भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया दौरे पर मैने सौरव को टीम का उपकप्तान बनाने का सुझाव दिया था। मैने उसे करीब से देखा था और उसके साथ क्रिकेट खेली थी। मुझे पता था कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे ले जा सकता है। वह अच्छा कप्तान था। इसके बाद सौरव ने मुड़कर नहीं देखा और उसकी उपलब्धियां हमारे सामने है।

### वीजा समस्याओं के कारण बजरंग के अमेरिका के ट्रेनिंग दौरे में विलंब

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया की राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी प्रभावित होगी क्योंकि उन्हें अभी तक अपना ब्रिटेन का वीजा नही मिला है। पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों से पहले प्रशिक्षण के लिए अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय जाना था लेकिन ब्रिटेन का वीजा मिलने में देरी के कारण उन्हें भारत में रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से बर्मिंघम में होगा।

### राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजकों ने तेजस्विन का नाम खारिज किया

**नई दिल्ली।** ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा जीतने के बावजूद आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नही ले पाएंगे क्योंकि बर्मिंघम आयोजकों ने अंतिम समय में उनके नाम की प्रविष्टि खारिज कर दी। राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजकों ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को सूचित किया कि अंतिम समय में खिलाड़ी के प्रतिस्थापन (एलएआर) को उसी स्पर्धा में भाग लेने की अनुमति दी जाती है जिस स्पर्धा से खिलाड़ी हटा हो (इस मामले में चार गुणा 400 मीटर रिले में)।

### रूसी मीडिया ने कहा, ब्रिटनी ने ड्रग सुनवाई मामले में दोष स्वीकार किया

**मॉस्को।** रूस की समाचार एजेंसियो ने कहा है कि जेल में बंद अमेरिकी बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर ने मॉस्को में अपने मामले की सुनवाई के दौरान ड्रग रखने और तस्करी के आरोप में दोष स्वीकार कर लिया है। खबरों में कहा गया है कि ब्रिटनी ने गुरुवार को अदालत में सुनवाई के दौरान अपना दोष स्वीकार किया।

### वारविकशर ने एजबस्टन टी2 में नस्लवाद से निपटने के लिए कमर कसी

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच इस हफ्ते संपन्न पांचवे टेस्ट के दौरान दर्शकों पर नस्ली बर्ताव के आरोपों को देखते हुए वारविकशर एजबस्टन में दोनों टीम के बीच होने वाले दूसरे टी20 के दौरान अंडरकवर स्पॉटर्स (दर्शकों के बीच घुले मिले कर्मचारी) तैनात करेगा। काउंटी ने गुरुवार को यह घोषणा की। भारत के कई समर्थकों ने पांचवे टेस्ट के दौरान अन्य प्रशंसकों पर नस्ली दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। क्लब ने बयान में कहा, दुर्व्यवहार पर नजर रखने और तुरंत कार्वाई के लिए इसकी जानकारी देने के इरादे से फुटबॉल की तरह अंडरकवर स्पॉटर्स को पूरे स्टेडियम में तैनात किया जाएगा।

### अदालत ने आईपीएल में नीलामी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की नीलामी को चुनौती देने वाली एक याचिका खारिज कर दी है। जनहित याचिका में दावा किया गया था कि खिलाड़ियों की नीलामी अमानवीय है और मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे की अगुवाई वाली खंडपीठ बुधवार को वेंकटेश शेट्टी और अन्य की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आईपीएल का मौजूदा सत्र खत्म हो गया है और दिल्ली उच्च न्यायालय ने ऐसी ही एक याचिका खारिज की है तो यह जनहित याचिका सुनवाई के योग्य नही है।

# धोनी के 41वें जन्मदिन पर लगा बधाइयों का तांता




● ओम हेलीकॉप्टराय नमः सहवाग

**भाषा।** नई दिल्ली

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी गुरूवार को 41 बरस के हो गए और उन्हें बधाई देते हुए विराट कोहली और सुरेश रैना ने उन्हें बड़ा भाई कहा तो वहीं वीरेंद्र सहवाग ने अपने चिर परिचित अंदाज में ओम हेलीकॉप्टराय नमः कहकर मुबारकबाद दी। भारतीय स्टार बल्लेबाज कोहली अपने शानदार करियर के खराब दौर से गुजर रहे हैं, उन्होंने बड़े भावनात्मक अंदाज से धोनी को अपना बड़ा भाई करार करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। कोहली ने ट्वीट किया, आपके जैसा कोई कप्तान नहीं। भारतीय क्रिकेट के लिए आपने जो किया, उसके लिए शुक्रिया। आप मेरे लिए बड़े भाई की तरह बन गए। बस आपके लिए हमेशा प्यार और सम्मान। हैपी बर्थडे कप्तान। धोनी एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने सभी तीन आईसीसी ट्राफियां – 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैम्पियंस ट्राफी – जीती हैं, वह इस समय इंग्लैंड में छुट्टियां मना रहे हैं। धोनी ने अपने जन्मदिन से पहले का दिन विम्बलडन में राफेल नडाल का मैच देखकर बिताया जिसमें इस स्पेनिश ने क्वार्टरफाइनल में टेलर फ्रिट्ज पर जीत दर्ज की। उन्होंने इंग्लैंड में अपने परिवार और दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मनाया तथा इस मौके पर भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी मौजूद थे। धोनी की पत्नी साक्षी ने एक छोटा सा वीडियो साझा किया है जिसमें धोनी केक पर लगी मोमबत्ती बुझाते हुए दिख रहे हैं और उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी एक स्टोरी पोस्ट की है जिसमें पंत एक ग्रुप फोटो में साथ दिख रहे हैं। सहवाग ने अपने मजाकिया अंदाज में कहा कि जब तक धोनी क्रीज पर हैं, कोई भी मैच खत्म नहीं होता। उन्होंने लिखा, जब तक फुल स्टॉप नहीं आता तब तक वाक्य पूरा नहीं होता। उसी तरह जब तक धोनी क्रीज पर हैं, मैच खत्म नहीं होता। सहवाग ने ट्वीट किया, सभी टीमों का भाग्य ऐसा नहीं है कि उनके पास धोनी जैसा खिलाड़ी हो। इतने शानदार व्यक्ति और खिलाड़ी एमएस धोनी को जन्मदिन मुबारक हो। ओम हेलीकॉप्टराय नमः। भारतीय आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने धोनी के साथ आईपीएल 2022 की फोटो साझा की ।

# वेस्टइंडीज टी20 श्रृंखला के लिए कोहली ने विश्राम मांगा

● अश्विन की वापसी की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली



दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से विश्राम मांगा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने इस जानकारी को साझा करते हुए बताया कि इस श्रृंखला के लिए 11 जुलाई को टीम की घोषणा हो सकती है। भारतीय टीम 11 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का आखिरी टी20 मैच खेलेगी। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, कोहली, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और कप्तान रोहित शर्मा को एकदिवसीय श्रृंखला से आराम देना टीम प्रबंधन का फैसला था। पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 29 जुलाई से त्रिनिदाद के तरौबा में शुरू होगी और उसके बाद एक और दो अगस्त को सेंट किट्स में मैच खेले जाएंगे। श्रृंखला छह और सात अगस्त को फ्लोरिडा में लगातार दो मैचों के साथ संपन्न होगी। सूत्र ने कहा, टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अन्य सभी खिलाड़ी खेल रहे होंगे। कोहली ने खुद विश्राम मांगा है। उन्होंने सूचित किया है कि वह वेस्टइंडीज दौरे के बाद सभी श्रृंखलाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। समझा जाता है कि सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को इस श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, टी20 विश्व कप के लिए अश्विन टीम प्रबंधन की योजना का हिस्सा है और वह वेस्टइंडीज में टी 20 श्रृंखला खेलेंगे। हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर अभी खेलने के लिए फिट नहीं है और जब तक वह फिट होंगे तब काउंटी चैंपियनशिप में लंकाशायर के लिए खेलेंगे। वेस्टइंडीज दौरे के बाद भारत को एशिया कप (27 अगस्त) में खेलना है जो टी 20 प्रारूप में खेला जाएगा। इन दोनों के बीच भारतीय टीम को जिम्बाब्वे दौरे पर संक्षिप्त टी20 श्रृंखला में भाग लेना है। चोटिल लोकेश राहुल अगर फिट हुए तो इस दौरे पर वह टीम की अगुवाई करेंगे। इस दौरे पर भी युवा खिलाडियों की टीम जाएगी।

### जल्दी खेलने की कोशिश कर रहे हैं कोहली : गावस्कर



**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि विराट कोहली की स्विंग से निपटने के लिए गेंद को जल्दी खेलने की रणनीति उलटी पड़ गई और इंग्लैंड की परिस्थितियों मे उनकी सलाह हमेशा यही रहेगी कि जितना हो सके, गेंद को उतना देर से खेलो। कोहली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शतक जड़े हुए ढाई साल से ज्यादा हो गए है। उन्होंने इंग्लैड के खिलाफ हाल मे समाप्त हुए पांचवे टेस्ट मे 11 और 20 रन बनाए जिसमे भारत को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। गावस्कर ने स्पोर्ट्स टुडे पर कहा, इंग्लैंड मे खेलने का तरीका है कि गेंद को जितना देर से हो, उतना देर से खेलो। इससे आप गेंद को अपना काम करने दोगे और फिर इसके बाद ही खेलोगे। मैने हाईलाइट मे जो भी थोड़ा बहुत देखा है, उससे लग रहा था कि कोहली गेंद तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे और गेंद को जल्दी खेलने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने साथ ही कहा कि कोहली को 2018 मे इंग्लैंड मे सफलता मिली थी क्योंकि वह गेंद को काफी देर से खेल रहे थे। इसलिए वह 2018 की तरह खेलते नही दिख रहे जिसमे वह ऑफ स्टंप के पास काफी देर से खेलते हुए दिख रहे थे।

### वॉन ने कोहली से कहा, जाओ तीन महीने का विश्राम लो

**लंदन।** इंग्लैड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने खराब फॉर्म में चल रहे भारतीय स्टार विराट कोहली को तीन महीने का विश्राम लेने की सलाह दी जिसमें वह समुद्र तट पर जाकर बैठें और परिवार के साथ समय बिताएं। इंग्लैड के खिलाफ कोविड-19 के कारण स्थगित हुए पांचवे टेस्ट में भी कोहली का बल्ले से खराब दौर जारी रहा। वह पिच पर अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन बड़ी पारी नही खेल सके। इंग्लैड ने यह मैच जीतकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। वॉन ने क्रिकबज से बातचीत के दौरान कहा, विराट ने निश्चित रूप से आईपीएल के अंत में थोड़ा आराम किया था। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि उसे विश्राम की जरूरत है। ऐसा लगता है कि उसे क्रिकेट से तीन महीने दूर रहने की जरूरत है। उसे समुद्री तट पर जाकर बैठना और समय बिताना चाहिए। उन्होंने कहा, उसे जाकर अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहिए क्योंकि 20 साल के करियर के लिए यह जरूरी है, जो उसका रहेगा क्योंकि वह इतना अच्छा खिलाड़ी है।

### चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने मजबूत शुरुआत की

**चेन्नई।** एशियाई जूनियर चैम्पियन (2021) रोहित चमोली की अगुवाई में चंडीगढ़ के चार मुक्केबाजों ने पांचवें युवा पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में गुरुवार को यहां जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। रोहित ने पुरुषों के 51 किग्रा के शुरुआती चरण के एकतरफा मुकाबले में छत्तीसगढ़ के तुषार ध्रुव को आसानी से 5-0 के अंतर से हराया। रोहित के अलावा आशीष (75 किग्रा), नेहा (54 किग्रा) और परिणीता (48 किग्रा) ने भी आसान जीत हासिल की। महाराष्ट्र और उप्र के मुक्केबाजों ने भी गुरुवार को शानदार प्रदर्शन किया।

# निशानेबाजी न होने के बाद भी पदकों की उम्मीद : ठाकुर




राष्ट्रमंडल खेलों के लिए किट (पोशाक) अनावरण करते अनुराग ठाकुर

**भाषा।** नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी और तीरंदाजी जैसे खेलों के हटने से भारत की पदक संभावनाओं को झटका लगा है लेकिन केन्द्रीय खेल एंव युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को यहां उम्मीद जताई कि दूसरे खेलों के खिलाड़ी इस कमी को पूरा करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए किट (पोशाक) अनावरण और खिलाड़ियों के विदाई समारोह के मौके पर ठाकुर ने कहा, पिछले (2018 गोल्ड कोस्ट) राष्ट्रमंडल खेलों में हमने सात स्वर्ण सहित 16 पदक सिर्फ निशानेबाजी में जीते थे। इस बार हमें इसकी कमी खलेगी लेकिन इन खेलों में हमारे 215 खिलाड़ी भाग ले रहे है और उम्मीद है कि वे अपनी स्पर्धाओं में अच्छा करेंगे। आगामी खेलों में भारतीय खिलाड़ी हल्के नीले और लाल रंग की पोशाक में स्पर्धा करते नजर आएंगे जबकि उद्घाटन और समापन समारोह में वे गहरे नीले रंग की बंदगला शेरवानी में दिखेंगे।

### खेल मंत्री ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) की बैठक में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो की तैयारी की समीक्षा की और कहा कि जिस तरह चीजे हो रही है उससे वह खुश है और उन्हे इस प्रतियोगिता मे काफी पदक जीतने की उम्मीद है।आगामी राष्ट्रमंडल खेलो मे 215 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ठाकुर ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा, खिलाड़ियों की तैयारियां जोरदार तरीके से चल रही है। मुझे खुशी है कि तोक्यो ओलंपिक के बाद प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के स्तर मे लय बेहतर हुई है और हम ओलंपिक तथा पैरालंपिक के बाद भी सफलता जारी रहने की उम्मीद कर सकते हैं। एमओसी की बैठक मे अंजू बॉबी जॉर्ज, वीरेन रासकिन्हा, मोनालिसा बरूआ, पहलवान योगेश्वर दत्त, तृप्ति मुरगुंडे और अन्य सदस्यो ने हिस्सा लिया।

# सिंधू और प्रणय मलेशिया मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में





**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और एच एस प्रणय मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गए। सातवी वरीयता प्राप्त सिंधू ने 32वी रैंकिंग वाली चीन की झांग यि मान को 28 मिनट मे 21-12, 21-10 से हराया। अब उनका सामना अंतिम आठ मे चिर प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपै की ताइ जू यिंग से होगा। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ सिंधू का रिकॉर्ड 5 -16 का है। पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन मे भी उसने सिंधू को हराया था। पुरूष एकल मे प्रणय क्वार्टर फाइनल मे पहुंचे जबकि बी साइ प्रणीत और पारूपल्ली कश्यप हारकर बाहर हो गए। प्रणय ने चीनी ताइपै के वांग जू वेइ को 21-19, 21-16 से हराया। अब उनका सामना जापान के केंटा सुनेयामा से होगा। वही बी साइ प्रणीत को चीन के लि शि फेंग ने 21-14, 21-17 से हराया। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन कश्यप को छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिग ने 21 -10, 21 - 15 से शिकस्त दी।

### वरीय खिलाडियों को संयुक्त बढ़त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 15वीं राज्य शतरंज चैंपियनशिप 2022 में सभी वरीय खिलाड़ी जीते। मानसरोवर योजनाए शहीद पथ सहित शिवानी पब्लिक स्कूल में राज्य शतरंज चैंपियनशिप 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिका तथा 7 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिका की चयन प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। इसमें सभी वरीय खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्गों में विजय प्राप्त की और अधिकतम 2 अंक अर्जित करते हुए तीसरे चक्र में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में दो चक्रों की समाप्ति पर अंडर-19 बालक वर्ग में गौतम बुद्ध नगर के अजय संतोष और हर्षित सिंहए कानपुर के श्रेष्ठ यादव और अनुपम दत्ताए मेरठ के गोपाल कृष्ण व उज्जवल चौहानए आगरा के पार्थ भटनागर तथा लखनऊ के पृथ्वी सिंह अपने अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर 2-2 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाये हुए है। अंडर-19 बालिका वर्ग में मैनपुरी की स्वाती पाल कानपुर की तान्या वर्मा तथा वाराणसी के संभवी श्रीवास्तव 2-2 अंकों के साथ संयुक बढ़त पर है। अंडर.7 बालक वर्ग में गर्वित जैनए प्रत्यूष, मो हैदर, मो.इस्माइल तथा प्रयम चौहान अपने अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर 2-2 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाये हुए है जबकि बालिका वर्ग में गोरखपुर की दीपांजलि श्रीवास्तव 2 अंको के साथ एकल बढ़त पर चल रही हैं। इससे पहले चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एके रायजादा व शिवानी ग्रुप ऑफस्कूल व कॉलेजेज के सीईओ सुधीर दुबे ने किया।




# जेब्युर और रिबाकिन विंबलडन फाइनल में



**भाषा।** विंबलडन

**तीसरी वरीय** ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्युर गुरुवार को यहां तात्याना मारिया को कड़े मुकाबले में हराकर विंबलडन महिला एकल फाइनल में जगह बनाने के साथ पेशेवर युग में किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली अफ्रीका की पहली महिला खिलाड़ी बनी। ट्यूनीशिया की 27 साल की जेब्युर ने अपनी अच्छी मित्र मारिया को सेंटर कोर्ट पर उतार चढ़ाव भरे सेमीफाइनल मुकाबले में 6-2, 3-6, 6-1 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में जेब्युर का सामना रूस में जन्मीं कजाखस्तान की 17वीं वरीय एलेना रिबाकिना से होगा। रिबाकिना ने सेमीफाइनल में 2019 की चैंपियन रोमानिया की सिमोना हालेप को एकतरफा मुकाबले में सीधे सेट में 6-3, 6-3 से हराया। जेब्युर की तरह रिबाकिना ने भी पहली बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में जगह बनाई है। जेब्युर की यह लगातार 11वीं जीत है और उन्होंने अपने पिछले 24 मैचों में से 22 में जीत दर्ज की है। मेजर टेनिस टूर्नामेंट में 1968 में पहली बार पेशेवर खिलाड़ियों को शामिल किए जाने के बाद से अब तक कोई अफ्रीकी महिला फाइनल में जगह नहीं बना पाई थी। वह यह सफर तय करने वाली अरब की पहली महिला खिलाड़ी भी हैं। जेब्युर ने कहा, आज यहां खड़ी होकर मैं ट्यूनीशिया की महिला खिलाड़ी के रूप में गर्व महसूस कर रही हूं। मुझे पता है कि ट्यूनीशिया में वे दीवाने हो गए होंगे। मैं जितना अधिक हो सके लोगों को उतना अधिक प्रेरित करने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा, मैं टूर पर सिर्फ ट्यूनीशिया की नहीं बल्कि अरब, अफ्रीका के भी अधिक से अधिक खिलाड़ियों को देखना चाहती हूं। पुरुष एकल सेमीफाइनल शुक्रवार को होंगे जिसमें तीन बार के गत चैंपियन और शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच नौवें वरीय ब्रिटेन के कैमरन नोरी से भिड़ेंगे जबकि 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता रफेल नडाल का सामना गैरवरीय निक किर्गियोस से होगा।

● नडाल किर्गियोस सेमीफाइनल में



### सानिया ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हारी

**विम्बलडन।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में गत चैम्पियन नील कुपस्की और डेसिरे क्रॉजिक से मिली हार के साथ विम्बलडन से विदा ली। सानिया और क्रोएशिया के मेट पाविच की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को ब्रिटेन के कुपस्की और अमेरिका की डेसिरे ने 4-6, 7- 5, 6-4 से हराया। 35 वर्ष की सानिया छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुकी हैं जिनमें तीन मिश्रित युगल खिताब हैं हालांकि वह विम्बलडन मिश्रित युगल कभी नही जीत सकी। उन्होंने 2009 आस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 फ्रेंच ओपन महेश भूपति के साथ और 2014 अमेरिकी ओपन ब्राजील के ब्रूनो सुआरेस के साथ जीता था। सानिया ने गुरूवार को ट्वीट किया, हमने जितनी चुनौती पेश की और संघर्ष किया, हमने जो भी काम किया है, वह अंत में महत्वपूर्ण था। पर इस बार विम्बलडन में ऐसा नही होना था, लेकिन पिछले 20 साल में यहां खेलना और जीतना सम्मान की बात है। सानिया का यह टूर पर आखिरी साल है। उन्होंने और पाविच ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में भी 4 . 2 की बढत बना ली थी लेकिन अगले छह में से पांच गेम हार गए। निर्णायक सेट में सानिया और पाविच ने अपने विरोधी की सर्विस तोड़ी लेकिन ज्यादा देर दबाव बनाकर नही रख सके।

# संचारी रोग नियंत्रण माह में छात्रों को दी दीमागी बुखार की जानकारी

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहत

**संचारी** रोग नियंत्रण माह के अंतर्गत गुरूवार को अमरौधा के बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरौधा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं को दिमागी बुखार के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी गई।

जीव विज्ञान के शिक्षक शारिक अली ने बताया कि दिमागी बुखार जिसे अंग्रेजी में मेनिनजाइटिस कहते हैं ये मेनिन्जेस में होने वाली सूजन के कारण उत्पन्न होता है। दरअसल मेनिन्जेस तीन झिल्लियां होती हैं। जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढककर रखती हैं। मेनिन्जेस के आसपास स्थित तरल पदार्थ के संक्रमित हो जाने पर दिमागी बुखार हो सकता है। इस बीमारी के कई



जानकारी देते विज्ञान के शिक्षक पायनियर

प्रकार हैं। जो बैक्टीरियल, वायरल और फंगल हो सकते है। बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस गंभीर हो सकता है। यह एक-दूसरे के निकट संपर्क में आने से फैल सकता है। वायरल मेनिनजाइटिस कम गंभीर होता है। अधिकांश लोग इलाज के बिना पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। फंगल मेनिनजाइटिस इस रोग का एक दुर्लभ रूप है। यह आमतौर पर उन लोगों में होता है, जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। दिमागी बुखार के दौरान होने वाली सूजन आमतौर पर सिरदर्द, बुखार और गर्दन में अकड़न जैसे लक्षणों को बढ़ा देती है. दिमागी बुखार के कुछ मरीज बिना उपचार के कुछ ही हफ्तों में ठीक हो जाते हैं। विज्ञान के शिक्षक गंभीर सिंह ने बताया कि दीमागी बुखार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डाक्टर को दिखाना चाहिए। शिक्षक अवनीश शुक्ला ने बताया कि ज्यादातर बीमारियां गंदगी से फैलती हैं। मंच्छरों के काटने से मलेरिया, दीमागी बुखार होते हैं। इसलिए अपने आसपास दूषित जल न भरने दें। कूड़े-करकट का सुरक्षित निपटान करें। प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिक्षक विनीत कुमार वाजपेयी, पुष्पेंद्र कुमार पांडेय, नंदलाल, अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, रामबाबू, प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नकसारा के समीप देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से जहां 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई वहीं साथी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी श्रीराम का पुत्र रणवीर गांव के ही शिवा पुत्र बोदी लाल के साथ मोटर साइकिल द्वारा हथगांव थाना क्षेत्र के शाहपुर किसी काम से गया था। वापस लौटते समय जब ये लोग नकसारा गांव के पास पहुंचे तभी सामने की दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रणवीर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शिवा घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। उधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# पुलिस छापे में दो हजार लीटर कच्ची शराब व उपकरण बरामद



छापे में बरामद कच्ची शराब व लहन पायनियर

संवाददाता। घाटमपुर

**कोतवाली** क्षेत्र की पुलिस चौकी पतारा क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में गुरुवार सबेरे पुलिस ने छापा मार कर दो हजार लीटर कच्ची शराब व बनाने के उपकरण बरामद किया है, छापे में करीब 4 हजार लीटर लहन (बनाने का समान) भी पुलिस ने जप्त किया है। चौकी इन्चार्ज पतारा

### ● छापे में चार हजार लीटर लहन भी पुलिस ने किया बरामद

बिनीत मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर चौकी के उप निरीक्षक शुभम सिंह व सिपाही मनोज कुमार तथा अंकुर कुमार के साथ गांव पंहुचे और साथ गये चौकीदारों की मदद से 2050 लीटर कच्ची शराब तथा 4 हजार लीटर लहन और बनाने के उपकरण बरामद किये। बाद में सीओ0 के आदेश पर लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। बाद में गांव पंहुचे सी0ओ0 ने लोगों को इक्कठा कर इस समाजिक दुष्प्रभावित कृत्य को बन्द करने का निर्देश दिया।

# दिनदहाड़े बाइकर्स लुटेरों ने आशा बहू के कुंडल लूटे

**फर्रूखाबाद।** दिल्ली रोड पर गुरुवार की दिन दहाड़े बाइकर्स लुटेरों ने आशा बहू के कुंडल लूट लिये। पीछा करने पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी। देर से पहुंची पुलिस ने ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। सर्विलांस को भी मदद के लिए बुला लिया गया। सूत्रों के अनुसार लाडमपुर दोयम निवासी आशा शीतला देवी गुरुवार को धर्मेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर कायमगंज अस्पताल से घर वापस लौट रही थी। जब वह दोपहर 12 बजे करीब दिल्ली रोड पर धमधमा के निकट टायर फैक्ट्री के सामने से गुजर रही थी कि तभी पीछे से आ रहे दो नकाबपोश बाइक सवार लुटेरों ने चलती बाइक पर आशा के कान के कुडल नोच लिये। इस पर वह जोर से चिल्लायीं। इस बीच लुटेरों ने बाइक को तेजी से भगा दिया। इस पर धर्मेंद्र ने लुटेरों को पकड़ने के लिए बाइक उनके पीछे लगा दी। लहरा मोड़ तक पीछा करते हुए जबयह लाग पहुचे तो लूटेरों ने तमंचा तानकर मार देने की धमकी दी। इस पर धर्मेंद्र ने बाइक रोक दी। लुटेरे आराम से भाग गये। आशा ने घटना की जानकारी यूपी 112 को दी। आधे घंटे बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आशा को लेकर थाने आ गयी। थाने से आशा को फैजबाग पुलिस चौकी भेज दिया गया। चौकी पलिस आशा को घटना स्थल पर लेकर पहुंची। इस बीच जानकारी पाकर एसओजी टीम और सर्विलांस टीम भी मौके पर आ गयी। लुटेरों के हुलिये के बार में भी जानकारी की गयी। ढाई घंटे तक पुलिस पड़ताल करती रही। आशा ने बताया कि धर्मेंद्र की पत्नी के पूर्व में प्रसव हुआ था। उसने पुत्र को जन्म दिया था। उसके कागज कायमगंज अस्पताल में जमा करने के लिए धर्मेंद्र के साथ गयी थी। वापस लौटते समय घटना हो गयी। बाइक से गिरते गिरते भी बच गये।

# राष्ट्रीय आयुष मिशन का दो दिवसीय प्रशिक्षण

### ● स्वास्थ्यकर्मियों को दी जानकारी

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहत

**राष्ट्रीय** आयुष मिशन इण्डिया की ओर से स्थानीय ब्लाक कार्यालय के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर गुरूवार को संपन्न हो गया। जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने को जोर दिया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां के आयुष चिकित्सक डा. अवधेश बुधौलिया, मास्टर ट्रेनर किरन मिश्रा, डा. ध्रुवकुमार जादौन, डा. अरविंद कटियार, डा. नदीम अख्तर एवं ब्लाक प्रोग्राम मैनेंजर आराधना सक्सेना ने विचार व्यक्त करते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सेहत से जुड़ी मशहूर कहावत है कि इलाज से बेहतर बचाव है। यह बात पूरी तरह सही भी



प्रशिक्षण के बाद ट्रेनर के साथ प्रशिक्षार्थी पायनियर

है कि किसी बीमारी की चपेट में आने के बाद इलाज कराने से बेहतर है कि ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे कि आप किसी बीमारी की चपेट में न आ सकें। इसके लिए आयुर्वेद में खान पान, रहन सहन पर ध्यान देने की बात कही गई है। शरीर की कार्य क्षमता, प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के नुस्खे आपको आयुर्वेद से मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संकट काल में काढ़ा बनाकर पीने वाले सुरक्षित हैं। जबकि बीमारी से ग्रसित होने के बाद नामी अस्पतालों में लाखों का इलाज कराने वाले लोग आज हमारे बीच नहीं हैं। दूसरे दिन गुरूवार को कार्यक्रम में करीब 150 स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरौधा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आदित्य सचान, डा. तस्नीम नस्रीन, डा. गिरिराज भी मौजूद रहे।

# रामगंगा नदी में डूबने से ग्रामीण की मौत



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**रामगंगा** नदी में डूबने से एक ग्रामीण की मौत हो गयी।कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने बाहर निकाला। वह भैंस की पूछ पकड़कर धार पार कर रहे थे तभी गहरे पानी में बह गये। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। अमृतपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर हड़ाई गांव निवासी महिपाल सिंह बुधवार की शाम 4 बजे अपने घर से मवेशी लेकर गंगा नदी की ओर गये हुये थे। भैंस की पूछ पकड़कर वह नदी की धार को पार कर रहे थे कि तभी वह नदी में बह गये। इस पर ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाल। कुछ देर बाद मौत हो गई। घर वाले महिपाल का शव लेकर चले गये। घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी गयी। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीण के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया। घटना से पत्नी पूनम, पुत्र अजीत, प्रीती, पालकी, रंजीत, सुरजीत का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। परिजनों ने बताया कि बड़ी मुश्किल से महिपाल नदी से बाहर आये।उन्हें बचाने का भी प्रयास किया गया पर सफलता नहीं मिली। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। परिजनों ने बताया कि हर रोज वह इसी तरह से मवेशी लेकर जाते थे लेकिन इस तरह की उम्मीद नही थी कि वह लौटकर घर नहीं आयेंगे।

## एडीजी ने एसपी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**फतेहपुर।** एडीजी प्रयागराज प्रेम प्रकाश ने आज् पुलिस अधीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अचानक एसपी कार्यालय पहुंचे एडीजी ने शिकायत प्रकोष्ठ के साथ ही जनसुनवाई रजिस्टर को भी चेक करते हुए सब कुछ दुरुस्त मिलने पर शिकायत प्रकोष्ठ के कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए ऐसे ही ईमानदारी से काम करने की सलाह दी। कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें एक-एक हजार का नगद पुरस्कार भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने एसपी कार्यालय में पहुंच जनसुनवाई के लिए आई आम जनता की समस्याओं को भी सुना और समझा साथ ही एडीजी ने वायरलेस पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त आदेश भी दिए कि थाने आने वाले फरियादियों से गुणवत्तापूर्ण जनसुनवाई की जाए, जिससे लोगों के बीच पुलिस का भरोसा और भी पक्का हो जाए।

# एसओ के निर्देशन में रूरा पुलिस ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

### ● तेज तर्रार एसएचओ प्रवीण कुमार यादव की कार्यप्रणाली से अराजकतत्वों में मचा हड़कम्प



**रूरा, कानपुर देहात।** तेज तर्रार प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव के निर्देशन में रूरा पुलिस बल ने कस्बे के प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास करवाया। पैदल मार्च से लोगों में राहत के भाव देखे गये। महिला सम्बन्धी अपराधों, अराजकता व अराजकतत्वों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के तहत अपनी तेजतर्रार कार्यप्रणाली से थोडे ही समय में गहरी छाप छोडने वाले प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव के निर्देश पर रूरा पुलिस बल, मुख्य तिराहा, डेरापुर रोड, अकबरपुर रोड सहित अन्य स्थानों पर पैदल मार्च पास्ट किया। पैदल मार्च पास्ट से लोगों में सुरक्षा के भाव देखे गये। बीते दिनों जुमा की नमाज के बाद पत्थरबाजी की घटनाओं से सबक लेते हुये पुलिस बल ने गुरूवार को करीब एक दर्जन पुलिस बल के साथ विभिन्न स्थानों पर पैदल मार्च पास्ट किया। शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद किसी भी प्रकार की आशॅकाओं को निर्मूल साबित करने के लिये पुलिस बल की पहल प्रशॅसनीय है। पैदल मार्च पास्ट के दौरान एसआई(अण्डर ट्रेनिंग) रामऔतार, आरक्षी खडग सिंह, सुनील, सुमित व वैभव सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

# बकरीद व कांवड़ यात्रा में शांति व्यवस्था बनाये रखने को डीएम ने दिये निर्देश

**फतेहपुर।** आगामी पर्वों ईदुज्जुहा (बकरीद) एवं श्रावण मास, कांवड़ यात्रा में शान्ति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की पर्वो में ड्यूटी लगायी गयी है आपस मे समन्वय बनाकर कार्य को संपादित करें। जिन थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक नही हुई है वह आज ही संभ्रांत नागरिको के साथ बैठक कर लें। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आपस में मिलने पर बड़ा अच्छा लगता है आपके सहयोग से फतेहपुर में शांति व सदभाव का माहौल है। धर्म अंतर मन का विषय है, हमे शान्ति से ही पूजा अर्चना करनी चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी नही होगी और न ही सड़क पर नमाज पढ़ी जाएगी। जनपद में 378 डीजे संचालक है सभी के साथ बैठकर शासनादेश के अनुसार दिशा निर्देश दिए जाएं। उच्चतम न्यायालय के अनुसार कँवर यात्रा में अस्त्र शस्त्र लेकर न जाये। नगर पालिका, विद्युत, पीडब्ल्यूडी विभागों द्वारा उक्त त्यौहारों हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के बारे में बताया गया। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि कुर्बानी की जाने वाले स्थल चिन्हित है और मलबा के लिए मैजिक के माध्यम से अजगवां में खोदे गए गड्ढे में डलवाकर मिट्टी से ढक दिया जाएगा। अधिशाषी अभियंता विद्युत ने बताया कि विद्युत कटौती नही होगी निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाएगी और अधिकारियों/कर्मचारियों की विद्युत स्टेशनों पर तैनाती कर दी गयी है। अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि त्योहारों तक सड़कों को गड्ढामुक्त कर दिया जायेगा और सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की कटाई करा दी जाएगी। शहरकाजी कारी फरीदउद्दीन कादरी, डॉ0 अंसारी जहानाबाद, विहिप नेता बीरेन्द्र पाण्डेय समेत अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, सभी धर्मों के धर्मगुरु सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# खेत जाने के डर से किसान ने लगाई फांसी

संवाददाता। फतेहपुर

### ● तालाबी नंबर जमीन पर बो रहा था फसलें

**हथगाम** थाना क्षेत्र के कसेरुवा गांव में एक दलित किसान ने गांव से बाहर पेड़ की डाल पर फांसी लगाकर जान दे दी। किसान वर्षों से तालाबी नंबर पर फसल उगा कर पेट पाल रहा था लेकिन शासन के कड़े निर्देशों के तहत तहसील प्रशासन ने खेत से मिट्टी निकालना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि खेत जाने के डर से वह इतना दुखी हुआ और यह भी बताया जा रहा है कि गांव के कुछ लोगों ने उसे उकसाया भी जिसके कारण उसने जीवन लीला समाप्त कर ली। बताते हैं कि मृतक के पास पांच बीघे का और पट्टा था जिसे उसने धीरे-धीरे बेच दिया। गांव के और कई लोगों के तालाबी नंबर पर पट्टे थे जिन्हें भी खाली करा दिया गया था। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के 63 वर्षीय छेद्दू पासवान पिता बसंत लाल ने घर से खेत जा कर पूजा पाठ के बाद पेड़ की डाल पर फंद्दा डालकर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस के पहुंचने के बाद शव को नीचे उतारा गया। किसान ने जिस जगह फांसी लगाई थी, उसके पैर के नीचे साइकिल भी थी। वह गांव से साइकिल लेकर जंगल गया था जहां उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।जैसे ही लोगों को जानकारी हुई, आसपास के लोग एकत्र होने लगे और देखते-देखते भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। पुलिस ने शेष कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि किसान लंबे समय से तालाबी नंबर खेत में फसल उगा कर परिवार का पेट पाल रहा था।

लगभग एक पखवाड़े पूर्व तहसील प्रशासन की ओर से लेखपाल ने जमीन से मिट्टी निकलवाना शुरू कर दिया। इसमें चुप्पीलाल पुत्र रामदेव, महीपत पुत्र रामसरूप कुष्मादेवी पत्नी संतोष, रामलखन पुत्र श्यामलाल, रामेश्वर पुत्र सुखदेव, कमलादेवी पत्नी विश्वनाथ, अब्बास पुत्र रजब सहरुन्निशा पत्नी अल्ताफ मुकेश पुत्र को छेद्दूआदि किसान भी शामिल थे जिनके खेतों से मिट्टी निकाली गई। किसान प्रधान प्रतिनिधि के पास गया और उसने दुखड़ा रोया। बताया जाता है कि किसान ने खेत जाने के भय से पहले भी आत्महत्या कर लेने की बात गांव में कही थी। इसी को आधार बनाकर कुछ लोगों ने यह कहकर उकसाना शुरू कर दिया कि अब तो खेत जा रहा है, अब क्यों फांसी नहीं लगा लेते हो।

यह बात किसान के मन में घर कर गई और उसने रोजी रोटी के लिए जो चंद खेत उसके पास थे उसके भी चले जाने के भारी दुख से आहत होकर आत्महत्या कर ली। मृतक के तीन बेटे खुशीराम ननकू व बबलू हैं जो सभी शादीशुदा हैं। पत्नी सहित परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एसडीएम ने हटवाया मुख्यमार्ग का अतिक्रमण

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर एसडीएम अजय कुमार राय और कस्बा के नगर पालिका के ईओ के नेतृत्व में मेन रोड के फुटपाथ का अतिक्रमण हटाया गया। दुकानदारो को दोबारा अतिक्रमण करने पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही की चेतावनी दी गई। भोगनीपुर एसडीएम अजय कुमार राय के नेतृत्व में नगर पालिका के सहित कर्मचारियों के साथ मेन रोड के दोनों तरफ फुटपाथ पर लगाए हुए दुकानदारो का अतिक्रमण नगर पालिका मोड़ से लेकर इंटर कॉलेज के सामने तक पुलिस बल के साथ हटवाया गया ,वही पर एसडीएम और ईओ के द्वारा फुटपाथ पर लगाए दुकानदारो को अतिक्रमण लगाने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई ,सीओ तनु उपध्याय कोतवाल राजेश कुमार ,चौकी इंचार्ज देव नरायण द्विवेदी आदि पुलिस बल के नगर पालिका के ईओ अजय कुमार अतुल पाण्डेय ,जितेंद्र कुमार,मनोज मिश्रा, आशीष सैनी, सफाई नायक महेश आदि लोग मौजूद रहे है।

## क्विक न्यूज

### खरीफ गोष्ठी एवं तिलहन मेला में दी योजनाओं की पेश की गई झांकी

**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में विकास भवन परिसर में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी एवं तिलहन मेला का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्जवलन कर गोष्ठी/मेला का शुभारम्भ किया गया। गोष्ठी/तिलहन मेला में कृषि, उद्यान, खादी ग्रामोद्योग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, पशुपालन, इफको, मिश्रा बीज भण्डार, मत्स्य, रेशम, पी0जी0एस0 प्रमाणित जैविक उत्पाद, मृदा परीक्षण, प्रधानमंत्री फसल बीमा दित्यांगजन सशक्तीकरण आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाये गये थे जिनका निरीक्षण किया गया। उन्होंने ने खरीफके लिये की गयी तैयारी की समीक्षा के साथ ही जनपद के किसानों से फीडबैक भी लिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की जनपद स्तरीय खरीफगोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों के सुझाव एवं उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना है। खरीफ हेतु आवश्यक निवेश, बीज, उर्वरक आदि की पर्याप्त उपलब्धता किसानों के पास समय से पहुँच जाए। उन्होने कहा कि वर्तमान में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है, को दृष्टिगत रखते हुये निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाये। उन्होंने कहा कि दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती को बढावा दिये जाने की आवश्यकता है। इनके द्वारा कहा गया कि बीज शोधन करके ही बोआई करें उससे रोग लगने की सम्भावना नहीं रहती है और उत्पादन में बढोत्तरी होती है।

### किशोरी समेत तीन ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत किशोरी समेत तीन ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव निवासी नवाब अली की 13 वर्षीय पुत्री मुस्कान ने बुधवार की देर शाम घर के ऊपर वाले कमरे में अपने ही दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जें में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का पिता नवाब अली ने गांव के ही दो लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया कि मां व पुत्र उसकी पुत्री को गन्दी-गन्दी गाली देने के साथ-साथ मारापीटा जिससे क्षुब्ध होकर उसने घटना को अंजाम दिया। इसी प्रकार हथगांव थाना क्षेत्र के मुआरी गांव निवासी वीरेन्द्र की 35 वर्षीय पत्नी गीता देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के चाचा राम किशोर ने वीरेन्द्र, देवर धर्मेन्द्र एवं कमलेश पर आरोप लगाते हुए बताया कि तीनों ने मिलकर उसकी भतीजी को मारने पीटने के बाद हत्या कर दी और आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी पर लटका दिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिधांव के समीप बुधवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिधांव गांव निवासी होरी लाल का पुत्र सुरेन्द्र बाइक द्वारा बहुआ किसी काम से गया था। देर रात लौटते समय जब वह गांव के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी जब परिजनो ंको दी तो उसे लेकर अस्पताल आ रहे थे तभी उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### पशुचर ज़मीन कब्जाने पर चार नामजद

**फ़तेहपुर।** शहर क्षेत्र क़े भिटौरा रोड चक बिसौली में पशुचर की जमीन में हो रहे निर्माण पर माफियाओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। जानकारी क़े अनुसार चक बिसौली के आराजी नम्बर 88 में मंगलवार को पशुचर की जमीन पर भूमाफिया निर्माण करा रहे थे जिसका संज्ञान लेकर एसडीएम नंदप्रकाश मौर्य ने नायब तहसीलदार विकास पांडेय को मामले की जांच के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने मौके पर जाकर जांच की तो पशुचर की जमीन पर पक्का निर्माण पाया। उन्होंने लेखपाल सुनील राणा को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए जिसमें तत्काल कोतवाली में चार कब्जेदारों जय सिंह उर्फ छोटे, राम सिंह उर्फ बड़कू, राजेन्द्र सिंह पुत्रगण रामपाल सिंह व सदाप्यारी के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम की धारा 447, 3, 5 के अंतर्गत एफआईआर पंजीकृत करवाई गई।

### प्रेमी को रात में घर के अंदर बंधक बनाकर प्रेमिका के परिजनों ने जमकर पीटा

**बिंदकी (फतेहपुर)।** प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी रात में अपने प्रेमिका के घर में जा घुसा। वही प्रेमिका के परिजनों ने दोनों को एक साथ देखा तो आग बबूला हो गए। प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी को बंधक बनाकर जमकर पिटाई की दूसरे दिन मामले की जानकारी पुलिस को हुई तो पुलिस बल मौके पर पहुंचा और बंधक बने प्रेमी को प्रेमिका के घर से छुड़ाया। घायल प्रेमी के साथ प्रेमिका का भी पुलिस ने मेडिकल कराया वहीं इस मामले में मारपीट के आरोपी बाबा तथा नाती को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अविवाहित प्रेमी तथा दो बच्चों की मां विवाहित प्रेमिका के बीच काफी दिनों से प्रेम संबंध चला रहा था इस बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच तनाव का माहौल भी बना रहता है।

### लीडरशिप अकादमी की शुरूआत

**लखनऊ।** यारा इंडिया ने उत्तर प्रदेशए भारत में यारा लीडरशिप अकादमी का शुभारंभ किया। 12.सप्ताह का यह एमबीए.प्रेरित मॉड्यूल यारा इंडिया के समुदायों के भीतर युवाओं और महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों को प्राथमिकता देते हुए 500 सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यम व्यवसाय मालिकों की भविष्य के अनुकूल दक्षताओं और नेतृत्व क्षमता का निर्माण करेगा। यह पहल एक व्यापक सामाजिक प्रभाव 2030 ढांचे का हिस्सा है जिसकी घोषणा ल्तं का अफ्रीका और एशिया व्यवसाय आज कर रहा है। यारा इंडिया ने यारा क्रॉप न्यूट्रीशन सेंटर की स्थापना करके एमएसएमई भागीदारों के साथ कृषि खुदरा उत्कृष्टता बनाने में मदद करने के लिए उल्लेखनीय रूप से निवेश किया है। यह किसानों को असाधारण मूल्य प्रदान करने और एमएसएमई के लिए अतिरिक्त वित्तीयए वाणिज्यिक और नेटवर्किंग अवसरों को आगे बढ़ाने के इरादे से बनाया गया एक फ्रैंचाइज़ी खुदरा मॉडल है। यारा की सुभाषिनी चंद्रन, उपाध्यक्ष ने कहा, भारत में एमएसएमई दुनिया भर में 90ः व्यवसायोंए 60.70ः रोजगार और सकल घरेलू उत्पाद के 50ः के लिए जिम्मेदार है।

### टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्कों के लिए फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशंस

**लखनऊ।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ;ग्लेनमार्कद्धए एक नवाचार.संचालित वैश्विक दवा कंपनी ने भारत में टाइप 2 डायबिटीज वाले वयस्कों के लिए सस्ती कीमत पर सीटाग्लिप्टिन और इसके फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ;एफडीसीद्ध लॉन्च किए हैं। कंपनी ने ब्रांड नाम सिटाज़िट और इसके वैरिएंट के अंतर्गत किफायती मूल्य पर सीटाग्लिप्टिन आधारित दवाओं के 8 अलग.अलग कॉम्बिनेशंस प्रस्तुत किए हैं। ग्लेनमार्क का सिटाज़िट0 और इसके वैरिएंट टाइप .2 डायबिटीज के रोगियों के लिए साइटग्लिप्टिन की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगेए जिसकी पहचान डीपीपी4 इनहिबिटर थेरेपी में गोल्डन स्टैंडर्ड मॉलिक्यूल के रूप में है। यह रोगियों को उनके ग्लाइसेमिक स्तर को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और बेहतर अनुपालन में मदद करेगा। ये दवाएं हाइपोग्लाइसीमिया का जोखिम कम करती हैंए बीटा सेल सुरक्षा प्रदान करती हैंए कार्डियो.रीनल लाभ प्रदान करती हैं और किडनी या लीवर की समस्याओं से ग्रसित रोगियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित हैं।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 8 जुलाई , 2022


# मंत्री के भाई के निधन पर शोक की लहर

संवाददाता। तिलोई,अमेठी

**तिलोई विधायक** एवं प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के भाई अभिषेक शरण सिंह के बुधवार रात हुए असामयिक निधन से पूरे तिलोई क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।गुरुवार सुबह अभिषेक शरण सिंह के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शनों के लिए क्षेत्र के हजारों लोग पहुंचे।और सुबह अंतिम संस्कार से पहले तिलोई राजभवन में रखे गए पार्थिव शरीर पर लोगों ने पुष्पांजलि से श्रद्धासुमन अर्पित किए। तिलोई स्थित बाग में अभिषेक शरण सिंह का अंतिम संस्कार उनके पुत्र कुशाग्र सिंह ने किया। इस गमगीन मौके पर बड़ी संख्या में राजनीतिक हस्तियां भी मौजूद रहीं।राज्य मंत्री के भाई के निधन की सूचना पर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक तिलोई राजभवन पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मयंकेश्वर शरण सिंह को ढांढस बंधाया।

गौर तलब है की अभिषेक शरण सिंह मयंकेश्वर शरण सिंह के छोटे भाई थे 49 वर्षीय अभिषेक शरण सिंह लीवर की बीमारी से पीड़ित थे।वर्ष 2012 में लीवर ट्रांसप्लांट भी हुआ था लेकिन दस वर्ष ही जीवन आगे खिंच सका जानकारी के मुताबिक बीते एक माह से उनकी स्थिति खराब थी पहले मेदांता में भर्ती थे बाद में पीजीआई में भर्ती किया गया था जहां बुधवार शाम उन्होंने अंतिम सांस ली।अभिषेक के अंतिम संस्कार में अमेठी जनपद और आस पड़ोस के जनपदों की जानी मानी हस्तियां शामिल हुईं।जिनमे गौरीगंज विधायक राकेश सिंह, दाता गंज के विधायक राजीव कुमार सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी,पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह,सुंदरलाल दीक्षित,राणा बेनी माधव ट्रस्ट के संयोजक उपेंद्र बहादुर सिंह,कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, सिंहपुर प्रमुख अंकित पासी,प्रधान संघ अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी,भाजपा नेता धर्मेश मिश्र,पूर्व प्रमुख पप्पू सिंह,सुंदरलाल जायसवाल आदि नामचीन लोग शामिल रहे।


स्वास्थ्य राज्यमंत्री के भाई की फाइल फोटो


भाई के शव पर पुष्प अर्पित करते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री


स्वास्थ्य राज्य मंत्री के आवास पर शोक व्यक्त करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

# डीएम व एसपी ने की कानून और शांति व्यवस्था की समीक्षा

संवाददाता। अमेठी

**आज कलेक्ट्रेट** सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक इलामारन जी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों ईद-उल-अजहा (बकरीद), नाग पंचमी, मुहर्रम, रक्षाबंधन एवं श्रावण मास कांवड़ यात्रा को स्वच्छ वातावरण एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अधिकारियों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं, एवं जनपद के प्रतिष्ठित जनों के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर सभी अधिकारी अलर्ट मोड़ पर रहे, अपने अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं से सतत संवाद बनाए रखें, मंदिरों व मस्जिदों का निरीक्षण कर वहां पर साफ सफाई, बिजली, पानी इत्यादि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करा लें साथ ही आने जाने वाले मार्ग को भी दुरुस्त करा लें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं एवं सार्वजनिक जगहों एवं मंदिरों, मस्जिदों, ईदगाह के पास साफ-सफाई रहे। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा वाले रूट पर सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए। एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां सड़कों के किनारे शिविर लगाए जाते हैं उनकी सूची लोक निर्माण विभाग को एवं नगर पालिकाओं को उपलब्ध करा दें। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत विभाग त्यौहारों पर पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुचारू रखें एवं जर्जर तार, लटकते तार एवं खंभों पर करंट न उतरे यह भी देख लिया जाए। एवं नगर पालिका पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रखें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में आगामी त्यौहारों को लेकर भ्रमण सील रहें। और उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर अपनी तैयारी पूर्ण कर लें एवं पीस कमेटी की बैठक अवश्य करा लें किसी भी दशा में त्यौहारों में नई परंपरा ना डालने दें। पुलिस प्रशासन अपने अलर्ट मोड़ पर रहे। आगामी त्यौहारों को लेकर अपनी निगरानी बनाए रखें, उन्होंने कहा कि सभी डीजे संचालकों से बात कर ले कि न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार ही डीजे की आवाज रखें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने समस्त जनपद वासियों को आगामी त्योहारों की बधाई देते हुए त्योहारों को स्वच्छ वातावरण एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडे, समस्त उप जिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, समस्त अधिशासी अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, समस्त थानाध्यक्ष सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु व प्रतिष्ठित जन मौजूद रहे।


कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम एवं एसपी

## क्विक न्यूज

### ट्रक बैक करते समय सड़क किनारे सो रहे किसान की मौत

**जगदीशपुर,अमेठी।** सड़क किनारे चारपाई पर सो रहे किसान की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई । घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा और परिजन की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज ।जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत प्रेमगढ़ निवासी जगजीवन उम्र लगभग 45 वर्ष बीती रात मौनी बाबा कुटिया के पास अपने धान के खेत में पानी लगाने गए थे इस दौरान उन्हें नींद आ गई जहां वह सड़क किनारे पडी चारपाई पर सो गए और भोर में ट्रक बैक करते समय ट्रक चारपाई पर चढ गई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई । सुबह घर नहीं आने पर परिजन तलाश करने के लिए वहां पहुंचे तो क्षत विक्षत हालत में शव पड़ा देखकर परेशान हो गए और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।इस सम्बन्ध में हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि मृतक जगजीवन की पत्नी सूरजकला की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है ।

### डीआईओएस ने गोद लिए परिषदीय स्कूल को संवारना किया शुरू

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार की तरफसे परिषदीय विद्यालयों को संवारने के लिए गोद लेने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यालयों को संवारने के लिए अधिकारियों ने काम शुरू कर दिया है। गुरूवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ओंकार राणा ने गोद लिए गए राही ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय झकरासी का निरीक्षण किया गया। बीईओ राही बृजलाल और जीआईसी के प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव के साथ में विद्यालय पहुँचकर बच्चों की पढ़ाई का हालचाल पूछने के साथ ही निरीक्षण करने दौरान ही उन्होंने आम के पेड़ का वृक्षारोपण भी किया गया। डीआईओएस ने प्रत्येक कक्षा में जाकर छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता को परखा। उन्होंने शिक्षकों से भी विद्यालय में बेहतर से बेहतर काम करने और शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने पर जोर दिया। कक्षा एक के छात्रों द्वारा शिक्षापरक गतिविधि करके दिखाया गया। मीनामंच की बालिकाओं द्वारा मीना की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गयी। महिला सुरक्षा से जुड़े सवाल भी पूछे गये। जससे बालिकाओं की शिक्षा बेहतर ढंग से हो सके। इस अवसर पर विद्यालय में 186 छात्र उपस्थित रहे।

### महिला ने युवक पर लगाया नातिन को भगा ले जाने का आरोप मुकदमा दर्ज

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि सलोन कोतवाली क्षेत्र के पट्टहा मजरे रसूलपुर गांव निवासी युवक उसके घर आता जाता था। इसी बीच उसकी नातिन को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। तीन दिन पूर्व उसकी नातिन को भगा ले गया। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उक्त गांव निवासी युवक का करीब डेढ़ वर्षो से उसके घर आना जाना रहता था। इसी बीच उसने नातिन को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर उससे लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। गत रविवार को उसकी नातिन को अपने साथ घर भगा ले गया। पता चलने पर जब महिला उसके घर गई तो उसके परिजन 30 हजार रुपए देकर नातिन को लेकर जाने को कह रहे हैं। युवती का कहना है कि उसके प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए हैं। यदि प्रेमी ने उसे नहीं अपनाया तो वह आत्महत्या कर लेगी। प्रभारी कोतवाल अजय यादव ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर पट्टहा मजरे रसूलपुर गांव निवासी अखिलेश कुमार उर्फशेरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के छोटा सरबदहा के पास ट्रैक्टर ने बाइक में ठोकर मार दी जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है ।गुरुवार को को कैथवल गांव निवासी सुशील कुमार बाइक लेकर किसी कार्य से जा रहा था। तभी छोटा सरबदहा के पास एक ट्रैक्टर ने उसके बाइक में ठोकर मार दी । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । स्थानीय लोगों की मदद से चोटिल को जगतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया ।जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया है ।

### स्मृति पहल पर माता वैष्णो देवी के लिए मिली सीधी ट्रेन सेवा

**अमेठी।** केन्द्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी की पहल पर माता वैष्णो धाम जाने वाली ट्रेन का ठहराव निहालगढ़ में होगा तो वहीं मुसाफिर खाना रेलवे स्टेशन पर वाराणसी-लखनऊ एक्सप्रेस का ठहराव भी होगा । केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी की मांग पर गाजीपुर से मां वैष्णो धाम तक चलने वाली 14611/12 ट्रेन देवी कटरा एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा तो वहीं दूसरी ओर वाराणसी से लखनऊ तक चलने वाली 20401/02 वाराणसी -लखनऊ एक्सप्रेस का ठहराव शुक्रवार से मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर होगा । ट्रेन के ठहराव के बारे में अमेठी सांसद स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद स्मृति ईरानी की मांग पर रेलवे मंत्रालय ने दोनो ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी दे दी है। इस ट्रेन को यहां रोकने की मांग लंबे समय से चल रही थी जो आज पूरी हो गई ।

### दयानंद पीजी कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**बछरावां रायबरेली ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पौधरोपण जन आंदोलन के अंतर्गत दयानंद पी0जी0 कॉलेज बछरावां के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 से 7 जुलाई 2022 पौधरोपण महोत्सव का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शालिनी श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने अर्जुन व नीम के पौधे लगाकर प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश दिया, प्राचार्य ने कहा कि इस पौधरोपण जन आंदोलन को संपूर्ण वर्ष चलना चाहिये। चीफप्रॉक्टर डॉ0 कल्पना श्रीवास्तव ने पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण की भी सभी को शपथ दिलायी । परीक्षा प्रभारी डॉ0 शिशिर श्रीवास्तव ने आंवला का पौधा रोपित किया। महाविद्यालय परिवार व एनएसएस के छात्र छात्राओं ने अनेक औषधीय व फलदार पौधे रोपित किए। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग से डॉ0 गोपाल कृष्ण डॉ0 पीयूष प्रकाश हिंदी विभाग से डॉ0 साधना त्रिपाठी डॉ0 श्री प्रकाश रसायन विज्ञान से डॉ0 तुषार बाजपेई संपत्ति अधिकारी श्रीमती मंजू के साथ अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# युवक की हत्या, परिजनों को सुलह के लिए दे रहे धमकी

संवाददाता। अमेठी

**मामला जामो** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पूरे चितई के पूरे निधान गांव का है ढ्ढ पूरे निधान गांव के रहने वाले रामकरन पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर ने अपने लिखित तहरीर में थाने पर दिया है कि हमारे नाती शिवाकांत पुत्र नरेंद्र प्रसाद मिश्र को राजेश पुत्र श्यामलाल जायसवाल, भगवान दीन पुत्र गुलाब, भोला पुत्र चंद्रपाल, राजू पुत्र खेलावन सहित अन्य लोगों ने लोहे की रॉड वा सरिया से बुरी तरह मारा पीटा जिससे उसका सर फट गया और गंभीर चोटें आई जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो से लेकर जिला अस्पताल तक कराया और उपचार के दौरान की मौत हो गई ढ्ढ यह घटना 10 जुलाई की शाम को हुई थी और मुकदमा 18 जुलाई को धारा 394 304 323 506 के अंतर्गत पंजीकृत किया गया 7लेकिन स्थानीय पुलिस के द्वारा कोई ठोस कार्यवाही ना करने की वजह से हमारे विपक्षी का मनोबल बढ़ा हुआ है और आए दिन अज्ञात लोगों के द्वारा जलाकर मार देने की धमकी दी जा रही है और सुलह करने का दबाव भी बनाया जा रहा है ढ्ढ हत्या जैसे संगीन मामलों में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई ढ्ढ जिससे विरोधियों के हौसले बुलंद है और सरेआम घूम रहे हैं ढ्ढ हमारे परिवार के सदस्यों के ऊपर भी किसी भी समय जानलेवा हमला भी कर सकते हैं ढ्ढ पीड़ित परिवार ने नवागत कप्तान से मिलकर अपने जानमाल की रक्षा के लिए और पुलिस द्वारा ठोस कार्यवाही करने के उद्देश्य प्रार्थना पत्र दे दिया है ढ्ढ अब देखने वाली बात यह है कि नए कप्तान हत्या जैसे मामले को किस नजरिए से देखते हैं कप्तान साहब क्या पीड़ित परिवार को न्याय दिला पाएंगे या स्थानीय पुलिस सब कुछ जानते हुए भी कागजी खानापूर्ति ही करती रहेगी पीड़ित परिवार का कहना है कि अभी तक सिर्फ एक बार को छोड़कर पुलिस मेरे दरवाजे पर नहीं आई ढ्ढ स्थानीय पुलिस विपक्षी के दबाव में पूर्ण रूप से कार्य कर रही है ढ्ढ जबकि फोन द्वारा जब विवेचक पारसनाथ यादव से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि हम लोग कई बार इनके यहां गए हैं और अभियुक्तों की तलाश कर रहे हैं यह सब सुनने व जानने के बाद जब इस घटना का अध्ययन किया जाए तो करीब 20 दिन के लगभग हो रहे हैं, पुलिस के हाथ पूरी तरह खाली है ढ्ढ अपराधी सरेआम घूम रहे इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस कितनी हरकत में है ।

# एसडीएम ने ताश के पत्ते की तरह फेटे लेखापाल,कई को मिला अतिरिक्त प्रभार

संवाददाता। ऊंचाहार (रायबरेली)

**तीन साल से** अधिक समय से एक ही कार्यक्षेत्र में जमे हुए 25 लेखपालों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए एसडीएम ने कुछ को अतिरिक्त प्रभार दिया है। बृहस्पतिवार एसडीएम राजेश कुमार ने कई वर्षों से एक ही ग्राम पंचायत में जमे हुए लेखपालों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है।

प्रमोद कुमार गुप्ता को गंगौली से रामसांडा, तनवीर अहमद को खो जनपुर से सवैया धनी, आदित्य कुमार सिंह को बिकई से मिर्जापुर एहारी, अंकिता यादव को कमोली से खालिकपुर कला, आलोक कुमार अवस्थी को रामसांडा से कमोली, सुशील प्रकाश को खालिकपुर कला से मतरौली, मनोज कुमार पाल डेडौली से मतरमपुर, रावेंद्र कुमार मौर्य गंगेहरा गुलालगंज से उमरन, कोमल यादव सिद्धौर से धर्मदास पुर, सुनील कुमार त्रिपाठी को चिचौली से बेनी कामा रवि कांत केसरवानी को उमरन से गंगेहरा गुलालगंज अज त्रिपाठी मतरमपुर से डेडौली तथा शंकरलाल को सराय श्री बक्स से कोटरा बहादुर गंज, पुष्पेंद्र कुमार सोनकर को ऊंचाहार से बिकई स्थानांतरित किया गया है। वहीं हनुमंत प्रसाद को शहजाद पुर से गंगौली के साथ शहजाद पुर, हरिद्वार प्रसाद को पट्टी रहस कैथवल से खरौली के साथ पट्टी रहस कैथवल, वकार अहमद को सराय बक्स से खजुरी के साथ खजुरी, विनोद कुमार मौर्य को खोजनपुर से सवैया धनी व खोजनपुर सितेश सिंह को कमालपुर से जगतपुर तथा टांघन, पंकज वर्मा को कुसुमी से चिचौली के साथ धोबहा, दयाशंकर यादव को भीख से सिद्धौर के साथ भीख तथा अरुण प्रताप सिंह को धोबहा क्या स्थान पर कुसुमी तथा साथ में रामगढ टिकरिया, राकेश कुमार को धूता से सुदामापुर के साथ धूता, दीपांकर साहू को रसूलपुर से रोहनिया तथा अतिरिक्त में कमालपुर व अमरनाथ को उसरैना से रसूलपुर तथा श्री शंकरलाल को सराय श्री वक्त से कोटरा बहादुरगंज तथा साथ में अरखा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि शासन की पारदर्शिता को देखते हुए लेखपालों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है।

**● बृहस्पतिवार एसडीएम राजेश कुमार ने कई वर्षों से एक ही ग्राम पंचायत में जमे हुए लेखपालों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है**

# फाल्ट ठीक करते समय करेंट की चपेट में आने से प्राइवेट लाइनमैन की मौत

संवाददाता। जगदीशपुर ,अमेठी

**ट्रांसफार्मर पर** बिजली की लाइन सही करते समय अचानक लाइन चालू हो जाने से करंट की चपेट में आने से प्राइवेट लाइनमैन की मौत हो गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों से नाराज ग्रामीणों ने शव को रो? पर रखकर जाम कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर मामला शान्त कराया और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा ।

जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनगंज कलां गांव में लगे ट्रांसफार्मर पर बिजली ठीक करते समय पोल में अचानक करेंट आ जाने से प्राइवेट लाइनमैन विजय कुमार निवासी पूरे लाला ईश्वरी दास थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी की मौत हो गई । घटना की जानकारी होने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बिजली विभाग की लापरवाही पर आक्रोशित हो उठे तथा लखनऊ वाराणसी फोरलेन के किनारे शव रखकर जाम लगा दिया । घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर परिजनों व ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामले की शान्त कराया और तत्पश्चात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार्यवाही में जुटी और वहीं बिजली विभाग के जेई व एसडीओ से फोन पर सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन नहीं उठा ।

## चौकी इंचार्ज बोले

**इस सम्बन्ध** में चौकी इंचार्ज कादूनाला वारिस गंज प्रदीप मिश्रा ने बताया कि मामला जानकारी में है लेकिन परिजनों की ओर से कोई तहरीर पड़ी नहीं है। यदि तहरीर मिलती है तो तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

# मनरेगा योजना के तहत बनाए गए आदर्श तालाब पूरी तरह अपना अस्तित्व खो बैठे





**सलोन।** ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत बनाए गए आदर्श तालाब पूरी तरह अपना अस्तित्व खो बैठे हैं ना तो तालाब की बाउंड्री बची है और मनरेगा योजना के तहत बनाए गए आदर्श ना ही तालाबों में जानवर को पानी पीने के लिए पानी। एक तालाब को कई बार अलग अलग नाम से उसका निर्माण करा कर आपसी बंदरबांट का खेल खेला जा रहा है। गांव में कुछ वर्ष पूर्व बनाए गए आदर्श तालाब व साधारण तालाब मैं जानवरों को पानी पीने के लिए बनाई गई व्यवस्था की जब पड़ताल की गई तो विकासखंड क्षेत्र के अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं। किसी तालाब में पानी नहीं है पानी उसी तालाब में है जो नहर के नजदीक हैं वैसे तो विकासखंड क्षेत्र में 86 ग्राम पंचायतों में कुल 124 तालाब है जिसमें 20 से 25 तालाबों में पानी होगा बाकी सब सूखे पड़े हैं इस तरह की गर्मी में गांव के जानवरों के सामने पानी पीने की बड़ी समस्या खड़ी हुई है। गुरुवार को तालाबों में पानी होने की जब पड़ताल की गई तो विकासखंड क्षेत्र के बेवली ग्राम सभा स्थित तिरेला ताल को देखा गया तो यह तालाब का क्षेत्र लगभग 52 बीघे का है अधिकतर जमीनों पर लोग खेती कर रहे हैं। कुछ बाकी बची जमीन पर कुछ वर्ष पूर्व आदर्श तालाब बना कर उस पर ग्राम पंचायत का लाखों रुपए खर्च किया गया था। परंतु आज स्थिति यह है कि उस तालाब में एक बूंद पानी नहीं है । बाउंड्री टूट चुकी है ना गेट है ना बैठने की बेंच की व्यवस्था है इतना ही नहीं अब उस तालाब को अमृत सरोवर योजना में शामिल करके फिर लाखों रुपए का खेल वह बंदरबांट की तैयारी बनाई जा रही है। अधिकतर तालाबों के सूखे होने से जानवरों को पानी पीने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है तथा जानवरों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रहे हैं गांव के तालाब।

# जिला उद्योग बन्धु और औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुआ गहन मंथन

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी राकेश** कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज जिला उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक/व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में उद्योग व्यापार मेमोरेण्डम की समीक्षा/एक जनपद एक उत्पाद/मूंज क्राफ्ट के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना संचालित किये जाने की स्वीकृति तथा विद्युत भार स्वीकृति एवं ऊर्जीकरण पर विचार, पूंजी निवेश, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित औद्योगिक संगठनों/उद्यमियों के सुरक्षा व्यवस्था तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण के संबंध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक/व्यापारी बन्धु की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और व्यापारिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र राजीव कुमार पाठक ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश पांडे, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडे, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विमल कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता यूपीएसआईडीसी सहित उद्योग बन्धु/व्यापारी बन्धु आदि उपस्थित रहे।

# तमंचे व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने मेरूई गांव निवासी एक युवक को अवैध असलहे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कस्बे के बेंहटा चौराहे से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। आरोपी की पहचान मेरूई गांव निवासी आकाश सिंह पुत्र इंद्रबहादुर सिंह के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ लालगंज थाने में पहले से ही अपराधिक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आकाश के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।




# अतिक्रमणकरियों के आगे नतमस्तक डलमऊ प्रशासन



**डलमऊ रायबरेली ।** उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा अतिक्रमकरियों पर कार्यवाही हेतु कितने भी कड़े दिशानिर्देश जारी कर दें पर क्रियान्वयन के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के कानों पर जूं तक नही रेंगती.मुराई बाग़ मुख्य चौराहे पर अतिक्रमकरियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि अतिक्रमण कर रखी गयी गुमटियों को भाड़े पर उठाकर उनसे मोटी रकम की वसूली की जाती है हाल ही में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान तहसीलदार अभिनव पाठक व अधिषासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव द्वारा अतिक्रमण हटाने की बात कहकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी गयी थी अतिक्रमकरियों पर नगर पंचायत अध्यक्ष की सरपरस्ती होने की बात जगजाहिर है और शायद यही कारण है कि डलमऊ का प्रशासनिक अमला अवैध अतिक्रमकरियों पर कार्यवाही से बचकर निकल जाता है.इस प्रकरण पर उपजिलाधिकारी डलमऊ आशीष मिश्र ने बताया कि कुछ जरूरी कार्यों की कारण इसमे विलंब हो गया सोमवार तक अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा ।

# बात इतनी बढ़ गई कि सबकी बाहें चढ़ गईं

● भाजपा के लोग ही कर रहे सबसे अधिक विरोध, तबादले की जांच कराने की हो रही मांग ● 'पायनियर' की कटिगं के साथ डीएम से मिले भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव 'देवा' ● ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष अरुणेश पाल की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला ● सभी ने एक स्वर से नियम विरुद्व तबादले को निरस्त करने की उठाई मांग ● एक पंचायत सेक्रेटरी ने तो मामले को न्यायालय में ले जाने की बात कही

**सेक्रेट्रियों के तबादले पर हंगामा**



ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला — पायनियर

**संवाददाता। बस्ती**

**...यह** पहली बार ऐसा हो रहा है, जब सेक्रेटरियों के तबादले को लेकर इतना विरोध हो रहा है। सबसे अधिक विरोध का स्वर ग्राम पंचायत अधिकारियों के तबादले को लेकर सुनाई दे रही है। गुरुवार को पहले भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव उर्फ'देवा' पायनियर की कटिगं के साथ डीएम से मिलकर उन्हें ज्ञापन देते हुए कहा कि सभी विकास खंडों में जो सेक्रेटरी 15 से 20 साल तक एक ही विकासखं डमें विभागीय मिलीभगत से लगातार षासन की मंषा के विपरीत भ्रष्टाचार में लिप्त हो कर कार्य रहे हैं, ऐसे ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों का तबादला आप को गुमराह करके इस बार भी नहीं किया गया, और ऐसे लोगों का तबादला कर दिया, जिसे ज्वाइन किए मात्र चार से माह हुआ है। उन्होंने पुरजोर तरीके से डीएम से कहा कि जिन सेक्रेटरियों का कार्यकाल दस साल का हो गया हैं, उन्हें चिन्हित उनका तबादला किया, ताकि षासन की मंषा पूरी हो सके, कहा कि जनहित में ऐसे सेक्रेटरियों का तबादला आवष्यक है, जो जुगाड़पानी से एक ही ब्लॉक में कई सालों से रुक कर भ्रष्टाचार फैला रहे है। इन्होने डीएम से तबादले की जांच कराने की भी मांग की। डीएम ने जब इनसे सेक्रेटरियों की सूची मांगा देवा ने कहा कि सूची 'पायनियर' में प्रकाषित हो चुकी है, 'देवा' ने 'पायनियर' की कटिगं देते हुए कहा कि इसी को ही संज्ञान में लेकर जांच इसी को ही संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने को कहा, हालांकि डीएम ने कहा कि तीन साल से अधिक वाले का ही तबादला किया गया। इससे पहले भाजपा के चंद्रेष प्रताप सिंह भी सीएम को पत्र लिख विरोध जता चुके है। इसके बाद उ.प्र. ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का एक प्रतिमंडल अध्यक्ष अरुणेष पाल की अध्यक्षता में डीएम से मिला, और मबादले को लेकर एक आपत्ति पत्र दिया, जिसमें कहा गया कि ग्राम पंचायत और ग्राम विका अधिकारियों के तबादले में मानकों को पूरा नहीं किया गया, ग्राम विकास अधिकारियो को तो नियमानुसार दस फीसद कर दिया गया, मगर वहीं पर ग्राम पंचायत अधिकारियों का मानक से अधिक यानि 20 फीसद तबादला किया गया, जिससे ब्लॉक का संतुलन बिगड़ गया, किसी ब्लॉक में अगर पंचायत के पांच सेक्रेटरी है, तो वहीं पर विकास के दस सेक्रेटरी है। बताया गया कि इस दोहरे मापदंड को लेकर ग्राम पंचायत अधिकारियों में काफी रोष व्याप्त है। संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम से नियम विरुद्व किए गए स्थानान्तरण पर पुर्नविचार कर संषोधन करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्रीजीतेंद्र अरोरा, रवि षंकर षुक्ल, आंनद कुमार सिंह, महेष कुमार पांडेय, भारत नंद यादव, आलोक दिवाकर एवं किषन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। तबादले की सूची को लेकर पिछले चार-पांच दिन से जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में अफ्रा-तफ्री मची हुई। सूची को लेकर कई सेक्रेटरी खुले आम मनमानी करने का आरोप लगाने से भी नहीं हिचक रहे है।

### जिला विकास अधिकारी के तबादले की उठी मांग

**सेक्रेटरियों** के तबादले का विरोध करने और सीएम को पत्र लिखने वाले भाजपा के चंद्रेष प्रताप सिंह ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जिला विकास अधिकारी के तबादले की मांग की है। बताया गया कि षासनादेष के तहत इनका तबादला होना चाहिए। बताया गया कि इनका कार्यकाल तीन साल से अधिक बस्ती में हो गया, इस लिए नियमानुसार इनका भी तबादला होना चाहिए।

## 395 गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद करने को चलेगा अभियान

● सबसे अधिक सल्टौआ में 74, हर्रैया में 71, कुदरहा में 44 एवं परसरामपुर में 43 स्कूल

● जिन स्कूलों पर जुर्माना लग चुका है उसके संचालन पर दर्ज होगा मुकदमाः बीएसए

● नवागत बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया अभियान चलाने का आदेश

**संवाददाता। बस्ती**

**बीएसए** बदल गए मगर संचालित हो रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद करने का रुख वहीं रहा जो पूर्व वाले बीएसए में रहा, बल्कि कहना गलत नहीं होगा इस मामले में नये बीएसए डा. इंद्रजीत प्रजापति का तेवर पहले वाले से और अधिक सख्त है। आत ही सबसे पहले इन्होंने गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफहुई कार्रवाई के बारे में जानकारी लिया। इसके लिए सभी खंड षिक्षा अधिकारियों को एलर्ट करते हुए कहा कि अगर इस मामले में जरा भी लापरवाही या फिर संलिप्ता पाई गई तो सजा भुगतने के लिए तैयार रहे। इन्होंने अनियमित रुप से स्कूल को संचालित करने वालों को भी कड़ी चेतावनी दी कि उनके रहते एक भी गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन नहीं होगा, अगर संचालित करने पाया गया तो सीधे एफआईआर दर्ज होगा। बताया कि प्रदेष में बिना मान्यता प्रमाण-पत्र प्राप्त किए कोई विधालय संचालित नहीं हो सकता है। यहां तक कि अगर किसी विधालय ने मान्यता वापस भी ले लिया और वह विधालय चलाना जारी रखता है, तो उससे पहले एक लाख का जुर्माना लगाया जाएगा, फिर भी अगर उल्लघंन करना जारी रखता है, तो प्रत्येक दिन के हिसाब दस हजार का जुर्माना लगेगा। बताया कि उन्होंने सभी खंड षिक्षा अधिकारियों को निर्देष दिया है, कि एक अभियान चलाकर गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का औचक निरीक्षण करे और संचालत होते मिलमा है, तो त्वरित उसे बंद कराएं, और संबधिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। देखा जाए तो जिले में अभिलेखों के अनुसार 14 ब्लॉक और षहरी क्षेत्र में कुल 395 गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित हो रहे है। इनमें सल्टौआ में 74, हर्रैया में 71, कुदरहा में 44, परसरामपुर में 43, गौर में 29, रामनगर में 23, बनकटी में 26, कप्तानगंज में 19, साउंघाट में 18, बहादुरपुर में 17, रुधौली में 14, विक्रमजोत में छह, बस्ती सदर में तीन और नगर क्षेत्र में छह सहित कुल 395 स्कूल है। सूत्रों की माने तो यह आंकड़ा छह सौ से अधिक हो सकता है, मगर खंड षिक्षा अधिकारियों ने अपने हित को देखते हुए आकड़ा ही गलत दिया, जैसे बस्ती सदर और षहर मिलाकर सौ से अधिक गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन हो रहा है, मगर जो आकड़े दिए गए वह सिर्फ दोनों मिलकर मात्र नौ स्कूलों को दिखाया, जो कि एक मोहल्ले की संख्या नहीं है। इससे साबित होता है, कि खंड षिक्षा अधिकारियों ने स्वंय हित के लिए आकड़े को छिपाया।

## अन्त्योदय का आयुष्मान में कार्ड नहीं बना तो कोटेदार पर होगी कार्रवाई : डीएम



**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन ने कोटंदारों को चेतावनी दी है, कि चल रहे अन्त्योदय आयुष्मान पखवाड़ा के तहत अगर सभी का आयुष्मान कार्ड नहीं बना तो संबधित कोटेदारों के ख्लिाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा है कि गॉव के जनसेवा केन्द्र या स्वास्थ्य विभाग के आरोग्य मित्र द्वारा गॉव में कैम्प आयोजित किया जाएंगा। इस कैम्प में सभी अन्त्योदय कार्डधारको का कार्ड बनाया जाना है। उन्होने सभी अन्त्योदय कार्डधरको से अपील किया है कि वे कैम्प में जाकर अपना आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनवा लें ताकि उन्हें पांच लाख रूपये तक नि:शुल्क उपचार कराने की सुविधा मिल सकें। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि नोडल के रूप में कार्य करते हुए आवश्यक डाटा संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दें। सभी एमओआईसी प्रतिदिन शाम को बैठक करके प्रगति से सीएमओ तथा उन्हें अवगत करायेंगे। सीडीओ विकास विभाग, खाद्य एवं रसद, पंचायतीराज, बाल विकास एवं पुष्टाहार के बीच समन्वय बनाते हुए प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा कार्ड बनाने में आने वाली दिक्कतों को दूर करायेंगे। वे इन विभागीय अधिकारियों की टास्क फोर्स का गठन करेंगे। आपूर्ति अधिकारी अपने कोटेदारों को, डीपीआरओ ग्राम विकास अधिकारियों को, बाल विकास एंव पुष्टाहार की जिला कार्यक्रम अधिकारी अपने अधीन आगनबाड़ी कार्यकत्री एंव सहायिका के माध्यम से अन्त्योदय लाभार्थियों को कैम्प तक लाना सुनिश्चित करेंगी।

## मांगों को लेकर 15 जुलाई को डीआईओएस कार्यालय पर धरना

● पदाधिकारियों ने बैठक के बाद लिया निर्णय



माध्यमिक षिक्षक संघ के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**संवाददाता। बस्ती**

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद की बैठक बृहस्पतिवार को शिव हर्ष किसान इंटर कॉलेज बस्ती के परिसर में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह व संचालन जिला मंत्री अरुण कुमार मिश्रा ने किया। निर्णय हुआ कि 15 जुलाई को नौ सूत्री मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर आयोजित धरन का आयोजन होगा, इसे सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। प्रांतीय उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने परिलब्धियों की सुरक्षा के लिए एक होकर संघर्ष के लिए तैयार हो जाए। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि वित्त विहीन साथियों व तदर्थ साथियों की सुरक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष होगा। जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने पुरानी पेंशन का पुरजोर मांग करते हुए कहा कि हम शिक्षक हितों व परिलब्धियो की सुरक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करते रहेंगे। जिला मंत्री अरुण कुमार मिश्र ने चिकित्सा सुविधा की मांग को उठाते हुए कहा कि चिकित्सा सुविधा शिक्षक व कर्मचारियों की मूलभूत आवश्यकता है, और अपने इस मांग को हम सरकार से लेकर रहेंगे। मंडल अध्यक्ष राम पूजन सिंह ने संगठन की सदस्यता के महत्व को बताते हुए कहा कि संगठन की नीव उनके सदस्यों पर आधारित होती है इसके लिए सभी साथी संगठन की सदस्यता जुलाई माह में ग्रहण करते हुए संगठन को बल प्रदान करें। इस अवसर पर मंडल मंत्री संजय कुमार द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष आदि प्रताप सिंह, फागुलाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष गणेश शंकर पांडेय, शिव शंकर, दिनेश चंद्र शाही, देवव्रत सिंह, बलराम रोहिदास, अरुण कुमार त्रिपाठी, शफीक उर रहमान, शैलेंद्र कुमार शर्मा, संयुक्त मंत्री प्रमोद सिंह व अमरेश सिंह, अतुल कुमार सिंह अजीत कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### आरक्षी सिकन्दर का कार्य सराहनीय



आरक्षी सिकन्दर

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाने में तैनात आरक्षी सिकन्दर गुप्ता, जून माह में सराहनीय कार्य किये जाने पर एडीजी जोन गोरखपुर के हुई समीक्षा के आधार पर संतकबीरनगर में सर्वोत्तम बीट पुलिस अधिकारी के रूप में सिकन्दर गुप्ता को चयनित किया गया है। पीआरओ सेल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने बताया कि बीट आरक्षी के सराहनीय कार्य की प्रशंसा पत्र एडीजी जोन गोरखपुर द्वारा दिया जायेगा। जनपद में तैनात पुलिस कर्मियों को अपने कार्यशैली व्यवहार व अनुशासन के प्रति सकारात्मक उद्देश्य से कार्य करें।

## 50 वर्षों से चल रहे जमीनी विवाद को पुलिस ने मिल-बैठकर सुलझा दिया

● महुली पुलिस ने किया सराहनीय कार्य

**संवाददाता। संतकबीरनगर**



पुलिस के साथ तीनों पक्ष — पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत प्रभारी निरीक्षक महुली रवीन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में महुली पुलिस द्वारा में शानदार पहल करते हुए ग्राम सुबखरी में 02 पक्षों में विगत 50 वर्षों में चले आ रहे विवाद को तीनों पक्षों के आपसी सामंजस्य से निपटारा कराया गया। ग्राम सुबखरी में प्रथम पक्ष दयाशंकर मौर्या पुत्र राजदेव मौर्या, द्वितीय पक्ष गौरीशंकर मौर्या पुत्र स्व0 राजबली व तृतीय पक्ष श्रीमती चन्द्रावती पत्नी स्व0 राजकुमार के मध्य विगत 50 वर्षों से जमीनी विवाद था, जिसमें दिवानी न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक महुली मय टीम हे0कां0 गिरजेश मिश्रा, कां0 दिपेश सिंह द्वारा गांव में पहुंचकर गांव के प्रधान प्रतिनिधि श्री जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा व अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में तीनों पक्षों की आपसी सहमति से बंटवारा कराकर प्रकरण को हल कराया गया। तीनों पक्ष अपने-अपने हिस्सें में निर्माण कार्य कराने को राजी हुए। साथ ही तीनों पक्ष आपस में सहमत होकर मा0 न्यायालय से मुकदमा वापस लेने के लिये भी राजी हुए। इस प्रकार महुली पुलिस द्वारा वर्षों पुराने जमीनी विवाद को सूझबूझ का परिचय देते हुए हल कराया गया।

### नपा अध्यक्ष श्याम सुंदर ने किया पौधरोपण

**संवाददाता। संतकबीरनगर**

**नगर पालिका** अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने बृहस्पतिवार नगर पालिका क्षेत्र के मलिन बस्ती बगहिया में वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण कर लोगो को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि ने बताया कि इंसान के सुख, शाति और समृद्धि का भंडार प्रकृति है और प्रकृति को हरा भरा और स्वच्छ बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जाए। नगर पालिका अध्यक्ष ने लोगो से अपील भी कि अपने घर के आस-पास खाली जमीन, धार्मिक स्थल, विद्यालय प्रांगण, श्मशान तथा खाली पड़ी जमीन से पर वृक्ष लगाये। इस अवसर पर दुर्गा पाण्डेय, मनोज सिंह, अश्वनी चौरसिया, अनूप चौरसिया, राजेश पाण्डेय, सर्वेश समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## त्यौहारों के मद्देनजर डीएम-एसपी ने की शान्ति कमेटी की बैठक

● कोई भी नई परम्परा नहीं होगी लागूः डीएम

● सोशल प्लेटफार्म पर पुलिस की है पैनी नजर

**संवाददाता। संतकबीरनगर**



बैठक करती जिलाधिकारी — पायनियर

**जिलाधिकारी** संतकबीरनगर श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा संयुक्त रुप से आगामी त्योहारों बकरीद, श्रावण मास / कांवड़ यात्रा, महाशिवरात्रि आदि को आपसी भाई-चारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं तथा सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी। गोष्ठी के दौरान बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं से वार्ता कर शासन के निर्देशानुसार कावड़ यात्रा व बकरीद के संबंध में जारी की गई गाइडलाइन से अवगत कराया गया व त्योहार के दौरान शान्ति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द को कायम रखने तथा अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। इसके साथ ही महोदय द्वारा धर्मगुरुओं से त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निरन्तर पैनी नजर रखी जा रही है तथा भड़काऊ पोस्ट, बयान/वीडियो आदि जारी करने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। गोष्ठी के दौरान अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अजय कुमार, उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, उप जिलाधिकारी धनघटा रविन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी लाइन राजीव कुमार यादव, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी सुश्री दीपांशी राठौर सहित अन्य अधिकारी, धर्मगुरु तथा सम्भ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

## एचआर इण्टर कालेज में पकड़ा गया फर्जी आडिटर

● शिक्षकों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता। संतकबीरनगर**



**जिले** के खलीलाबाद कोतवाली अंतर्गत खलीलाबाद शहर के हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज में ऑडिट करने पहुंचे फर्जी युवक को संदेह के आधार पर अध्यापकों ने पकड़ लिया। इसकी सूचना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज खलीलाबाद के प्रभारी प्रधानाचार्य अरूण कुमार ओझा ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा 3 दिन से लगातार फोन करके आडिट करने की बात की जा रही थी। फोन करने वाला स्वयं को ऑडिट विभाग का अधिकारी बता रहा था। गुरुवार की सुबह 7 बजे युवक कालेज में पहुंचा और ऑडिट करने के लिए रजिस्टर की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदेह होने पर जब अध्यापकों ने उनसे बातचीत की तो पता चला कि युवक फर्जी आडिटर है। इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम अंकित श्रीवास्तव पुत्र श्याम बहादुर सिंह निवासी विक्रमजोत थाना छावनी जिला बस्ती बताया। युवक द्वारा बताया गया कि उसकी प्रेमिका इसी कालेज में पढ़ती है। कालेज में अपना धौंस दिखाने के लिए ऐसा कृत्य किया है। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि प्रभारी प्रधानाचार्य द्वारा तहरीर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बाढ़ से बचाव और राहत कार्य को लेकर मॉकड्रिल

● रिर्हसल के दौरान नदी में डूब रहे व्यक्ति को बचाया गया

**संवाददाता। संतकबीरनगर**



मॉक ड्रिल में शामिल सीओ-एसडीएम। — पायनियर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में गुरूवार को तहसील धनघटा अन्तर्गत घाघरा नदी के बिड़हर घाट पर बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्य की मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। जिसमें राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, पशु चिकित्सा, अग्निशमन, आपूर्ति विभाग, पशुपालन, बाढ़ खण्ड, पंचायतीराज विभाग, आपदा सलाहकार एवं आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान आकस्मिक बाढ के आ जाने की स्थिति में किसी डूबते हुए व्यक्ति को घाघरा नदी से बचाव कर निकालने व तत्काल प्राथमिक चिकित्सा हेतु भिजवाने की प्रक्रिया संयुक्त रूप से बचाव दल व चिकित्सकों की टीम द्वारा प्रदर्शित की गयी। मॉक ड्रिल के समय इंसिडेंट कमांड व कम्यूनिकेशन पोस्ट भी स्थापित कर प्रदर्शित किया गया जहां बाढ से प्रभावित व्यक्ति आश्यक जानकारी प्राप्त करते देखे गये। मॉक ड्रिल के अन्तर्गत आपदा से प्रभावित जनसंख्या को उनके घरों से सुरक्षित निकाल कर बाढ़ राहत शिविर, आदर्श इण्टर कॉलेज उमरियां बाजार में पहुचाया गया जहां प्रभावित व्यक्तियों हेतु मेडिकल कैम्प, खाद्य एवं रसद विभाग के अन्तर्गत भोजन व्यवस्था हेतु शिविर लगाया गया था। मॉक ड्रिल में प्रभावित पशुओं की देखभाल हेतु पशुपालन विभाग कैम्प भी स्थापित किया गया। आपदा से बचाव हेतु अग्निशमन विभाग की टीम भी तत्परता से मुस्तैद रही है। पंचायती राज विभाग द्वारा राहत शिविर पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी थी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धनघटा रवीन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामप्रकाश, तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी, नायब तहसीलदार योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी, चिकित्सकों की टीम, पशुपालन विभाग की टीम, अग्निशमन विभाग की टीम एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## तमंचा दिखा हो रहा कच्ची शराब का अवैध कारोबार

**संवाददाता। विक्रमजोत/बस्ती**

**छावनी** थाना क्षेत्र में कच्ची शराब माफिया के हौसले इस कदर बुलंद है, कि वह तमंचा दिखा कर कारोबार करने लगे है। जिसका एक उदाहरण बुधवार की रात रैदासपुर गांव में प्रकाश में आया। देर रात रैदासपुर गांव के कुछ ग्रामीण बीड़ी तटबंध से सटे अपने गन्ना और सब्जी की खेतो की छुट्टा पशुओं से रखवाली कर रहे थे, तभी रात आठ बजे नदी किनारे नाव से कुछ लोग उतरते दिखे, खेतों में रखवाली कर रहे ग्रामीण जब करीब पहुंचे तो कुछ कच्ची धंधेबाज नाव से कच्ची शराब भरी बोरियां उतार रहे थे, आधा दर्जन ग्रामीणों ने विरोध किया, रैदासपुर गाँव के उमाशंकर सिंह व बब्लू कुमार घटना की मोबाइल से विडियो बनाने लगे जिसे देख दो शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले पांच बोरियां में भरी शराब को कब्जे मे लेकर ग्रामीणों ने छावनी पुलिस को इसकी जानकारी दिया स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जब तक पुलिस घटनास्थल पर पहुंचती इसके पहले 5-6 मोटरसाइकिलों पर सवार शराब माफिआओं का एक दल आया और तमंचा लेकर ग्रामीणों को दौडा लिया, अचानक तैयारी के साथ हुए हमले में भयभीत ग्रामीण जान बचाकर भागे मौका पाकर माफिया अपनी कच्ची की खेप लेकर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। घंटे भर बाद पहुंची पुलिस को तो मौके पर कुछ नहीं मिला। मामले में ग्रामीणों के साथ मौजूद रैदासपुर गांव निवासी उमाशंकर वा बबलू सिंह ने इस संबंध में छावनी पुलिस को शिकायत पत्र दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि रात में ग्राम रैदासपुर के कुछ ग्रामीणों ने सूचना दी थी मौके पर गए तो कुछ मिला नहीं प्रत्यक्षदर्शियों से तहरीर मांगी गई है तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का उद्घाटनः पीएम की जनसभा में भीड़ जुटाने को झोंकी ताकत

संवाददाता। कोंच (जालौन)



**आगामी** 16 जुलाई को जनपद जालौन के दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैथेरी गांव में होने वाली जनसभा में अधिकाधिक भीड़ जुटाए जाने को लेकर भाजपाई दिन रात मेहनत कर रहे हैं। कोंच नगर और ग्रामीण मंडलों को भी लक्ष्य दे दिए गए हैं। किसको कहां से कितनी भीड़ ले जाने है, यह जिम्मेदारियां बांटकर उन्हें वाहन प्रमुख बनाया गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के रूप में इस घोर पिछड़े भूभाग को बड़ी सौगात देने आ रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 16 जुलाई के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए न केवल भाजपा संगठन बल्कि परोक्ष रूप से पूरी प्रशासनिक मशीनरी लगी हुई है। महज ढाई साल के छोटे से वक्त में सौ फीसदी तैयार हुए इस 296 किमी लंबे एक्सप्रेस वे का लोकार्पण उरई तहसील के गांव कैथेरी में करने वाले हैं पीएम मोदी। उनके कार्यक्रम को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं और यूपी शासन के आला अधिकारी तथा मंत्री लगभग हर रोज इन तैयारियों का जायजा लेने पहुंच रहे हैं। जिले से एक लाख से ऊपर भीड़ जुटाने के मिले लक्ष्य को पूरा करने की कवायद में जिले भर के भाजपाई जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में कोंच को भी अधिकाधिक लोगों को सभा स्थल तक पहुंचाने का काम सौंपा गया है जिसके लिए नगर और ग्रामीण मंडलों के पदाधिकारी लोगों खासतौर पर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क साधने में दिन रात एक किए हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया ने बताया कि कैथेरी गांव कोंच से ज्यादा दूर नहीं है इसलिए ज्यादातर लोग अपने अपने चार पहिया वाहनों से जाने में सुविधा महसूस कर रहे हैं जिसके चलते लगभग डेढ सैकड़ा फोर व्हीलर और दस बसों द्वारा नगर से करीब दो से ढाई हजार के बीच लोगों को ले जाने की व्यवस्था है। बसें और भी बढ़ाई जा सकती हैं। सभी बसों के पॉइंट्स और बस प्रमुखों को नामित करते हुए जन सामान्य के अलावा ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को ले जाने की योजना है। बसों के प्रभारी वरिष्ठ लोग बनाए गए हैं और महामंत्री द्वय आशुतोष मिश्रा व ओपी कुशवाहा को पांच पांच बसों का व्यवस्थापक बनाया गया है। चार पहिया वाहनों का प्रमुख पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रांतीय कार्य समिति के सदस्य बादाम सिंह कुशवाहा और नगर उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा को बनाया गया है तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में टोली बनाकर के शक्ति केंद्र सा बैठकें और जन सामान्य से संपर्क कर अधिकतम लोगों को ले जाने की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उनका मानना है कि गरीब कल्याण के लिए समर्पित मोदी जी को ज्यादातर लोग सुनना चाहते हैं।

### कोंच-उरई मार्ग पर कट होना था जरूरी

**कोंच।** व्यापारिक लिहाज से क्षेत्र के अधिकांश दुकानदारों का कारोबार दिल्ली से जुड़ा है और बाजार में बिकने बाला ज्यादातर समान भी दिल्ली से ही आता हैं लेकिन व्यापारी ट्रेन का सफर करना मुफीद मानते हैं। अपने निजी वाहन से आना जाना उनके लिए महंगा पड़ता है। कॉस्टमेटिक, मोबाईल, जूता-चप्पल, रेडिमेड, इलेक्ट्रानिक, ऑटो पार्ट्स, घड़ी, रक्षाबंधन पर राखी, होली पर पिचकारी आदि के व्यापारी दिल्ली से जुड़े हैं। कॉस्टमेटिक व्यापारी सुमित रिछारिया का कहना है कि एक्सप्रेस वे पर चढने के लिए कोंच-उरई मार्ग पर अगर कट होता तो शायद लोग इसका प्रयोग करते। व्यापारिक दृष्टिकोण से दिल्ली आने जाने के लिए व्यापारियों को ट्रेन का सफर सस्ता पड़ता है। बस या निजी बाहन से खर्चा अधिक पड़ने लगता है।

# यूपीडा का गश्ती दल वाहन गिरने से चार सुरक्षाकर्मी घायल,दो झांसी रेफर

● रात के समय बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर पेट्रोलिंग कर रहा था सहायता वाहन

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)



क्षतिग्रस्त पड़ी यूपीडा की गस्ती वाहन — पायनियर

**बुन्देलखंड** एक्सप्रेसवे इटैलियाबाजा के पास के यूपीडा की गस्ती सुरक्षा गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई जिससे चार सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। दो सुरक्षा कर्मियों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हे मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात करीब नौ बजे पेट्रोलिग कर रही यूपीडा की गस्ती वाहन सर्विस रोड पर बने बेरीकैटिंग में लगे दस खम्भे तोड़कर लगभग 40 फीट नीचे गहरे नाले में जा गिरी। इस दौरान गाड़ी में सवार कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी हरी पुत्र जगमोहन, हीरासिंह पुत्र जयसिंह, रामदास और मझगवां थाने के मल्हेटा गांव निवासी अमित परिहार घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस और यूपीडा के कर्मचारीयों ने घायलों को राठ सीएचसी में भर्ती कराया। डा.सत्येन्द्र यादव ने बताया कि हरी और हीरालाल की हालत गंभीर होने पर उन्हे झांसी रेफर कर दिया है।

## क्विक न्यूज

### महिला की करंट लगने से मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के कपसा गांव में एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के कपसा गांव निवासिनी रन्नो (50) पत्नी शिवदत्त जब खाना खाने के लिए अपने रसोईघर में प्रवेश कर रही थी,तभी दरवाजे में अचानक करंट उतर आया और अंदर जा रही महिला को करंट ने अपनी चपेट में ले लिया।आनन फानन में महिला को कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आकाशीय विजली गिरने से किसान व दो जानवरों की मृत्यु

**मौदहा (हमीरपुर)।** आकाशीय बिजली गिरने से जानवर चरा रहा किसान तथा दो जानवरो की मौके पर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के भवानी गांव निवासी कृषक रामबाबू यादव (38) पुत्र बसंता जब अपनी बकरी चराने खेत पर गया हुआ था, जिसके बाद शाम होते होते मौसम का मिजाज बदल गया और देर शाम आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे किसान सहित बकरी तथा पास में ही चर रही भैंस की मौके पर मौत हो गई। उधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है।

### वबाग को 430 करोड़ रुपए का रिपीट ऑर्डर

**कानपुर।** टेक वबागए प्रमुख प्योर.प्ले वाटर टेक्नोलॉजी आधारित भारतीय बहुराष्ट्रीय समूहए ने जामनगरए गुजरात में 53 एमएलडी डिसेलिनेशन प्लांट की इंजीनियरिंगए प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन ;ईपीसीद्ध के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ;आरआईएलद्ध से 430 करोड़ रुपए का ऑर्डर प्राप्त किया है। आरआईएल के इस ऑर्डर के तहत जामनगरए गुजरात में आरआईएल की विश्व स्तरीय रिफाइनरी परिसर में मिले ईपीसी प्रोजेक्ट के दायरे में सी वाटर रिवर्स ऑस्मोसिस ;एसडब्ल्यूआरओद्ध प्लांट का डिजाइनए इंजीनियरिंगए प्रोक्योरमेंटए सप्लाईए कंस्ट्रक्शनए इरेक्शनए प्री.कमिशनिंगए कमिशनिंग और परफॉर्मेंस गारंटी टेस्ट रन शामिल हैं। गौरतलब है कि वबाग इसी परिसर में 24 एमएलडी एसडब्ल्यूआरओ प्लांट पहले ही लगा चुकी है। यह प्लांट जो 21 महीने की अवधि में पूरा होने वाला हैए लैमेला क्लेरीफिकेशनए फिल्ट्रेशन और अल्ट्राफिल्ट्रेशन के रूप में अत्याधुनिक प्री.ट्रीटमेंट को सुनिश्चित करेगा और उसके बाद रिवर्स ऑस्मोसिस तकनीकों को समुद्री जल को प्रोसेस्ड जल में परिवर्तित करने के लिए काम करेगा।

### भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय विद्यालय में भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अद्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुरारा सजंय गुप्ता ने की। बैठक में प्रधानमंत्री के बुन्देलखण्ड दौरे को लेकर अधिक संख्या में लोगो को ले जाने के लिए व्यवस्था के सम्बंध में चर्चा की गई। तथा कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी सौंपी गई। कस्बा कुरारा के विद्यालय में भाजपा कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष भाजपा बृज किशोर गुप्ता ने 16 जुलाई को प्रधानमंत्री द्वारा जालौन जनपद के उरई के समीप बुंदेलखंड एक्प्रेसवे का उद्घाटन करेंगे जिसमे ब्लाक क्षेत्र से अधिक संख्या में लोगों को लेकर चलना है। विधान सभा प्रभारी रामदेव सिंह ने बताया कि मंडल के सभी शक्ति केंद्र व बूथों से कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे।तथा आगामी नगर निकाय व सहकारिता व लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी करने की चर्चा की गई। बैठक में ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल , हरनारायण सिंह, ज्ञानवेंद्र कुशवाहा, सुनील पाठक, राहुल दिवेदी, पंकज राजावत, रविगुप्ता, अवधेश गुप्ता, विनय कुमार अहिरवार, दीपक सिंह, अखिलेश सिंह गौर, बीर सिंह कुशवाहा डामर, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जबरन खेत जोतने से रोका तो दबंगों ने की मारपीट

**जालौन (उरई)।** विपक्षियों द्वारा जबरन खेत की जुताई करने एवं मना करने पर गाली, गलौज कर मारपीट करने की शिकायत पीड़ित बेवा महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी सुषमा देवी बेवा परमानंद हाल निवासी मोहल्ला भवानीराम ने पुलिस को बताया कि उसकी एक खेत मौजा लहर में स्थित है। उक्त खेत पर गांव के कुलदीप आदि की नीयत खराब है और वह उस पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी के चलते वह उनकी जमीन की बखराई कर रहे थे। जब उसे जानकारी हुई तो वह खेत पर पहुंची और विपक्षियों को खेत की बखराई करने से रोका। जिस पर वह लोग न सिर्फगाली, गलौज करने लगे। बल्कि मारपीट करने पर भी आमादा हो गए। इतना ही नहीं उन्होंने खेत का बैनामा उनके नाम करने की धमकी दी है। न करने पर जान से मारने की भी धमकी दे डाली।

### साइट्रॉन ने ला मैसन सिट्रोएन लॉन्च किया

**लखनऊ।** सिट्रोएन ने लखनऊ में ला मैसन सिट्रोएन फिजिटल शोरूम के लॉन्च के साथ-साथ अपने नवीनतम हैचबैक विद ए ट्विस्टश् . न्यू सी 3 के अनावरण की घोषणा की। शहर के केंद्र में स्थित लखनऊ में ऑटो रिटेल के लिए सबसे रणनीतिक स्थानए शोरूम चंडीगढ,ए जयपुर, लखनऊ, भुवनेश्वर, सूरतए नागपुरए विजागए कालीकट में 9 नए ला मैसनफिजिटल शोरूम के साथ पूरे भारत में कंपनी के नेटवर्क विस्तार का हिस्सा है। और कोयंबटूर। शोरूम ग्राहकों को एक आरामदायक टेस्ट ड्राइव अनुभव और पूर्ण बिक्री के बाद सेवाएं भी प्रदान करेगा। ला मैसन सिट्रोएन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए सौरभ वत्सए ब्रांड हेड सिट्रोएन इंडिया कहते हैंए हम लखनऊ में ला मैसन सिट्रोएनश् को इनोवेट करने और लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं और यह फिजिटल शोरूम एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### तहसील परिसर में दो दिन पूर्व रोपित किये गये पौधे सूखे

**जालौन (उरई)।** पर्यावरण संरक्षण के लिए के लिए पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तहसील परिसर में पौधों का रोपण किया गया है। सरकार के निर्देश पर पौधों का रोपण तो कर दिया गया। लेकिन पौधों की सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण पौधारोपण अभियान के 2 दिन बाद ही पौधे सूखने लगे हैं। पौधारोपण अभियान के तहत तहसील परिसर में मंगलवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया था।

### आलिया भट्ट को फ्लिपगर्ल के रूप में किया पेश

**लखनऊ।** स्वदेशी ई.कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने देशभर के लाखों ग्राहकों का भरोसेमंद ई.कॉमर्स पार्टनर होने के अपने संदेश को मजबूती देते हुए सुपर प्रोडक्ट्स एट सुपर प्राइसेज़ विद सुपर स्पीड के अपने वायदे को दोहराया है इस मकसद से फ्लिपकार्ट ने आलिया भट्ट को फ्लिपगर्ल के अवतार में पेश किया है जो दरअसल सुपरहीरो की तरह है और भारतीय खरीदारों को उनकी विशलिस्ट के संबंध में पुष्टि में मदद करेगी फ्लिपगर्ल के तौर पर आलिया भट्ट अब देशभर में लाखों ऑनलाइन ग्राहकों की सहायता के लिए आ गई हैंइस नए कैम्पेन के बारे में दुष्यंत जयंती वाइस प्रेसीडेंट मार्केटिंग फ्लिपकार्ट ने कहा अपनी शुरुआत से ही फ्लिपकार्ट ने शानदार कीमतों पर तेज रफ्तार के साथ जबर्दस्त उत्पादों को उपलब्ध कराने का वायदा किया है और यह वायदा लगातार पुख्ता होता रहा है अब हम एक बार फिर अपने ग्राहकों के लिए यह संदेश दोहरा रहे हैं यह कि वे खरीदारी के लिए फ्लिपकार्ट पर पूरा भरोसा कर सकते हैं।

### प्रतिदिन छापेमारी कर लगाये सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंधः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि योजना ,कोविड वैक्सीनेशन, पेयजल, अमृत सरोवर निर्माण, ईकेवाईसी/केसीसी ,स्कूल चलो अभियान, रैपिड सर्वे की प्रगति, प्लास्टिक वेस्ट डिस्पोजल, वृक्षारोपण आदि की दैनिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई । बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 12 से 14 वर्ष के उम्र के लोगों को वैक्सीनेशन कराएं एवं इसके साथ ही सेकंड डोज भी लगाते चलें । रैपिड सर्वे के प्रगति रिपोर्ट पर उन्होंने कहा कि इसमें सभी ब्लॉक से जल्द से जल्द कराकर शासन को रिपोर्ट भेजा जाए। उन्होंने कहा की प्रोसेस के तहत इसका पालन होना चाहिए। सब की सूची भी बना लिया जाए। इसका अंतिम प्रकाशन 14 जुलाई को होगा । प्लास्टिक वेस्ट के अंतर्गत उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी, किराना स्टोर पर अधिक से अधिक यूज़ होता है और वहां पर आप लोग डेली छापा मारे एवं इसका प्रचार-प्रसार भी कराएं।

# ब्लॉक अधिकारियों पर लगाया घर में घुसकर दस्तावेज ले जाने का आरोप, डीएम से शिकायत

● ग्राम पंचायत सदस्य को शिकायत करना पड़ा महंगा

संवाददाता। कदौरा (जालौन)



**ब्लॉक** क्षेत्र के गढ़ा गांव एक बार फिर प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में सुर्खियों में आ गया है। जहां गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गढ़ा निवासी ग्राम पंचायत सदस्य सुमित नारायण ने डीएम चांदनी सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम विकास अधिकारी वैभव कुमार ने सुविधा शुल्क लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अपात्रों को दिया है। जिसकी शिकायत 23 मई 2022 को की थी। ब्लॉक के अधिकारियों ने फर्जी निस्तारण कर दिया। जिस पर उसने दुबारा शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि बुधवार को वह अपनी पत्नी की डिलीवरी कराने उरई महिला जिला अस्पताल गया था। घर पर कोई नहीं था। उसी समय ब्लॉक कदौरा से चार लोग गांव गए और उसके घर की कुंडी खोलकर घर के अंदर घुसकर कमरे में रखे दस्तावेज व जरूरी फाइल उठा ले गए। यह देखकर गांव के लोगों ने विरोध किया तो अपने आपको ब्लॉक के अधिकारी बता कर धमकी दी। गांव के लोगों ने जब बताया तो उसने जानकारी की। आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी वैभव कुमार व सेक्टर प्रभारी ने 20 से 30 हजार रुपये सुविधा शुल्क लेकर अपात्रों को आवास योजना का लाभ दिया है। एडीओ पंचायत रामकुमार का कहना हैं कि वह बीडीओ के आदेश पर जांच करने गए थे। वहां पर शिकायतकर्ता का पिता भाई व अन्य रिश्तेदार भी मौजूद थे। आरोप निराधार है।

### ग्रामीणों ने केंद्रीय टीम से की थी शिकायत, जांच के बाद भी नहीं हुई थी सचिव पर कार्रवाई

**कदौरा।** ब्लॉक क्षेत्र के गढ़ा गांव के 50 से अधिक ग्रामीणो ने 8 दिसम्बर 2020 को महेबा ब्लॉक के कुटरा गांव में विकास कार्यो का निरीक्षण करने आई केंद्रीय टीम संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार नीता केजरीवाल व अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार से लिखित शिकायत की थी। जिस पर केंद्रीय टीम ने डीएम को जांच के निर्देश दिए थे। डीएम ने परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी की अगुवाई में तीन सदस्यीय टीम गठित की थी। टीम ने जांच में मामला सही पाया था। उस दौरान सचिव पर कार्यवाही के साथ रिकवरी के आदेश के दिए थे। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। वही अधिकारियों के आदेशों को धता बताते हुए ग्राम विकास अधिकारी ने 27 मार्च 2021 में अपात्रों के खातों में दूसरी किस्त डाल दी थी।

### ट्रक की ठोकर से कार सवार आपरेटर की मौत

**चित्रकूट।** एक कार को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक टक्कर मारते हुए पांच सौ मीटर दूर तक घसीटता ले गया। सड़क किनारे लगे बोर्ड से टकराकर कार के परखच्चे उड जाते हैं। कार सवार कम्प्यूटर आपरेटर की मौत के बाद ड्राइवर ट्रक को लेकर फरार हो गया। ये हादसा राजापुर थाने के मजरा आजादनगर में बुधवार को देर शाम हुआ। बताया गया कि आजादनगर के पहाडी ब्लाक में कम्प्यूटर आपरेटर मनोज विश्वकर्मा अपनी पत्नी-बच्चों के साथ कर्वी में रहते थे। बुधवार की शाम कार से माता-पिता से मिलने आजादनगर आये थे। देर शाम लौटते समय राजापुर-कर्वी मुख्य रोड पर कार को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मारकर पांच सौ मीटर दूर तक घसीट ले जाता है। सड़क किनारे लगे बोर्ड से टकराने पर कार रुकती है। हादसे में गम्भीर रुप से घायल मनोज विश्वकर्मा को जिला अस्पताल लाने पर डॉक्टरों के प्रयागराज रेफर करने के दौरान मृत्यु हो गई।

# तीन ब्लाकों के लेखाकारों की संविदा समाप्त करने की चेतावनी

संवाददाता। हमीरपुर

● दो वार्डो से किया जवाब तलब,वार्डन ने कहा कि विद्यालयो में समस्याएं ही समस्याएं

**आज** कस्तूरवा गांधी बालिका विद्यालय की समस्त वार्डेन की एक आवश्यक बैठक जिला समन्वयक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रेरणा पोर्टल में नामांकन पूर्ण न होने पर डीसी ने तीन ब्लाकों के लेखाकारों को संविदा समाप्त करने की चेतावनी दी है। वही दो वार्डेन से जवाब तलब किया है।

जानकारी के मुताबिक जिले में संचालित सात केजीवीवी विद्यालयों की आवश्यक बैठक में कई विन्दुओ पर चर्चा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि राठ,सरीला,गोहांड ब्लाक के लेखाकारों द्वारा वित्तीय मामलो मे् कोई ध्यान न देने पर शत्रुन्जय शर्मा ने सभी को संविदा करने की चेतावनी दी है। वही बैठक में स्पष्ट हो गया कि गोहांड की प्रभारी वार्डन द्वारा साक्षी शर्मा व मुस्करा की वृजकिशोरी प्रेरणा पोर्टल पर बच्चो के नामांकन फीड नही किये है जब कि यह काम चार माह पहले हो जाना चाहिये था लिहाजा जिला समन्वयक(डीसी) सभी को से जवाब तलब किया गया है। बैठक मे वार्डेन ने बताया कि माह मई जून का खाद्यान्न व बेतन का भुगतान नही किया गया है जिससे बालिकाओं को भोजन की कठिनाई आ रही है। जिले में जब से बीएसए कल्पना जायसवाल ने कार्यभार ग्रहण किया तब से केजीवीवी की व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गयी है। बिद्यालय में बालिकाओं के भोजन के लाले पड़ गये है। दुखी होकर डीसी ने वरिष्ठ विशेषज्ञ बालिका शिक्षा लखनऊ कमलाकर पांडेय से बात की और कठिनाइयों से अवगत कराया।

### बीएसए के न आने से दुखी वार्डेन लौट गयी विद्यालय

**हमीरपुर।** आज बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना जायसवाल ने केजीवीबी के वार्डेन की बैठक बुलाई थी जिससे सातों ब्लाको की बार्डेन सुवह ही आ गयी थी मगर शाम तक वार्डेन बैठक के लिये बीएसए का इंतजार करती रही मगर बीएसए बैठक में नही आयी जिससे सभी वार्डेन निराश होकर लौट गयी। दूर दराज विद्यालयों से आने वाली वार्डेन बीएसए के न आने से समस्याओ का पुलिंदा अपने साथ वापस लेकर लौट गयी। कहना था कि उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे समस्याएं दिनो दिन बढ़ती जा रही है।

### युवती की मौत को लेकर ससुरालीजनों पर आरोप

**चित्रकूट।** एक युवती के फांसी लगाकर आत्महत्या पर मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पुलिस ने कहा कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेगी। ये घटना मंगलवार की रात हुई। बताया गया कि कोतवाली कर्वी क्षेत्र के ब्यूर गांव के अरविन्द कुमार की शादी चार मई 2021 को रैपुरा थाने के बगरेही गांव की संध्या पाण्डेय के साथ हुई थी। अरविन्द कुमार अहमदाबाद में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। संध्या की सास सुनीता ने बताया कि मंगलवार की रात खाना खाकर कमरे में सोने चली गई थी। सवेरे काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर ससुरालीजनों ने खिडकी से देखा तो संध्या का शव पंखे से लटक रहा था। ससुरालीजनों ने आसपास के लोगों को बुलाकर संध्या को बाहर निकालकर डॉक्टर के पास ले गये। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# टीएसआई ने बड़े पैमाने पर वाहनों के किये चालान

संवाददाता। चित्रकूट



**पुलिस** अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर जिले की यातायात व्यवस्था को चौकस रखने की गरज से यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम में सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में दो व चारपहिया एवं स्कूली वाहनों की जांचकर नियमों का पालन न करने वाले वाहनों का ई-पेंडिंग चालान किया। गुरुवार को यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम ने पुरानी कोतवाली चौराहा पर दो व चारपहिया एवं स्कूली वाहनों की जांच की। जांच में बिना हेलमेट/सीटबेल्ट, ओवरलोड सवारी, प्रेशर हार्न, ओवर स्पीड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट एवं स्कूली वाहन में फर्स्टएड बाक्स, जाली, आग बुझाने वाला सिलेंडर एवं फिटनेस की जांच की। यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय मोबाइल/हेडफोन का प्रयोग न करने, धीमी गति से वाहन चलाने, वाहन चलाते समय हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करने की राय दी। उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों में निर्धारित सीट के अनुसार बच्चे बैठायें। धीमी गति एवं सतर्कता से वाहन चलाने के निर्देश दिये। ई-रिक्शा चालकों को निर्देश दिये कि ओवरलोड सवारी न बैठायें। निर्धारित स्थानों पर ई-रिक्शा को पार्क करें। सवारी बैठाते व उतारते समय सड़क किनारे खडा करें। चेकिंग दौरान बिना हेलमेट/सीटबेल्ट, तीन सवारी, ओवरस्पीड, प्रेशर हार्न, बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट वाहनों का ई-पेंडिंग चालान किया।

### गाली गलौज कर पीटा

**जालौन (उरई)।** अलग अलग मामलों में रंजिश को लेकर तीन लोगों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती निवासी अमर सिंह व राजू एवं कुठौंदा बुजुर्ग निवासी जितेंद्र की रंजिश के चलत कहासुनी के बाद गाली, गलौज होने लगी। बात बढ़ते हुए हाथापाई तक पहुंच गई। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी न मानने पर पुलिस तीनों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की गई।

### रिक्रूट आरक्षियों का एसपी ने लिया साक्षात्कार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर पीएसी के 213 रिक्रूट आरक्षियों का पुलिस लाइन मे साक्षात्कार लिया। एसपी ने साक्षात्कार के दौरान बाह्य एवं अतः विषयों सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये। साक्षात्कार के दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर उपस्थित रहे।

### पुत्रवधू चौबीस घंटे से लापता

**जालौन (उरई)।** पुत्रवधू के बाजार से लापता होने की सूचना ससुर ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। ससुर ने पुत्रवधू की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी सगीर ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्रवधू रिहाना बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे घर से बाजार में कुछ खरीददारी करने की बात कहकर निकली थी।

# कुर्बानी करें लेकिन दूसरों की धार्मिक भावनायें आहत कतई न हों:एसडीएम

संवाददाता। जालौन (उरई)



चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते एसडीएम राजेश सिंह — पायनियर

**कुर्बानी** के बचे हुए अवशेष मिट्टी में दफन कर दें, उन्हें इधर उधर न फेंके ताकि धार्मिक भावनाएं आहत न हों। यह बात एसडीएम राजेश सिंह ने चौकी परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कही। बकरीद के पर्व को लेकर चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम राजेश सिंह की अध्यक्षता एवं सीओ उमेश पांडेय की उपस्थिति में किया गया। मीटिंग में मस्जिदों के आसपास साफ सफाई कराने, आवारा जानवरों को बंद करने एवं बिजली व पानी की सप्लाई किए जाने की मांग की गई। जिस पर एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया। एसडीएम ने कहा कि बकरीद के पर्व पर प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी किसी भी स्थिति में न की जाए। कुर्बानी किसी परिसर के अंदर ही करें, खुले स्थान पर कुर्बानी न की जाए। कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेषों को जमीन में दफना दें, उन्हें इधर, उधर खुले में न फेंके। ताकि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। सीओ उमेश पांडेय ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर कुर्बानी की फोटो अथवा वीडियो अपलोड न करें और न ही उन्हें वायरल करें। इस मौके पर कोतवाल शैलेंद्र सिंह, सतीश सेंगर, शहर काजी मौलाना साबिर, मौलाना सुल्तान, मौलाना उवैश, इकबाल मंसूरी, अफरोज मास्टर, जैद सिद्दीकी, छिद्दी राईन, जाकिर सिद्दीकी, नईम खान आदि मौजूद रहे।

### विद्युत चेकिंग दौरान महिला उपभोक्ता अने लगाया सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

**जालौन ( उरई )।** बिजली चैकिंग के दौरान महिला उपभोक्ता ने बिजली कर्मचारियों पर सुविधा शुल्क मांगे जाने का आरोप लगाया। महिला ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की गुहार एसपी से लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशजी निवासी किरन गुप्ता पत्नी रामकुमार गुप्ता ने एसपी रवि कुमार को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया कि उनके पास दो किलोवाट का बिजली का कनेक्शन है। जिसका बिल वह समय से जमा करती हैं।

महिला का आरोप है कि 4 जून को बिजली विभाग की टीम मोहल्ले में चैकिंग अभियान चला रही थी। चैकिंग के दौरान महिला मीटर जेई ने कहा कि बड़ा मकान होने के बाद भी उनका बिल ग्यारह सौ रुपये क्यों आता है। जिस पर उन्होंने बताया कि दो लोगों का परिवार है। बिजली उपकरण भी अधिक नहीं है। महिला ने आरोप लगाया कि मीटर जेई ने मीटर में चिप लगे होने का आरोप लगाते हुए उनसे 10 हजार रुपये की मांग की।